सुप्रभात
रांची, मंगलवार
10.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, नवमी/दसमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 149



12 दिलजीत के कॉन्सर्ट में शामिल होकर बेटी के साथ मुंबई लौटीं दीपिका

# स्पीकर के नाम पर सर्वसम्मति, घोषणा आज

## रबिंद्रनाथ महतो ने सात सेटों में किया नामांकन, मरांडी, सरयू भी बने प्रस्तावक

### विशेष सत्र: हेमंत समेत सभी के शपथ ग्रहण के बाद पहले दिन की कार्यवाही स्थगित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत 80 नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद झारखंड विधानसभा का सोमवार से शुरू चार दिवसीय विशेष सत्र की पहले दिन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। वहीं पूर्व स्पीकर रबिंद्रनाथ महतो का फिर से स्पीकर चुना जाना महज औपचारिक शेष है। सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से श्री महतो के नामांकन को लेकर सात सेट में पर्चा विधानसभा सचिव मणिक लाल हेम्ब्रम के पास जमा किया गया। सत्र के दूसरे मंगलवार को रबिंद्रनाथ महतो के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा की जायेगी। (शेष पेज 11 पर)



### सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे : सीएम

वहीं सदन के बाहर सीएम हेमंत ने मीडिया से कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे। सोमवार को रवींद्र नाथ महतो की ओर से सात सेटों में नामांकन पर्चा विस सचिव मणिक लाल हेम्ब्रम के पास जमा किया गया। दोनों पक्षों के नेता उनके प्रस्तावक बने। पहले प्रस्तावक के रूप में हेमंत सोरेन और समर्थक के रूप में मथुरा प्रसाद महतो ने हस्ताक्षर किये। दूसरे में राधा कृष्ण किशोर ने प्रस्तावक और रामेश्वर उरांव ने समर्थक, तीसरे में सुरेश पासवान ने प्रस्तावक और नरेश प्रसाद सिंह ने समर्थक के रूप में हस्ताक्षर किये। चौथे में अरूप चटर्जी प्रस्तावक और चंद्रदेव महतो समर्थक, छठे में बाबूलाल मरांडी प्रस्तावक और सीपी सिंह समर्थक, छठे में सरयू राय प्रस्तावक और जर्नादन पासवान समर्थक बने। सातवें में जयराम कुमार महतो प्रस्तावक और निर्मल महतो समर्थक बने। मंगलवार को रबिंद्रनाथ महतो के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा की जायेगी।

### सदन में दिखा अलग-अलग अंदाज



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सोमवार से शुरू झारखंड विधानसभा सत्र में शामिल होने पहुंचे नवनिर्वाचित विधायकों और मंत्रियों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। इस सदन में 21 विधायक ऐसे हैं जो पहली बार चुनाव जीतकर आये हैं। इन सभी का उत्साह देखते बन रहा था। कोई नंगे पांव विधानसभा में पहुंचा तो किसी ने प्रवेश करते ही सदन में दंडवत किया। जेएलकेएम के प्रमुख जयराम महतो भी पहली बार झारखंड विधानसभा के सत्र में भाग लेने नंगे पांव पहुंचे। वहीं पूर्णिमा दास ने दंडवत कर सदन में किया। पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास पहली बार विधानसभा पहुंचीं। वह जमशेदपुर पूर्वी से जीतकर आयी हैं। दोनों ने कहा कि वे जनता के मुद्दे और क्षेत्र की समस्या सदन में उठाने का काम करेंगे। पहले दिन सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों ने राज्य में तेजी से विकास होने की उम्मीद जताती। वहीं विपक्ष के विधायकों ने कहा कि वह सदन में जनता की आवाज बनेंगे।

**सदन में 21 नये तो कई चेहरे भी :** पहली बार चुनकार इस सदन में 21 नये चेहरे दिखे। इनमें रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। कई ऐसे भी हैं जो सालों से सदन आ रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये टिप्पणी पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद बने ओबीसी सर्टिफिकेट को निरस्त करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य सरकार ने ये आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं दिया है, बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर दिया है। सिब्बल ने कहा कि 2010 के बाद बने ओबीसी सर्टिफिकेट को निरस्त करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश से हजारों छात्रों के अधिकारों पर असर पड़ा है। इससे दाखिला और रोजगार चाहने वाले नौजवान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने हाई कोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने 7 जनवरी 2025 को विस्तृत सुनवाई करने का आदेश दिया।

## झारखंड कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला एक कंपनी और दो निदेशक दोषी करार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राऊज एवेन्यू कोर्ट दिल्ली के स्पेशल जज अरुण भारद्वाज ने 2005 में झारखंड में कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला मामले में अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्टर और इसके मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार जायसवाल और पूर्व डायरेक्टर रमेश कुमार जायसवाल को दोषी ठहराया है। सीबीआइ के मुताबिक अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर ने लोक सेवकों के साथ साजिश रचकर कोयला ब्लॉक का आवंटन हासिल किया। कंपनी पर अपने वित्तीय स्थिति को गलत ढंग से प्रस्तुत करने का आरोप है।

सीबीआइ के मुताबिक अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर ने भूमि अधिग्रहण, मशीनरी की खरीद और प्लांट चलाने के लिए वित्तीय सहयोग संबंधी फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया। कंपनी ने कोयला ब्लॉक का आवंटन हासिल करने के लिए हजारीबाग में भूमि खरीदने का फर्जी दस्तावेज पेश किया था। फर्जी दस्तावेज के जरिये कंपनी ने स्टील मंत्रालय से अपने पक्ष में सिफारिश हासिल की।

## जादू-टोना में चाची ने भतीजे को मार डाला

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुवा पंचायत के बहेरा गांव निवासी अखिलेश सिंह पुत्र प्रेम कुमार (8) की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। पिता ने बताया कि उनका बेटा कई दिनों से ही गायब था। चैनपुर पुलिस को उन्होंने गांव के ही एक महिला सुनीता देवी पति जमुना सिंह पर अपहरण की आशंका जतायी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी महिला से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मृतक बच्चा रिश्ते में आरोपी महिला का भतीजा था। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले मृतक की दादी ने उसके 5 महीने के बच्चे को भूत प्रेत लगाकर मार दिया था। इसी का बदला लेने के लिए उसने प्रेम कुमार को अगवा कर लिया। फिर गला दबाकर हत्या कर दी एवं शव को बगल के अरहर के खेत में फेंक दिया है।

## न्यूज डायरी

### आरबीआइ के नये गवर्नर होंगे संजय मल्होत्रा

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव, संजय मल्होत्रा को आरबीआइ का अगला गवर्नर नियुक्त किया है। वह शक्तिकांत दास की जगह लेंगे।

### पाकुड़ में ट्रेन से कट कर महिला और बच्चे की मौत

**पाकुड़।** मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गयी। मृत महिला की पहचान साहिबगंज, बरहरवा निवासी पुर्नी देवी के रूप में की गयी। वह बच्चे के पटरी पार कर कर रही थीं। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गयी।

### गोली लगने से हवलदार की मौत, टुंडी में थी पोस्टिंग


**धनबाद।** टुंडी थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप में तैनात झारखंड पुलिस के हवलदार को गोली लग गयी। मृतक की पहचान पलामू जिला निवासी नंदकिशोर सिंह के रूप में की गयी।

### कांग्रेस के विदेशी सांठगांठ पर सदन में भारी हंगामा

**नयी दिल्ली।** विवादास्पद अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस के वित्त पोषण से चलने वाले एक संगठन के साथ सोनिया गांधी की कथित सांठगांठ को लेकर सोमवार को राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। कार्यवाही दिनभर के लिये स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा की भी यही स्थिति रही।

### पुंछ में बारूदी सुरंग विस्फोट, जवान शहीद

**पुंछ।** सौजियां सेक्टर में सोमवार को बारूदी सुरंग के विस्फोट में सेना का एक जवान शहीद हो गया। सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी।



## हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी गयी है चुनौति

# प्राथमिक शिक्षकों के प्रधानाध्यापक पद में प्रोन्नति पर तत्काल लगी रोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक शिक्षकों के प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति पर तत्काल रोक लगा दी है। झारखंड उच्च न्यायालय के एलपीए 482/2023 के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में सुधीर कुमार दुबे और अन्य ने चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विक्रम नाथ और प्रसन्ना बी वारले की पीठ ने एसएलपी याचिका को स्वीकार करते हुए प्रतिवादियों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले का निस्तारण होने तक प्रधानाध्यापक पद की प्रोन्नति पर यथास्थिति बनाए रखते का आदेश पारित किया है। आदेश के अनुसार तत्काल प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति पर फिलहाल रोक रहेगी।

याचिकाकर्ता सुधीर कुमार दुबे एवं अन्य की ओर उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता परमजीत सिंह पटवालिया और अधिवक्ता आरके सिंह ने पक्ष प्रस्तुत किया। न्यायाधीशों की पीठ ने तत्काल याचिका को स्वीकृत करते हुए यह आदेश पारित किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी और महासचिव राममूर्ति ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई को न्यायोचित बताया है।

### छविरंजन की जमानत पर आदेश सुरक्षित

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भूखंडों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद छवि रंजन की जमानत पर सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश 12 दिसंबर को सुनायेगी। छवि रंजन ने जमानत की गुहार लगाकर याचिका दाखिल की है। बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह लगातार जेल में हैं। इस मामले में उनकी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज है।

## राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया- मामला सुप्रीम कोर्ट में है लंबित

# बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में हाई कोर्ट में सुनवाई अब 4 फरवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ से संबंधित जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट की खंडपीठ को बताया गया कि हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अभी लंबित है, सुप्रीम कोर्ट में अभी इसपर सुनवाई अभी चल रही है। इस पर खंडपीठ ने सुनवाई की अगली तिथि 4 फरवरी 2025 निर्धारित की। पूर्व की सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया था संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ हुई है या नहीं इसे लेकर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने के हाई कोर्ट के 20 सितंबर के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार ने एसएलपी दाखिल की गई है।

हाई कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेश की घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश के संबंध में कोई डाटा अपने शपथ पत्र में नहीं दिया है। यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट में इसी तरह का एक मामला पेंडिंग है। सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केंद्र ने संथाल परगना में घुसपैठ को लेकर अंतिम जनगणना के आधार पर आदिवासियों की संख्या में कमी आने का डाटा दिया है। बता दें कि फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का उद्देश्य झारखंड के सीमावर्ती जिलों यथा देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और जामताड़ा में अवैध घुसपैठियों की पहचान करना तथा ऐसे अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की व्यवस्था करना होगा। हाई कोर्ट की खंडपीठ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के संथाल परगना में अवैध प्रवेश को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसी मामले के साथ झारखंड में आदिवासियों का धर्मांतरण रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका पर भी सुनवाई हाइकोर्ट में हो रही है।

## बुढ़ामरा-चाकुलिया रेल परियोजना को मंजूरी

### मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट पूरा हुआ : दिनेश षाडंगी



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने ओड़िशा दौरे के आखिरी दिन ओड़िशा को तीन नई रेल लाइनों की सौगात दी। इसमें बुढ़ामरा-चाकुलिया 60 किमी रेल परियोजना भी है जो बाड़ागोड़ा को जोड़ेगा। इस पर भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक दिनेश कुमार षाडंगी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट था, जो अब पूरा हुआ। मैं इसकी मांग 1977 से लगातार कर रहा था। उन्होंने ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्र मंत्री जुएल उरांव को धन्यवाद दिया है।

# बिचौलियों की भूमिका को खत्म करेंगे : शिल्पी नेहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को नेपाल हाउस स्थित विभागीय कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। कृषि मंत्री ने कहा कि पहले तीन चीजों पर फोकस किया जाएगा। सप्लाई चेन सिस्टम को दुरुस्त करने के साथ कोल्ड स्टोरेज की उपयोगिता पर काम होगा। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी को दुरूस्त किया जाएगा। सहकारी समितियों का संचालन ठीक किया जाएगा। बिचौलियों की भूमिका खत्म की जाएगी। कृषि विभाग रेवेन्यू जेनरेट करने की कोशिश करेगा। इस क्षेत्र में युवाओं को भी जोड़ा जाएगा। कृषि मंत्री का कृषि सचिव अबुबकर सिद्दीकी ने स्वागत किया।

## डॉ इरफान अंसारी ने विभागीय प्रभार संभाला, दूरदर्शी योजनाओं को किया रेखांकित

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाऊंगा बड़ा बदलाव : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले और आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार ग्रहण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, जिसे मैं बेहतर से बेहतर कर दिखाऊंगा। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की दूरदर्शी योजनायें रेखांकित की। उनकी ये दूरदर्शी योजनाएं स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने, सेवाओं का विस्तार करने पर केंद्रित है।

**स्वास्थ्य ढांचे का आधुनिकीकरण:** सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि जमीनी स्तर पर भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

**स्वास्थ्यकर्मी की कमी दूर करना:** डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स की भर्ती के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू होगा। अस्थायी आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवाओं में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी।

**डायग्नोस्टिक सेवाएं :** ग्रामीण मरीजों की परेशानी को कम करने के लिए ब्लॉक स्तर पर डायग्नोस्टिक सुविधाओं के लिए अलग बजट आवंटित किया जाएगा।

**निजी अस्पतालों की शोषणकारी प्रथा पर लगाम:** निजी अस्पतालों द्वारा बिल न चुकाने पर मृतक मरीजों के शवों को रोकने की अमानवीय कृत्य पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जिला मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल:** हर जिले में अत्याधुनिक सुपर मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किए जाएंगे, ताकि उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम हो।

जामताड़ा में विशेष विकास योजनाएं: अपने विस क्षेत्र जामताड़ा में आधुनिक अस्पताल, ब्लड बैंक और विशेष चिकित्सा केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

# राजस्व संग्रहण में वृद्धि पर अधिकारी जोर दें : बिरुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। दीपक बिरुआ ने सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता नहीं बरती जाए। श्री बिरुआ ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें। तत्पश्चात जिला स्तर में कार्यों की समीक्षा की जाएगी।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

69वीं औपबंधिक सूची
जिला-राँची (पार्ट-4)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938,दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामेष्वर महतो एवं बानेष्वर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान एवं बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 193. | 1. आवेदन क्र0-24/2094 2. आवेदक-मोती लाल महतो, पिता-गुरु महतो<br>3. ग्राम-लोदमू, पोस्ट-रामपुर, थाना-सिल्ली, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें गाल पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0-24/2095 2. आवेदक-केनाराम महतो, पिता-हरिचरण महतो<br>3. ग्राम-लोदमू, पोस्ट-रामपुर, थाना-सिल्ली, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां कान पर मासा का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0-24/2096 2. आवेदक-कान्तुराम महतो, पिता-हरिराम महतो<br>3. ग्राम-लोदमू, पोस्ट-रामपुर, थाना-सिल्ली, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62 वर्ष , पहचान चिन्ह-कान पर मासा का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0-24/2097 2. आवेदक-दुर्योधन महतो, पिता-हरिराम महतो<br>3. ग्राम-लोदमू, पोस्ट-रामपुर, थाना-सिल्ली, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष , पहचान चिन्ह-गाल पर मासा का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0-24/2098 2. आवेदक-संतोष कुमार महतो, पिता-निवारण महतो<br>3. ग्राम-हाकेदाग, पोस्ट-हाकेदाग, थाना-सिल्ली, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0-24/2099 2. आवेदक-अजय कुमार महतो, पिता-राजेन्द्र प्रसाद महतो<br>3. ग्राम-पोंचु , पोस्ट-पोगड़ा, थाना-राहे, प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-40 वर्ष , पहचान चिन्ह-हाथ पर काला दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0-24/2100 2. आवेदक-छोटे लाल महतो , पिता -स्व0 तिर्थनाथ महतो<br>3. ग्राम-गोमदा , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-47 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटा का निषान। | कंडिका-2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0-24/2101 2. आवेदक-रंजित पाण्डेय , पिता -स्व0 बाबुलाल पाण्डेय<br>3. ग्राम- राहे , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-54 वर्ष , पहचान चिन्ह-गाल में मासा का निषान। | कंडिका-2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0-24/2102 2. आवेदक-सुकरा तेली , पिता -स्व0 कान्दु तेली<br>3. ग्राम- राहे , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0-24/2103 2. आवेदक-सुरेन्द्र नाथ महतो , पिता -स्व0 बोलो महतो<br>3. ग्राम-डोकाद , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-58 वर्ष , पहचान चिन्ह-कपाल पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0-24/2104 2. आवेदक-भिखान साहु , पिता -भूषण साहु<br>3. ग्राम-गोमदा , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-61 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0-24/2105 2. आवेदक-झूलन चटर्जी , पति-काति कुमार देव शर्मा<br>3. ग्राम-राहे , पोस्ट- राहे , थाना- राहे , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग- महिला , आयु-65 वर्ष , पहचान -गला में तिल का निषान। | कंडिका-2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0-24/2106 2. आवेदक-लाल देव तेली , पिता -स्व0 फेंकन तेली<br>3. ग्राम- राहे , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-61 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0-24/2107 2. आवेदक-अशोक कुमार चटर्जी , पिता -स्व0 पंचानन चटर्जी<br>3. ग्राम- राहे , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-59 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने नाक में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0-24/2108 2. आवेदक-तापस कुमार बनर्जी , पिता -स्व0 सरसी कुमार बनर्जी<br>3. ग्राम- राहे , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-66 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने पैर में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0-24/2109 2. आवेदक-जोलो देवी , पति-लालदेव तेली<br>3. ग्राम-राहे , पोस्ट- राहे , थाना- राहे , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग- महिला , आयु-56 वर्ष , पहचान -बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0-24/2110 2. आवेदक-सुभाष चन्द्र महतो , पिता -करम सिंह महतो<br>3. ग्राम- डोकाद( खोपरीकोचा ), पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-66 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें गाल में दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0-24/2111 2. आवेदक-चहबर महतो , पिता -कमल महतो<br>3. ग्राम- गोमद, पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-49 वर्ष , पहचान चिन्ह-ओठ में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0-24/2112 2. आवेदक-धरम अहीर , पिता -हरी अहीर<br>3. ग्राम- राहे , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-41 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0-24/2113 2. आवेदक-राजकिशोर सिंह मुण्डा , पिता -स्व0 देवीदयाल सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम-डोमनडीह , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-48 वर्ष , पहचान चिन्ह-ओठ में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0-24/2114 2. आवेदक-आशा राम मुण्डा , पिता -स्व0 घासीराम मुण्डा<br>3. ग्राम- आम्बाझरिया , पोस्ट-अनगड़ा , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-63 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0-24/2115 2. आवेदक-लाल सिंह मुण्डा , पिता -स्व0 शिवचरण मुण्डा<br>3. ग्राम- आम्बाझरिया , पोस्ट- आम्बाझरिया , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-43 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0-24/2116 2. आवेदक-दुःखहरण मुण्डा , पिता -स्व0 जगदीश मुण्डा<br>3. ग्राम-जराडीह , पोस्ट- आम्बाझरिया , थाना-अनगड़ा , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-56 वर्ष , पहचान चिन्ह-छाती पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0-24/2117 2. आवेदक-सिमल्या देवी , पति- दुःखहरण मुण्डा<br>3. ग्राम- जराडीह , पोस्ट- आम्बाझरिया , थाना- अनगड़ा , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग- महिला , आयु-41 वर्ष , पहचान -बायां हाथ में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0-24/2118 2. आवेदक-मो0 सोमवारी देवी , पति- स्व0 अमर सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम- जराडीह , पोस्ट- आम्बाझरिया , थाना- अनगड़ा , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग- महिला , आयु-40 वर्ष , पहचान -अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0-24/2119 2. आवेदक-कुनु देवी , पति- अजम्बर सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम- जराडीह , पोस्ट- आम्बाझरिया , थाना- अनगड़ा , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग- महिला , आयु-44 वर्ष , पहचान -गर्दन में माषा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0-24/2120 2. आवेदक-राधी देवी , पति- नन्द किशोर पहान<br>3. ग्राम- जराडीह , पोस्ट- आम्बाझरिया , थाना- अनगड़ा , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग- महिला , आयु-68 वर्ष , पहचान -बाया पैर में काला दाग का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0-24/2121 2. आवेदक-रतन लाल मुण्डा , पिता -स्व0 दुबराज मुण्डा<br>3. ग्राम- आम्बाझरिया , पोस्ट- आम्बाझरिया , थाना-अनगड़ा , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-45 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0-24/2122 2. आवेदक-नर्मी देवी , पति- अकलु लोहरा<br>3. ग्राम- कांचिडीह , पोस्ट-जामुदाग , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड- सोनाहातु<br>4. लिंग- महिला , आयु-49 वर्ष , पहचान -बाया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0-24/2123 2. आवेदक-जीतवाहन महतो , पिता -स्व0 दीनानाथ महतो<br>3. ग्राम-बैनपुर , पोस्ट-राहे , थाना- सोनाहातु , प्रखण्ड- सोनाहातु<br>4. लिंग- पुरूष , आय-63 वर्ष , पहचान चिन्ह-सर पर कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0-24/2124 2. आवेदक-श्रीधर महतो , पिता -स्व0 किस्टो महतो<br>3. ग्राम-तोडांग , पोस्ट-नवाडीह , थाना- सोनाहातु , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग- पुरूष , आय-49वर्ष , पहचान चिन्ह-गला में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 224. | 1. आवेदन क्र0-24/2125 2. आवेदक-काली पदो कुम्हार , पिता -उधव कुम्हार<br>3. ग्राम- सोनाहातु , पोस्ट- सोनाहातु , थाना- सोनाहातु , प्रखण्ड- सोनाहातु<br>4. लिंग- पुरूष , आय-50 वर्ष , पहचान चिन्ह-छाती में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0-24/2126 2. आवेदक-सुषेन महतो , पिता -अर्जुन महतो<br>3. ग्राम-नीमडीह , पोस्ट- सोनाहातु , थाना- सोनाहातु , प्रखण्ड- सोनाहातु<br>4. लिंग- पुरूष , आय-54 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 226. | 1. आवेदन क्र0-24/2127 2. आवेदक-माधव महतो , पिता -स्व0 अधनु महतो<br>3. ग्राम-बुढ़ाआम , पोस्ट- लोटा , थाना- सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग- पुरूष , आय-51 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0-24/2128 2. आवेदक-महजा लोहरा , पिता -स्व0 पुसवा लोहरा<br>3. ग्राम-कारेयाडीह , पोस्ट- पतराहातु , थाना- सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग- पुरूष , आय-57 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0-24/2129 2. आवेदक-यशोदा देवी , पति- श्री तरणी प्रमाणिक<br>3. ग्राम-पतराहातु , पोस्ट- पतराहातु , थाना- सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग- महिला , आयु-54 वर्ष , पहचान -कान के निचे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0-24/3574 2. आवेदक-मो0 हलीम अंसारी , पिता -स्व0 अहमद अंसारी<br>3. ग्राम-फुलसराय , पोस्ट- हेसला , थाना-माण्डू , प्रखण्ड-रामगढ<br>4. लिंग- पुरूष , आय-61 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायां अंगुठा में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0-24/3575 2. आवेदक-महेष महतो , पिता -स्व0 लेदो महतो<br>3. ग्राम-बोंगावार , पोस्ट-भोचनगर , थाना-माण्डू , प्रखण्ड-रामगढ<br>4. लिंग- पुरूष , आय-56 वर्ष ,पहचान चिन्ह-ललाट पर बाये तरफ दाग का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0-24/3576 2. आवेदक-मनोज कुमार महतो , पिता -स्व0 गुनी महतो<br>3. ग्राम-बोंगावार , पोस्ट-भोचनगर , थाना-माण्डू , प्रखण्ड-रामगढ<br>4. लिंग- पुरूष , आय-49 वर्ष ,पहचान चिन्ह-दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 232. | 1. आवेदन क्र0-24/3577 2. आवेदक-छटू महतो , पिता -स्व0 राधो महतो<br>3. ग्राम-बोंगावार , पोस्ट-भोचनगर , थाना-माण्डू , प्रखण्ड-रामगढ<br>4. लिंग- पुरूष , आय-59 वर्ष ,पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0-24/2130 2. आवेदक-बिला देवी , पति-रोहित महतो<br>3. ग्राम-नवाडीह , पोस्ट- लोटा, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष , पहचान चिन्ह-बाया गाल पर मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0-24/2131 2. आवेदक-तरणी प्रसाद महतो , पिता-राम राय महतो<br>3. ग्राम- डोकाद , पोस्ट- राहे, थाना-राहे , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-60 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया हाथ पर तील का दाग का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 235. | 1. आवेदन क्र0-24/3588 2. आवेदक-अयज खलखो , पिता-पियूश खलखो<br>3. ग्राम- पनशाला , पोस्ट- लारी, थाना-राजरप्पा , प्रखण्ड- रामगढ<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-53 वर्ष ,पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0-24/2132 2. आवेदक-श्री राम महतो , पिता-गोपाल महतो<br>3. ग्राम- लोदमू , पोस्ट- रामपुर, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-50 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया हाथ पर मासा का दाग का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0-24/2133 2. आवेदक-मनोज कुमार महतो , पिता-मारीनाथ महतो<br>3. ग्राम- हाकेदाग , पोस्ट- रामपुर, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया गाल पर तीन का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0-24/2134 2. आवेदक-राम चन्द्र महतो , पिता-घासीराम महतो<br>3. ग्राम-करियाडीह , पोस्ट-करियाडीह थाना-पतराहातु , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया गाल पर दाग का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 239. | 1. आवेदन क्र0-24/2135 2. आवेदक-संजय महतो, पिता-गुणधर महतो<br>3. ग्राम- लोसेरा , पोस्ट- रामपुर, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-40 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया हाथ पर तील का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 240. | 1. आवेदन क्र0-24/2136 2. आवेदक-संतोष मण्डल , पिता-राम चरण मण्डल<br>3. ग्राम- जालूमबेड़ा , पोस्ट- हल्मद, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष ,पहचान चिन्ह- हाथ पर काला का दाग का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 241. | 1. आवेदन क्र0-24/2137 2. आवेदक-राजा राम महतो , पिता-सीदाम महतो<br>3. ग्राम- लादमू , पोस्ट- रामपुर, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-63 वर्ष ,पहचान चिन्ह-गाल पर मासा का दाग का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 242. | 1. आवेदन क्र0-24/2138 2. आवेदक-लखिन्द्र प्रजापति , पिता-बिन्दे कुम्हार<br>3. ग्राम- राहे , पोस्ट- राहे, थाना-सोनाहातु, प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-47 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया गाल पर मासा का दाग का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 243. | 1. आवेदन क्र0-24/2139 2. आवेदक-अजय कुमार महतो , पिता-जगदीश महतो<br>3. ग्राम- पुराना नगर , पोस्ट- राहे, थाना-राहे , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया गाल पर मासा का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 244. | 1. आवेदन क्र0-24/2140 2. आवेदक-नवल किशोर महतो , पिता-स्व0 सुष्टिध महतो<br>3. ग्राम- धाना मूंजी , पोस्ट-बनसिया, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-50 ,पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 245. | 1. आवेदन क्र0-24/2141 2. आवेदक-निरंजन महतो , पिता-स्व0 युगल महतो<br>3. ग्राम- टुंगरूडीह, पोस्ट- बी0 नवाडीह, थाना-राहे , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया कान पर मासा का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 246. | 1. आवेदन क्र0-24/2142 2. आवेदक-गोरीनाथ महतो , पिता-घुदु महतो<br>3. ग्राम- लोदमू पोस्ट- रामपुर, थाना-सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-42 वर्ष ,पहचान चिन्ह-बाया गाल पर तील का दाग का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 247. | 1. आवेदन क्र0-24/2143 2. आवेदक-प्रेम चन्द महतो , पिता-रुपु महतो<br>3. ग्राम-सताकी , पोस्ट-सताकी, थाना-अनगड़ा , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-64 वर्ष ,पहचान चिन्ह- अंकित नही । | कंडिका-2(ix) |
| 248. | 1. आवेदन क्र0-24/2144 2. आवेदक-चन्द्र मोहन महतो , पिता-स्व0 बोधन महतो<br>3. ग्राम- कोम्बो जारडीह , पोस्ट-अम्बाझरिया, थाना-अनगड़ा , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-62 वर्ष ,पहचान चिन्ह-अंकित नही है । | कंडिका-2(ix) |
| 249. | 1. आवेदन क्र0-24/2145 2. आवेदक-प्रमिला देवी , पति-भुवनेष्वर महतो<br>3. ग्राम- कोम्बो जारडीह , पोस्ट- अम्बाझरिया, थाना-अनगड़ा , प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-महिला , आयु-61 वर्ष ,पहचान चिन्ह-अंकित नही है । | कंडिका-2(ix) |
| 250. | 1. आवेदन क्र0-24/2146 2. आवेदक-लखीमनी देवी , पति-अजय कुमार महतो<br>3. ग्राम- पुरानगर , पोस्ट-राहे, थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग- महिला, आयु-40 वर्ष ,पहचान चिन्ह-अंकित नही है । | कंडिका-2(ix) |
| 251. | 1. आवेदन क्र0-24/2147 2. आवेदक-विभूति भुषण , पिता-महेन्द्र नाथ महतो<br>3. ग्राम- बिरगालाडीह , पोस्ट-दानाडीह, थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड- सोनाहातु<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष ,पहचान चिन्ह-दाये गाल पर तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 252. | 1. आवेदन क्र0-24/2148 2. आवेदक-प्रदीप महतो, पिता-रोमन महतो<br>3. ग्राम-गोवाली , पोस्ट-लोवाहातु, थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-40 वर्ष ,पहचान चिन्ह-अंकित नही है । | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी लक्ष्मीनारायण महतो एवं रतनलाल महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान एवं बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 253. | 1. आवेदन क्र0-24/1981 2. आवेदक-तेजोष्वरी देवी , पति-हेमन्त कुमार मेहता<br>3. ग्राम-कोटॉगदाग पोस्ट-लोवाहातु, थाना-सोनाहातु, प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-महिला, आयु-56 वर्ष , पहचान चिन्ह-गला में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 254. | 1. आवेदन क्र0-24/1982 2. आवेदक-महादेव महतो, पिता-वीर महतो<br>3. ग्राम-कोटॉगदाग पोस्ट-लोवाहातु, थाना-सोनाहातु, प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष , पहचान चिन्ह-आंख के नीचे काला दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 255. | 1. आवेदन क्र0-24/1983 2. आवेदक-दिलीप कुमार महतो, पिता-हाड़िया महतो<br>3. ग्राम-कोटॉगदाग पोस्ट-लोवाहातु, थाना-सोनाहातु, प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष , पहचान चिन्ह-दायें गाल पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 256. | 1. आवेदन क्र0-24/1984 2. आवेदक-हेमन्त कुमार मेहता, पिता-घनश्याम महतो<br>3. ग्राम-कोटॉगदाग पोस्ट-लोवाहातु, थाना-सोनाहातु, प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष , पहचान चिन्ह-कपाल में कटे का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 257. | 1. आवेदन क्र0-24/1985 2. आवेदक-राजकुमार घासी, पिता-कुशल घासी<br>3. ग्राम-गोमदा पोस्ट-गोमदा, थाना-सोनाहातु, प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें पैर में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |

नोट :-1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR 341557 Home(24-25).D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष


## खबर एक नजर में

### राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई 23 को

**रांची।** राजधानी रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसम्बर निर्धारित की है। यह सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच में हुई। यह मामला भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह (वर्तमान गृह मंत्री) के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है।

### बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले तीन दोषियों को हाईकोर्ट ने दी सशर्त बेल

**रांची।** बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधियों गणेश मंडल, संतोष मंड और अंकुश कुमार मंडल को हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है। कोर्ट ने यह शर्त रखी है कि तीनों के बेलर उनके गांव के ही होने चाहिए और उनकी अचल संपति के दस्तावेज बेल बॉण्ड के रूप में दिए जाएंगे। वहीं दोषियों को बेल के दौरान हर महीने थाना में हाजिरी भी लगानी होगी। तीनों को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने 27 जुलाई को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 2.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### निशिकांत दुबे की राहत बरकरार

**रांची।** बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के मामले में निशिकांत दुबे की याचिका पर नौ जनवरी को अंतिम सुनवाई होगी। इस अवधि तक निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश बरकरार रहेगा। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे पर एफआईआर दर्ज कर कहा गया है कि बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट देवघर जिसमें सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ट्रस्टी भी हैं, उनके द्वारा जालसाजी कर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदी गई है। इसके खिलाफ देवघर के जसीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# राज्य के पारा शिक्षकों को चार फीसदी बढ़ा मानदेय मिलेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के 59 हजार पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) के लिए खुशखबरी है। नये साल (जनवरी) से पारा शिक्षकों को चार फीसदी बढ़ा हुआ मानदेय मिलेगा। स्कूली शिक्षा विभाग ने अगले तीन साल यानी 2027 तक के लिए बढ़ोत्तरी की राशि तय कर दी है।

**जानें कितना मिलेगा मानदेय**

- जनवरी 2025 से छठी से आठवीं कक्षा तक पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 25,200 रुपये मिलेंगे।
- जनवरी 2025 से कक्षा एक से पांचवीं तक पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 23,530 रुपये मिलेंगे।
- सिर्फ प्रशिक्षित शिक्षकों, जो कक्षा छठी से आठवीं तक पढ़ाते हैं, को 20,384 रुपये मिलेंगे।
- आकलन परीक्षा पास पारा शिक्षकों को 21,788 रुपये दिये जायेंगे।
- सिर्फ प्रशिक्षित पारा शिक्षकों, जो कक्षा एक से पांच तक पढ़ाते हैं, को 18,816 रुपये दिये जायेंगे।
- इस कटैगरी में जो आकलन परीक्षा पास हैं, उन्हें 20,112 रुपये मिलेंगे।

**नोट :** पारा शिक्षकों के मासिक मानदेय की गणना आकलन परीक्षा के परिणाम की तिथि 29 सितंबर 2023 के आधार पर की गयी है।

**वर्तमान में मिल रहा मानदेय**

- वर्तमान में जनवरी 2024 से कक्षा छठी से आठवीं तक पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 24,300 और कक्षा पहली से पांचवीं तक पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 22,680 दिये जा रहे हैं।
- वर्तमान में प्रशिक्षित पारा शिक्षकों (वर्ग छह से आठ) को 19,656, जबकि आकलन पास के बाद 21,008 रुपये दिये जा रहे हैं।
- वर्तमान में सिर्फ प्रशिक्षित (वर्ग एक से पांच ) पारा शिक्षकों को 18,144 रुपये और आकलन परीक्षा पास करने वाले को 19,392 दिये जा रहे हैं।

सुप्रभात
मंगलवार 10.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 229
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# धनबाद कोयलांचल में कोयला तस्करों के पौ बारह


- मुरलीडीह-भाटडीह व नागदा हिरक पथ से राजगंज में जीटी रोड पकड़ती हैं ट्रके

**बृजनंदन ठाकुर**

**कतरास।** लोकसभा के बाद विधान सभा चुनाव की आपाधापी खत्म होते ही संपूर्ण धनबाद कोयलांचल में कोयला तस्करों के पौ बारह हैं। बाघमारा-कतरास कोयलांचल में कोयले का अवैध उत्खनन चरम पर है। इसकी रोकथाम वाला सरकारी तंत्र चांदी के जूते के आगे नतमस्तक है। अवैध कोयले के सैकड़ों मुहाने खुल गए हैं और ट्रकों से ढुलाई जारी है। सैकड़ों की संख्या में साइकिल-मोटरसाकिल पर अवैध कोयले की की धुलाई सरेआम देखी जाती है।

कतरास कोयलांचल में अवैध खनन के लिए चर्चित है भाटडीह। कोल तस्करों की सिंडिकेट ने यहां बीसीसीसीएल की तर्ज पर अपनी-अपनी व्यवस्था कर रखी है। स्थानीय लोगों की माने तो नागदा, भाटडीह से लेकर मुरलीडीह तक चार सिंडिकेट का खनन स्पॉट है। इनके गुर्गे मजदूर से लेकर खनन और ट्रक व पिकअप में लोडिंग की व्यवस्था संभाल रखे हैं। स्थानीय व क्षेत्रीय स्तर पर लाइजनिंग का जिम्मा मसलमैन व अन्य लोगों की भूमिका बताई जा रही है। तेलमच्चो पुल के समीप से बारीकी की ओर जाने वाली हिरक सड़क में भ्रमण के दौरान अवैध खनन और कोयले के काले कारोबार का नजारा देखा जा सकता है। नागदा, भाटडीह, मुरलीडीह तक हिरक सड़क से कुछ कुछ दूरी पर जंगल व अन्य जगहों पर हो रहे अवैध खनन स्थल तक लोगों या वाहनों को ले जाने के लिए रास्ता बनाया गया है।

### खुल गए सैकड़ों मुहाने, जम कर हो रहा उत्खनन



### दो शिफ्ट में होता है खनन तीसरे में ढुलाई

गिरीडीह जिला के अलावा आसनसोल इलाके से मजदूर पिकप वाहन पर आते जाते हैं। महुदा पावर हाउस के समीप बीसीसीएल के मजदूर धौड़ा से कुछ दूरी एक मजदूर ने बताया कि भाड़ा बाबू देता है। लोडिंग करने के लिए मजदूर अलग है।

### हिरक पथ रात में रहता है गुलजार

स्थानीय लोगों ने बताया कि खनन कार्य दिन में चलता है। रात में ट्रकों में लोडिंग कर कोयला हिरक सड़क से तेलमच्चो के पास फोरलेन पर जाता है। जहां से सोनारडीह, भटमुड़ना (कतरास) के रास्ते जीटी रोड से भारी वाहन फुर्र हो जाता है। कई माह पूर्व हिरकसड़क पर पुलिस की स्पेशल टीम ने कोयले से लदी कई ट्रक को पकड़ा था। भाटडीह ओपी में मामला दर्ज हुआ था। पिछले साल पार्जोरिया के ग्रामीणों द्वारा विरोध किये जाने पर बमों के धमाके हुए थे।

इस मुख्य सड़क में कारोबारी के लोग मोटर साइकल या कार पर सवार हो विचरण करते हैं। कहीं वन भूमि पर तो कहीं सरकारी भूमि पर खनन हो रहा है। भाटडीह के एक ग्रामीण ने कहा कि विरोध करने पर धन्धेबाज झूठे केश में फसा देने की धमकी देते हैं। मामला प्रकाश में लाने के बाद पिछले सप्ताह स्थानीय पुलिस ने यहां कोयले से भरी कुछ बोरियां जप्त किया था। वन विभाग की टीम ने भी जांच पड़ताल की। लेकिन कोल तस्करों का बाल बांका नही हुआ। सिंडिकेटों में एक का मुखिया सोनारडीह नीमतल्ला का, दूसरे का मुखिया महुदा थाना क्षेत्र का जबकि तीसरा कतरास चौथा चंद्रपुरा बताया जा रहा है। इनको राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है।

# मानवता की सेवा सच्ची इबादत है : केदार हाजरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** मानवता की सेवा सच्ची इबादत है, सार्वजनिक जीवन में सबकी भावनाओं का आदर करना चाहिए। उक्त बाते जमुआ के पूर्व विधायक केदार हजरा ने जमुआ के कसियोटोल में कम्बल वितरण शिविर में कही। उन्होंने कहा 15 वर्षों तक उन्होंने विधायक के रूप में क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडे। सभी का सम्मान किया। क्षेत्र में अमन चैन व सद्भाव कायम रखा। मौके पर पिंडरसोत के पूर्व मुखिया सकीना खातून पति मुस्लिम अंसारी ने अपने पुत्र आजम की आठवीं वर्षगांठ पर बढ़ते ठंढ को देखते हुए निजी खर्च से अपने आवास पर चार सौ से अधिक गरीब असहाय दिव्यागों के बीच कम्बल का वितरण किया। कार्यक्रम में 400कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मुस्लिम अंसारी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव महतो के अलावा अशोक पासवान,पूर्व मुखिया सकीना खातून कुलदीप विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, एस आई अभिषेक कुमार, पंसस सद्दाम अंसारी, अनवर आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हैंड रेसलिंग में अमन कुमार का प्रथम स्थान



कुमारधुबी। धनबाद जिला अंतर्गत तालडंगा हाउसिंग कॉलोनी निवासी अमन कुमार द्वारा हैंड रेसलिंग प्रतियोगिता में, पश्चिमी वर्धमान स्थित अंडाल में आयोजित जिला स्तरीय हैंड रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर तथा चैंपियन ऑफ चैंपियन बनकर धनबाद जिला ही नहीं पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है।

### सोनिया गांधी का जन्मदिन मना



**गोविंदपुर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन गोविंदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह की अगुवाई में सोमवार को निर्मला अस्पताल के कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया। इस मौके पर केक काटा गया और कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया गया। उनके बीच फल और मिठाइयां भी वितरित की गई। प्रखंड अध्यक्ष मनोज हाड़ी ने कहा कि सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने जी तोड़ मेहनत की है। इसी कारण यहां गठबंधन प्रत्याशी की जीत हुई। इस अवसर पर जिला महासचिव मोइन अंसारी, सिंदरी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष टिंकू अंसारी, गुलाम मुंतका, मोलिन बाउरी, शयाम हाड़ी, देवनारायण पंडित, सुलतान शाह, आफताब आलम, जाहिद अंसारी, हराधन पांडेय आदि शामिल थे।

### योग ध्यान शिविर संपन्न

**गोविंदपुर।** महर्षि मेंही आश्रम लाल बंगला गोविंदपुर में धनबाद जिला संतमत सत्संग समिति का 9 दिवसीय योग, ध्यान एवं साधना शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। धनबाद जिला संतमत सत्संग समिति का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन मंगलवार और बुधवार को इसी आश्रम में होगा। योग एवं ध्यान शिविर में स्वामी राधे, स्वामी गंभीर आनंद, स्वामी रामप्रवेश, स्वामी बिंदु, रतन बाबा आदि ने योग एवं साधना की सीख श्रद्धालुओं को दी। संतमत सत्संग के जिला अध्यक्ष परमानंद प्रसाद एवं व्यवस्थापक स्वामी रतन बाबा ने कहा कि दो दिवसीय अधिवेशन में जिले के विभिन्न भागों के श्रद्धालु भाग लेंगे इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य स्वामी चतुरानंद महाराज विशेष रूप से भाग लेंगे।

# प्रधानमंत्री के विकसित भारत लक्ष्य में आईएसएम का बड़ा योगदान: राज्यपाल

- महिलाएं भी माइनिंग के क्षेत्र में आगे आयें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले का सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आइआइटी आइएसएम का सोमवार को 99 साल हो गया है। संस्थान ने अपना 99वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष गंगवार शिरकत किए। आईआईटी आइएसएम पहुँचने पर जिला प्रशासन ने राज्यपाल को गॉड ऑफ ऑनर दिया। आईआईटी आईएसएम के डायरेक्टर प्रो सुकुमार मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर प्रो धीरज कुमार, डीसी माधवी मिश्रा, एसपी ग्रामीण कपिल चौधरी ने राज्यपाल का स्वागत किया।

### 99 साल का हुआ आईआईटी (आईएसएम)




समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अलावे विशिष्ट अतिथि में कोल इण्डिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं दुगार्पुर बर्नपुर सेल निदेशल विजिंदर प्रताप सिंह उपस्थित हुए। समारोह में संस्थान के समस्त फेकेल्टी, स्टूडेंट्स एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वही राज्यपाल ने पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। संस्थान ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

आईआईटी आइएसएम की स्थापना 9 दिसंबर 1926 को हुई थी संस्थान स्थापना के 100 वें साल में प्रवेश कर रहा है। राज्यपाल श्री गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी के पहले से ऐसे संस्थान देश के विकास के लिये कार्य कर रहा है। माइनिंग के क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आये। आइआइटी आइएसएम के 99वां स्थापना दिवस में आकर अच्छा लगा है। संस्थान को इसके लिये बहुत बहुत बधाई है। उनके पुत्र रुड़की आईआईटी में पढ़ रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में आईआईटी आइएसएम का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। माइनिंग में संस्थान अपना योगदान दे रही है। सभी अच्छे से अपनी पढ़ाई करे।

## एक नजर में

### सहारा के पीड़ित निवेशकों का मुद्दा संसद में उठे



**मैथन।** विश्व भारती जनसेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा के निरसा स्थित आवासीय कार्यालय में निरसा विधायक अरूप चटर्जी का स्वागत किया गया। इसके बाद विधायक अरुप चटर्जी के साथ संस्थान के पदाधिकारियों ने बैठक की और सहारा इंडिया स्कैम से पीड़ित निवेशकों के साथ हुई ठगी और भुगतान कैसे हो, विषय पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा ने विधायक अरुप चटर्जी को बारीकी से कैसे सहारा इंडिया पार्टनरशिप फॉर्म बना कर सहारा की कई क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी और सहारा क्यू शॉप कंपनी बना कर देश के 10 करोड़ लोगों का करीब 2 लाख करोड़ रुपए हड़प लिया है और सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा फर्जी सहारा रिफंड पोर्टल बना कर मामले को उलझाया गया। केंद्र सरकार द्वारा सहारा इंडिया को संरक्षण दिया जा रहा है। संस्थान द्वारा सुप्रीम कोर्ट में लगी याचिका पर भी चर्चा किया गया। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा ने विधायक अरुप चटर्जी को संस्थान द्वारा बनाए गए 10 सवाल दिया गया, जिसे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से बात कर संसद में उठाने के लिए कहा गया, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा की जल्द ही इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष राहुल गांधी से मिल कर सहारा के सभी मुद्दे पर चर्चा करेंगे। इसके लिए वे शीघ्र ही दिल्ली जाकर राहुल गांधी से मिलकर चर्चा करेंगे और वर्तमान शीतकालीन सत्र में इन सवालों को संसद में स्पेशल चर्चा करवाने के लिए राहुल गांधी से बात करेंगे। बैठक में संस्थान के संयुक्त सचिव अशोक कुमार, संस्थान के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव समीर चंद्र, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमरेश चक्रवर्ती, राष्टीय उप कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, राजेश अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी जितेश अग्रवाल के साथ साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नुक्कड़ नाटक के जरिये नशा मुक्त भारत का संदेश

**पुटकी।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धनबाद द्वारा सोमवार को पुटकी उच्च विद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को शपथ भी दिलायी गई। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया कि हमारा समाज, परिवार विभिन्न नशा के कारण किस तरह बर्बाद हो रहा है। नुक्कड़ नाटक का मंचन कर नशा के कारण युवाओं में होने वाले दुष्प्रभावों से बचने के लिए संदेश दिया गया। डा. माधव झा, मनोरंजन कुमार, रवि कुमार के अलावा शिक्षकों में प्रभारी प्रधानाध्यापक नजीर हुसैन, मधु कुमार पांडेय, समीर कुमार मंडल जसवीर सिंह, संजू कुमारी, मेनका मिश्रा, राधा कुमारी आदि मौजूद थे।

### बारिश ने आलू की फसल को किया बर्बाद



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड में सोमवार सुबह से शुरू हुई रुक-रुक कर बारिश और कनकनी भरी हवा ने ठंड को और बढ़ा दिया है। इसका असर खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ने की संभावना है। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों की रबी फसल, खासकर आलू की फसल को नुकसान हो सकता है। ठंड के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सुबह के समय ठिठुरन बढ़ जाती है। दिसंबर के शुरूआती दिनों में ही ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे गर्म कपड़े पहनें और ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतें।

### 13 को परिवर्तित मार्ग से चलेगी कोलकाता-बीकानेर एवं सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस

**धनबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज जंक्शन के बीच थर्ड लाईन कार्य तथा करछना स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण धनबाद स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। 13 दिसंबर को कोलकाता से खुलने वाली गाड़ी संख्या 12496 कोलकाता-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जंक्शन के रास्ते चलायी जाएगी । इसी दिन सियालदह से खुलने वाली गाड़ी संख्या 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जंक्शन के रास्ते चलायी जाएगी । वहीं 13 दिसंबर को हावड़ा से खुलने वाली गाड़ी संख्या 12321 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एक्सप्रेस (मुम्बई मेल) हावड़ा से 240 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जाएगी।

### जनता मजदूर संघ का मिलन समारोह

**जोड़ापोखर।** जनता मजदूर संघ का मिलन समारोह आजाद नगर जामाडोबा में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित संघ के महामंत्री मनीष सिंह उर्फ सिद्धार्थ गैतम ने बीसीसीएल लोदना क्षेत्र में संघ का उपाध्यक्ष शाहिल खान एवम अजान खान को भौरा ई जे एरिया का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। श्री सिंह ने कहा है कि दोनों युवा हैं अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ कर मजदूर हित में काम करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित थे ओरंगजेब खान, अमरजीत कुमार आदि सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

## एसीसी फैक्ट्री में मजदूरों का सुरक्षा हेड से विवाद

# श्रमिकों ने दो घंटे किया फैक्ट्री गेट जाम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

सिंदरी। अदानी एसीसी सीमेंट फैक्ट्री सिंदरी के नये प्रोजेक्ट में कार्यरत संवेदक विवेक इंफ्रा के ठेका मजदूरों ने सुरक्षा हेड सुनिल सिंह से विवाद को लेकर सोमवार को लगभग दो घंटे फैक्ट्री गेट जाम कर कार्य अवरुद्ध किया।

घटना के संबंध में मजदूरों ने बताया कि अदानी सीमेंट प्लांट परिसर स्थित मजदूर आवास में रह रहे मजदूरों के दो गुटों में आपसी विवाद हो गया था। विवाद बढ़ता देख सुरक्षा हेड सुनिल सिंह मजदूर आवास में पहुंचे और विवाद सुलझाने का प्रयास किया। मजदूर पक्ष के राज विश्वकर्मा ने बताया कि सुनिल सिंह ने उसके साथ मारपीट किया है। जिसके कारण उसका मोबाइल गिर गया और स्क्रिन टूट गया। सुनिल सिंह ने उसके जेब में रखे कुछ रुपए भी निकाल लिए। सुनिल सिंह के व्यवहार से आक्रोशित मजदूरों ने सोमवार को फैक्ट्री गेट जाम कर दिया। सीमेंट प्रबंधन की सूचना पर लगभग 3 बजे सिंदरी थाना प्रभारी सहित पुलिस बल पहुंची और राज विश्वकर्मा से घटना की जानकारी ली। पुलिस की मध्यस्थता में राज और सुनिल सिंह के विवाद को सुलझाया गया। दो घंटे के बाद लगभग पांच बजे मजदूरों ने गेट जाम कर आंदोलन खत्म किया।

## बोकारो स्टील में सूचीबद्ध 2728 लोगों को नहीं मिली नौकरी

# सांसद ढुलू महतो ने की इस्पात मंत्री से मुलाकात

- 4328 सूचीबद्ध हुए, मात्र 1500 का हुआ नियोजन

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने आज इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्री एच. डी. कुमारास्वामी से मुलाकात कर बोकारो स्टील लिमिटेड में सूचीबद्ध ढाई हजार से अधिक एप्रेंटिस की सेवा नियोजित नहीं करने के मसले को मजबूती से रखा। इस दौरान उन्होंने जनहित से जुड़े कई मुद्दों को लेकर संज्ञान पत्र सौंपा है। सांसद ने इस्पात उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की है।

सांसद श्री महतो ने अपने पत्रों में क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन और स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग पर जोर दिया है। उन्होंने पुराने और निष्क्रिय इस्पात संयंत्रों के पुनर्जीवन, नई परियोजनाओं के आरंभ, और क्षेत्र में उद्योगों के विस्तार की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि इससे न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने यह भी मांग की है कि इस्पात उद्योग के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचनाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने क्षेत्र के आदिवासी और वंचित समुदायों की बेहतरी के लिए विशेष योजनाओं की आवश्यकता पर बल दिया है।

### अप्रेंटिस के बच्चों के नियोजन की है मांग



सांसद ढुलू महतो ने इस्पात मंत्री के समक्ष तथ्य उपलब्ध कराते हुए कहा है कि बीएसएल के 4328 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिस सूचीबद्ध हुआ था। जिसमें से 1500 अभ्यर्थियों का नियोजन हुआ लेकिन बाकी का नही हो पाया । बाकी बचे हुए अभ्यर्थियों को भी नियोजित किया जाए। साथ ही विस्थापन और पुनर्वास की नीतियों पर भी कई बातों को रखा है। उन्होंने बीएसएल लैंड ओनर्स फेडरेशन से प्राप्त प्रतिनिधित्व की एक प्रति संलग्न करते हुए मंत्री से क्षेत्र के मुद्दों को शीघ्र हल करने का भी अनुरोध किया है। श्री महतो ने मंत्रालय से संबंधित मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता जताई और इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कदम उठाने का निर्देश देने की अपील की। सांसद महतो ने पत्र में यह भी कहा कि इन मुद्दों का समाधान स्थानीय जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होना चाहिए।

# बीआईटी में रिमोट सेंसिंग व जीआईएस शोध पर पाँच दिनी कार्यशाला शुरू

- बीआईटी मेसरा के प्रो नीलांचल ने रिमोट सेंसिंग तकनीक के बारे में बताया
- डॉ रत्नाकर ने बाढ़ प्रबंधन में एस ए आर के प्रयोग पर व्याख्यान दिया
- कार्यशाला के सहायक समन्वयक प्रो इकबाल शेख ने धन्यवाद ज्ञापन किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**








**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के राजेंद्र प्रसाद सभागार में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद रांची द्वारा प्रायोजित रिमोट सेंसिंग और जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम के शोध में अनुप्रयोग विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला सोमवार को प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर निदेशक डॉ पंकज राय ने कहा कि तकनीकी संस्थान में इस प्रकार की कार्यशाला संस्थान और इंडस्ट्रीज के बीच की दूरी को कम करने में सहायक है। कार्यशाला के संयोजक सह सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ जितू कुजूर ने कहा कि कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम संयोजक विभाग की प्रो कोमल कुमारी और रिसोर्स पर्सन डॉ बी डी यादव ने कार्यशाला की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

उद्घाटन समारोह के विशेषज्ञ व्याख्यान में बीआईटी मेसरा के प्रो नीलांचल पटेल ने बताया कि रिमोट सेंसिंग वह तकनीक है जो सतह से विकिरण उर्जा का उपयोग करके पृथ्वी का अध्ययन करती है। यह सेटेलाइट और एयरक्राफ्ट के माध्यम से बिना प्रत्यक्ष संपर्क के किया जाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड यू के की डॉक्टरल शोधकर्ता डॉ मधुमिता साहू ने रिमोट सेंसिंग का भूमिगत जल एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के विषय पर अपना व्याख्यान दिया। एनआईटी राउरकेला के सहायक प्रोफेसर डॉ रत्नाकर ने बाढ़ प्रबंधन में एस ए आर के प्रयोग पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला के सहायक समन्वयक प्रो इकबाल शेख ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## स्पीड न्यूज

### दो दर्जन से अधिक वाहनों को किया गया जब्त, चालान फाइन देकर छूटे



**मेदिनीनगर।** शहर के सदीक चौक कोयल पुल के पास ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। जिसमें दो पहिया वाहनों के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस गाड़ी चला रहे थे। उनके वाहन जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। सभी 22 बाइक को चालान हेतु व्यवहार न्यायालय पलामू भेजा गया है। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि कुछ ई रिक्शा सवारी गाड़ी के चालक जबरदस्ती अपने निर्धारित रूट पर लिखवा कर नहीं चला रहे हैं और जबरदस्ती दूसरे रूट में अपनी गाड़ी को मनमौजी चला रहे थे। उनमें से 05 ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी को भी जप्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। उसे चालान फाइन हेतु जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू नो एंट्री में जब्त ट्रक का चालान फाइन राशि 6150 रुपये आया है।

### दलित कांग्रेस अध्यक्ष ने की लंबित कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग



**पाटन पलामू।** जिला दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान छतरपुर विस की महिलाओं से मुलाकात कर कुशल छेम जाना। उन्होंने कहा कि जिले में जो भी गरीब लोगों का लंबित कार्य है। इसे तत्काल शुरू कराया जायेगा। यह कांग्रेस पार्टी की गारंटी है। मौके पर जिला मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, पाटन प्रखंड दलित कांग्रेस अध्यक्ष संजय पासवान भी थे।

### दुर्घटना रोकने के लिए सीओ सक्रिय



**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार की पहल पर छतरपुर एनएचआई फॉर लेन का रामशरण राय साइड इंजीनियर नवनीत आनंद, शिवालया कंपनी के अमित कुमार के साथ उदयगढ़ मोड़, बिरसा मुंडा मसीहानी जाने वाला रोड हेसला जाने वाली रोड जो तोड़ दिया गया था, उसे बंद किया जायेगा। एचपी पेट्रोल पंप क्रॉसिंग के पास बंद किया जायेगा इन सभी जगहों का निरीक्षण किया गया। एनएचआई के आरई रामशरण राय ने कहा कि उदयगढ़ मोड़ पर फोर लेन से दोनों तरह जाने वाली सड़क के पास ब्रेकर और पार्किंग लाइट, बिरसा मुंडा के पास फोर लेन से दोनों तरफ जाने वाली सड़क पर ब्रेकर (रमबल स्ट्रीट) बैरियाडीह मोड़ पर पार्किंग लाइट लगाया जायेगा। आये दिन काफी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। घटनाएं कम हो, उसे लेकर छतरपुर सीओ की पहल पर काम किया गया। इस निरीक्षण में कर्मचारी सह सीआई हरि कुमार, समाजसेवी अरबिंद गुप्ता चुनमुन और कई लोग इस निरक्षण में शामिल हुए।

### पिपरा थाना क्षेत्र से अज्ञात शव बरामद



**हरिहरगंज पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र के चपरवार स्थित मड़वा मौजा से पुलिस ने एक अज्ञात अधेड़ शव बरामद किया है। ग्रामीणों ने उक्त स्थान पर शव देख थाना को सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद पीपरा थाना के एसआइ नकुल शर्मा दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम हेतु हुसैनाबाद भेज दिया है। जहां शव को तीन दिनों तक शवगृह में रखा जायेगा। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हुई थी। मृतक खाकी रंग का स्वेटर पहना है। लाल रंग का गमछा है। एसआइ नकुल शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया विक्षिप्त बुजुर्ग की मौत ठंड का कारण हो सकता है। मौत के कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगी।

### सहकर्मी के निधन पर स्टांप वेंडरों में शोक



**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर में मुद्रांक विक्रेता संघ ने शोक सभा संघ के अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद की अध्यक्षता में की। इसमें संघ के सदस्य सह स्टांप वेंडर शत्रुघ्न अग्रवाल (48) का निधन हो जाने पर शोक व्यक्त किया गया। साथ ही संघ के सदस्यों ने दो मिनट मौन रख मृतक के आत्मा की शांति व दुख संतिप्त परिवार के साहस के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विजय कुमार ने बताया कि शत्रुघ्न कैंसर पीड़ित थे। जिनका इलाज काफी दिनों से चल रहा था। : शत्रुघ्न का निधन रविवार को बेलवाटिका स्थित आवास पर हो गया। दाह संस्कार पंपू कल बेलवाटिका स्थित कोयल नदी तट पर किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र, एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। स्टांप विक्रेता जगनारायण मेहता ने कहा कि इनकी कमी हम सबको खलेगी। मौके पर लव तिवारी, चंद्रमोहन प्रसाद, अमरेश कुमार, बसंत कुमार, सत्येंद्र सिंह, अशोक कुमार समेत अन्य स्टांप विक्रेता मौजूद थे।

### खास महाल की जमीन फ्री होल्ड करायी जाये : संजीव तिवारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य सह झामुमो नेता संजीव तिवारी ने विधानसभा सत्र के पहले दिन झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान संजीव ने सीएम के नेतृत्व में 2024 के विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत की बधाई दी। मुलाकात के दौरान संजीव ने सीएम को पलामू की समस्या से अवगत कराते हुए उसके निराकरण की मांग की। सीएम ने इस पर सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिया है। संजीव ने बताया कि अधूरे पड़े काम पूर्ण कराने के साथ-साथ खास महल भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग भी की है।

# पांकी विस क्षेत्र की जनता का आभार: डॉ शशिभूषण



खबर मन्त्र संवादाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सोमवार को विधिवत रूप से विधानसभा में शपथ ली। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार, जिन्होंने मुझ पर अपना विश्वास जताया और लगातार दूसरी बार सेवा का यह मौका दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता जनार्दन के समर्थन और सहयोग से पांकी का समग्र विकास और उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करेंगे। कहा कि आज षष्ठम विधानसभा के प्रथम सत्र के पहले कार्यदिवस पर लोकतंत्र के मंदिर को सादर नमन। आशा है अपने पांकी विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता की सच्चे दिल से सेवा कर सकूं।

# आरसीयू में फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का रंगारंग आगाज, कई खेल प्रतियोगिता आयोजित

महेंद्र

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीयू में फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का सोमवार को रंगारंग आगाज हुआ। आरसीयू के महाराज जरासंध स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कुलाधिपत डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, उप निदेशक अनुराग चंद्रवंशी, कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल व खेल समिति अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद अतिथियों व प्रतिभागियों ने मशाल रैली निकाल कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत की। मौके पर





कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागी और दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।


कुल सचिव डॉ देवाशीष मंडल ने कहा कि विवि के सभी पदाधिकारी, कर्मी, छात्र-छात्रा एक सप्ताह तक बगैर किसी तनाव व बोझ के शारीरिक फिटनेस हेतु मनोरंजनात्मक खेलों में भाग लेंगे, ताकि उनकी शारीरिक क्षमता और दुरुस्त हो सके। डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आज से शुरू हुआ फिट इंडिया यूनिवर्सिटी वीक 14 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कई खेल प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें एथेलेक्टिस, योगा-मेडिटेसन, जुंबा, कबड्डी सहित कई भारतीय देशी मनोरंजनात्मक खेल शामिल है। मौके पर सुनील कुमार पटेल, छोटन प्रसाद, अमन कुमार यादव, सत्य प्रकाश, उपेन्द्र पाल,श्रेया कुमारी सहित आरसीयू से संबद्ध सभी महाविद्यालय के प्राचार्य, खेल समिति के सभी सदस्य व छात्र छात्रा मौजूद थे।

**अबुआ आवास की सच्चाई :** बीएफटी संजय रवि ने बलहिया की महिला से लिये ₹10,000

# जिला प्रशासन मामले की जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करे

खबर मन्त्र संवादाता

- बलहिया के लक्ष्मी यादव की पत्नी है रूकमणि देवी
- दूसरी किश्त देने के लिए भी फिर उच्चा अधिकारियों को देने के नाम पर मांग रहा पैसा
- अधिकारियों के पास शिकायत करने के बावजूद नहीं की गयी कोई कड़ी कार्रवाई



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के बीएफटी संजय कुमार रवि के द्वारा सेमरा पंचायत के बलहिया निवासी रूकमणि देवी पति लक्ष्मी यादव से अबुआ आवास के प्रथम किस्त के नाम पर दस हजार रूपये रिश्वत लिया गया। इसके बाद दूसरे किस्त की राशि आने पर उच्च अधिकारियों को देने के नाम पर भी लाभुक से दबाव बनाकर दस हजार और रिश्वत मांग की गयी है।

इसके बाद लाभुक के द्वारा उच्च स्तर के पदाधिकारी से शिकायत की गई परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिसकी खबर दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई। इसे लेकर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि जब समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुआ तो प्रखंड आवास कोर्डिनेटर बिरबल राम को चैनपुर बीडीओ के मौखिक आदेश पर थाना में एफआईआर करने के लिए भेजा गया।

डीडीसी के द्वारा बिरबल राम को एफआइआर करने से रोक दिया गया है। दुबारा खबर प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लिया और फिर एफआईआर दर्ज हुआ। श्री त्रिपाठी ने जिला प्रशासन से सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वकांक्षी योजना में संलिप्त दोषी पदाधिकारियों की जांच किसी भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी से कराकर दोषी पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

# अब जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ समाज को लड़ना होगा : जिला समाज कल्याण पदाधिकारी

- सामाजिक कुरीतियों का हो जड़ से उन्मूलन : डॉ ख्वाजा तबरेज

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** नयी संस्कृति सोसाइटी के तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, जेंडर आधारित हिंसा सहित बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या एवं सेफ एंड अनसेफ टच आदि ज्वलंत मुद्दों पर अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता स्थानीय कोयल नदी के तट पर स्थित कोयल रिवर फ्रंट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि पूरे देश में जेंडर आधारित हिंसा को रोकने का व्यापक प्रयास किया जा रहा है इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में अपने जीवन को सही दिशा में डालने की प्रेरणा जागृत होगी और सामाजिक कुरीतियों से लड़ने की क्षमता का विकास होगा। विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध काष्ठ कला के कलाकार प्रेम भसीन ने बच्चों की चित्रकला से प्रभावित होकर अपनी ओर से भी एक विशिष्ट पुरस्कार की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर नैसर्गिक कलाकार होते हैं उन्हें सिर्फ सही दिशा देने की आवश्यकता होती है। बतौर अतिथि उपस्थित यूनिसेफ के जिला समन्वयक डॉक्टर ख्वाजा तबरेज ने जिला प्रशासन एवं नयी संस्कृति सोसाइटी द्वारा किये जा रहे साझा प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि जेंडर आधारित हिंसा एक ऐसी समस्या है जो हर घर में आसानी से देखने को मिलती है और हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि इन कुरीतियों का जड़ से उन्मूलन किया जा सके। गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल जीपीएस जमुना ग्रीन वैली स्कूल कैंब्रिज पब्लिक स्कूल ओरिएंट पब्लिक स्कूल लोटस अकैडमी आरएन टैगोर विमला पांडे ज्ञान निकेतन आईटी हस हाई स्कूल आदि विद्यालयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### विधिक सशक्तिकरण शिविर 14 को



**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 14 दिसंबर को जिले के सभी प्रखंड में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। वही ब्यवहार न्यायालय परिसर में इस बर्ष का अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत लगायी जायेगी। इसे सफल बनाने को ले तैयारी चल रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निपटाने का प्रयास है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### बोधी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** बोधी दिवस पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने एक विचार गोष्ठी की। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। सर्वप्रथम गौतम बुद्ध की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि दुनिया भर के बौद्ध धर्म के अनुयाइयों का खास दिन है। मान्यता है कि ढाई हजार वर्ष पूर्व बौद्ध गया स्थित पीपल ब्रिक्ष के नीचे गौतम बुद्ध का जीवन मरण का सही ज्ञान प्राप्त हुआ था तभी से उक्त पीपल वृक्ष व बौद्ध वृक्ष ओर 8 दिसंबर को बोधि वृक्ष और बोधी दिवस के रूप में विख्यात है। मौके पर सूरज कुमार पासवान, दीपक कुमार, जयपाल मोची, कृष्ण राम, सुधीर कुमार, आवश्यक कुमार, उत्तम कुमार, अरुण कुमार ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाले। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र मे धुंध के साथ बारिश होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। रविवार और सोमवार की रात्रि में रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों के खेतों में खड़ी धान के फसल को नुकसान उठाना पड़ा है। वही सब्जी की खेती पर भी पानी से असर पड़ा है। किसान जुम्मन मियां ने बताया कि करीब 90 प्रतिशत खेतों से धान की फसल की कटाई नहीं हुई है, बारिश से फसल को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है। दूसरी ओर सब्जी की फसल का नुकसान होने की बात कहा है। ब्लॉक टेक्नीशियन मैनेजर (बीटीएम) वरुण सिंह यादव ने बताया कि फसल का आंकलन करने के बाद कुछ कहा जा सकता है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि रवि फसल के लिए बारिश लाभदायक है, वही जिन खेतों में खड़ी धान फसल की कटाई नहीं हुई है उन्हें थोड़ी बहुत हानि उठानी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि चना, सरसों, मसूर के अलावे अरहर के फसल जिसमें में फूल-फल लग रहे हैं उसे फायदा होगा। इधर सुबह में बारिश के साथ धुंध के कारण अचानक सर्दी बढ़ गई है और तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है।

# जिला के ऑटो चालकों ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवादाता

- 72 घंटा के अंदर महासंघ द्वारा प्रेषित मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन : राकेश सिंह



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता में एवं संघ के संयोजक सह झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑटो चालकों एवं छोटे वाहनों के चालकों ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि मेदिनीनगर शहर में यातायात सुदृढ़ न होने तथा ऑटो चालकों, ई रिक्शा वाहन चालकों के साथ आए दिन बढ़ते दुर्व्यवहार एवं शोषण आदि मामले पर विगत 4 सितंबर को नगर आयुक्त की अध्यक्षता में एवं संबंधित प्रशासन तथा महासंघ के पदाधिकारी के साथ प्रशासन द्वारा बुलाये गये बैठक में लिये गये सामूहिक निर्णयों को आज तक धरातल पर उतरा नहीं गया जिस कारण चालकों पर शोषण किया रहा है।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लग गयी आग नकद समेत लाखों की संपत्ति खाक

खबर मन्त्र संवादाता



**पांकी पलामू।** प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो (सालमदीरी) गांव में बीती रात करीब 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्हाई भुइयां के घर में अचानक आग लग गया। इस घटना में शादी के लिए घर में रखे 40 हजार रुपए नगद समेत 4 से 5 लख रुपये का संपत्ति जलकर खाक हो गया। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गये और सड़क पर आ गये हैं। घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। घर से सटा पुआल भी आग की चपेट में आ गया, जिससे आग ने तेजी से पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में तीन बकरियां जिंदा जल गयी। इसके अलावा घर में रखे तीन साइकिल, डीजल पंप, 5 से 6 क्विंटल धान, 10 12 क्विंटल मक्का समेत 30 से 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, खाने-पीने का सामान और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर पूरी तरह से राख हो गया है।

### पांडू के दलित रामाशीष की पिटाई निंदनीय घटना: शत्रुघ्न कुमार शत्रु

खबर मन्त्र संवादाता

- पांडू के कजरुकला में दलित रामाशीष राम की पांडू थाना प्रभारी ने की है पिटाई



**मेदिनीनगर।** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा कि पांडू थाना प्रभारी सौरभ कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा कजरुकला ग्राम में एक निर्दोष अनुसूचित जाति के रामाशीष राम की बर्बरतापूर्ण पिटाई की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने पांडू थाना प्रभारी सौरभ कुमार व अन्य जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के खिलाफ एससी, एसटी एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने व सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है। कहा कि सरकारी पदाधिकारी भी अब आतंकवादी तानाशाह की भूमिका में आ गये हैं। ठंड में ललन राम व उनके भाईयों के घर पर बिना समय दिए हुए कथित कोर्ट के आदेशानुसार बुलडोजर चलवाकर घर जमींदोज करना मानवाधिकारों का भीषण उल्लंघन है।

### भाजपा नेता सह पूर्व पंसस को भ्रातृशोक

**पाटन पलामू।** पाटन भाजपा नेता एवं उताकी पंचायत के पुर्व पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह के भाई कमी सिंह की मौत अचानक तबीयत खराब होने से हो गयी। जानकारी के अनुसार उताकी के कमी सिंह (50) की रविवार की रात अचानक तबीयत ज्यादा खराब हो गयी। परिजनों ने उन्हें तत्काल ईलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर ले गये परंतु रास्ते में ही कमी सिंह की मौत हो गयी। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने कमी सिंह को मृत घोषित कर दिया। मौत से उताकी गांव के लोगों में गम का माहौल है।

### डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने लगातार तीसरी बार ली विधानसभा की सदस्यता

खबर मन्त्र संवादाता

- लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर किया जोरदार स्वागत



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक आलोक चौरसिया ने झारखंड विधानसभा में लगातार तीसरी बार विधायक पद का सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री लुडू खान, रमण श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, उंटारी रोड जिला परिषद सदस्य अरबिंद सिंह व अन्य ने उन्हें अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर लुडू खान ने कहा कि आनेवाले समय में श्री चौरसिया डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के आवाज बनकर विधानसभा में गुंजेंगे। आलोक चौरसिया लगातार तीसरी बार विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाकर लोगों को चौंकाने का काम किया है।

मिक्सड मार्शल आर्ट्स द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

# मुख्य प्रशिक्षकों को मिला पलामू रतन अवार्ड

- मिक्सड मार्शल आर्ट्स ने मनाया सम्मान समारोह
- मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रतन अवार्ड से नवाजा गया

खबर मन्त्र संवादाता





अवार्ड के साथ विजेता प्रतिभागी व उपस्थित अतिथि।

**मेदिनीनगर।** मार्शल- आर्ट्स के महागुरू ब्रुसली के 84 वाँ जन्मदिन के अवसर पर द मिक्सड मार्शल- आर्ट्स काउंसिल (युके) के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल- आर्ट्स ब्रुसली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय कजरी के प्रागंण में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव उपस्थित थे। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रतन अवार्ड से नवाजा गया। अवार्ड पाने वालों में रंजन प्रसाद (स्केटिंग), अशुतोष कुमार (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन), सकेंदर प्रजापति (कराटे), नटवर पांडेय, प्रितम चैधरी (ताईक्वांडो), अनुपम तिवारी (बॉक्सिंग), श्याम किशोर पाण्डेय (संगीत), सनतन सोनी (नृत्य) इत्यादि शामिल हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस समय पर प्रशिक्षकों को मान-सम्मान मिलते रहनी चाहिए; क्योंकि प्रशिक्षक है जो बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर ऊंचाई तक पहुंचा सकते हैं, इसलिए बच्चों को प्रशिक्षकों का हमेशा आदर करना चाहिए। यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया। मौके पर सैकड़ों कराटेकार उपस्थित थे।

# आनंदमार्ग रेनेसां आर्टिस्ट राइटर एसोसिएशन के मेगा ऑडिशन में 15 प्रतिभागी चयनित

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौका मिलेगा

खबर मन्त्र संवादाता

**मेदिनीनगर।** आनंद मार्ग की इकाई रेनेसां आर्टिस्ट राइटर एसोसिएशन (रावा) के तत्वावधान में मेगा ऑडिशन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आनंदमार्ग स्कूल, नई मोहल्ला, मेदिनीनगर में हुआ, जिसमें गायन, नृत्य, योगा और अभिनय जैसी विविध प्रतिभाओं का मूल्यांकन किया गया। ऑडिशन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 50 बच्चों को सेकंड राउंड के लिए तैयार किया गया और 15 प्रतिभागियों का अंतिम चयन किया गया।



**खास बातें :** ये प्रतिभागी पलामू, गढ़वा, और लातेहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए थे। चयनित प्रतिभागियों को 24 से 28 दिसंबर तक रामगढ़, रांची में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां अनुभवी शिक्षकों से उन्हें मार्गदर्शन मिलेगा। राष्ट्रीय कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। रावा द्वारा प्रतिभागियों के निशुल्क आवास, भोजन और प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था की गयी है। मेदिनीनगर ऑडिशन का मूल्यांकन रांची के बीआईटी मेसरा के बिजया पाठक, मृणाल पाठक, तबला वादक कामेश्वर सिंह, शास्त्रीय गायक सुमन मिश्रा और केंद्रीय विद्यालय के सौरभ मिश्रा व सौरभ दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रावा के अनुभवी सदस्य राजन देव, नवनीत देव, नैना चंद्र, आरती चंद्र, काजल पांडे, उर्वशी गुप्ता, सृष्टि लारा, संदीप कुमार, देवेंद्र कुमार, सोनू डी, पूजा कुमारी, आकाश प्रताप, निखिल गुप्ता, जूली सिंह आदि का अहम योगदान रहा। रावा के कोऑर्डिनेटर चंदन देव ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

# एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मी संघ का आंदोलन हुआ तेज, कार्यालयों में जड़ा ताला

**मांगों को लेकर 14 दिनों से है आंदोलनरत, शैक्षणिक कार्य हुआ ठप**





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान को लेकर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल व तालाबंदी आंदोलन द्वितीय चरण का आज प्रारंभ हुआ।

शिक्षकेत्तर कर्मी विश्वविद्यालय मुख्यालय सहित अंगीभूत कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। सभी कार्यों को पूरी तरह ठप कर दिया। एक भी छात्र या शिक्षक विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश नहीं कर पाये। आंदोलन का आज 14 वां दिन जारी रहा। कर्मचारी मांगो को लेकर अड़े हैं। इतने ठंड में भी मुख्य गेट पर दरी बिछा कर बैठने पर विवश हैं। जहां एक ओर विश्वविद्यालय प्रशासन को कर्मचारियों के मांग गंभीरतापूर्वक एवं सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए, वहीं पूरा प्रशासन परीक्षा के उत्तरपुस्तिका की जांच कार्य में जुटा हुआ है।

विवि प्रशासन से कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं एसडी परीक्षा का एक प्रतिनिधिमंडल आज धरना स्थल पर पहुंच आंदोलनरत कर्मियों से परीक्षा के आवश्यक कार्यों को निष्पादित करने का अनुरोध किया। शिक्षकेत्तर संघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने विवि प्रशासन के कर्मचारियों के मांगों को नजर अंदाज करने से दुःख जताया। महासचिव मिर्धा ने कहा कि पूर्व की भांति आंतरिक श्रोत से सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान प्रारंभ करने से सभी समस्याएं समाप्त की जा सकती है। संघ अध्यक्ष परिमल कुंदन ने कर्मचारियों को आंतरिक श्रोत से वेतन भुगतान की मांग पर विश्वविद्यालय प्रशासन के मौन रहने पर दुःख जताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन वेतन के मुद्दे पर शांत है, लेकिन अन्य कार्यों के प्रति इतना सक्रिय क्यों हैं? आगे नेतलाल मिर्धा ने कहा कि बिना सातवां वेतन लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को सहयोग देने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।

पहले वेतन फिर कार्य का हवाला देते हुए पूरे आंदोलन कर्मी ने मांगें पूरी होने तक हड़ताल पर डटे रहना का नारा एक सुर में आवाज बुलंद किया।

## अमलो परियोजना में मना वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

बेरमो। सीसीएल ढोरी एरिया के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना में 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में सीसीएल के रजरप्पा परियोजना की टीम ने अमलो खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉर्पोरेट गीत गाकर, दीप जलाकर और सुरक्षा की शपथ लेकर किया गया। परियोजना पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अमलो परियोजना की संक्षिप्त जानकारी दी। निरीक्षण दल के पदाधिकारियों ने खान सुरक्षा को लेकर कई तरह की जानकारी दी। इसके बाद माइंस रेस्क्यू स्टेशन अमलो के कर्मियों ने एयर पोलोशन पर आधारित सुरक्षा नाटक प्रस्तुत किया। वहीं परियोजना के दर्जनों संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को बेहतर कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# सीसीएल गोविंदपुर फेज दो खुली खदान में मनाया गया खान सुरक्षा सप्ताह




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल स्थित सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के गोविंदपुर फेज दो खुली खदान में सोमवार को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कथारा महा प्रबंधक संजय कुमार मौजूद थे। समारोह में स्वागत भाषण परियोजना के पीओ एके तिवारी ने देते हुए कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सुरक्षा की जो भी मापदंड निर्धारित किये गये हैं उसे हर हाल में पूरा करना चाहिए। वहीं बताते चले कि गोविंदपुर के उक्त परियोजना को सुरक्षित उत्पादन के लिए पहले भी तीन बार पुरस्कृत किया गया है जो कि काफी सराहनीय है और यह दर्शाता है कि सुरक्षित वातावरण में उत्पादन कर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मुख्य अतिथि महा प्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि कोयला का उत्पादन में हमेशा सुरक्षा का ख्याल रखा जाना चाहिए। काम के समय सभी कामगारों एवं अधिकारियों की सोच सकारात्मक होनी चाहिए मजदूर द्वारा भूल करने पर उसका खामियाजा कंपनी एवं देश को उठाना पड़ता है। जेबीसीसीआई सदस्य लखन लाल महतो ने कहा कि जब हम सुरक्षित रहेंगे तो खदान भी सुरक्षित रहेगा। तभी हम उत्पादन भी कर सकेंगे। समारोह की अध्यक्षता पीओ एके तिवारी ने किया। समारोह में अधिकारियों सहित सैकड़ों मजदूर मौजूद रहें।

# बोकारो में डीडीसी ने की उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर बीरेंद्र कुमार सिंह सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने सदर अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। 3 लाख 53 हजार 551 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य है। डीडीसी ने अपील की है कि खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतें। ईमानदारी पूर्वक 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं। पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में बूथ बनाए गए हैं। अभियान के प्रथम दिन बूथों पर 0-5 वर्ष के बच्चों को खुराक पिलाई गई। दूसरे व तीसरे दिन घर-घर जाकर खुराक पिलाना है। डीडीसी ने कहा कि हर हाल में लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। जिला स्तर के पदाधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियान की निगरानी करेंगे। इस बार पंचायत/प्रखंड एवं जिला स्तर से अभियान के सफल आयोजन को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए कुल 2005 बूथ बनाया गया है।

# श्री रामकृष्ण विवेकानंद संघ में नया भारत गढ़ो पाठ प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री रामकृष्ण विवेकानंद संघ बोकारो व रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी रांची के संयुक्त तत्वावधान में नया भारत गढ़ो कार्यक्रम के तहत बोकारो के सेक्टर 1 बी स्थित संघ के सभागार में जिला स्तरीय सस्वर पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वामी विवेकानंद रचित स्वदेश मंत्र का सस्वर पाठ किया। बेहतर प्रस्तुति के आधार पर ग्रुप ए में जीजीपीएस बोकारो की आकांक्षा मिश्रा ने प्रथम रितेश कुमार व काम्या झा ने संयुक्त रूप से द्वितीय व माही प्रियदर्शी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में मिथिला एकेडमी के छात्र ओम मिश्रा ने प्रथम वैष्णवी मिश्रा ने द्वितीय व जीजीपीएस बोकारो की अद्रिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि क्षितिज चतुर्थ स्थान पर रहे।

विजेताओं को श्री रामकृष्ण विवेकानंद संघ बोकारो के अध्यक्ष गोपाल मुंशी व सचिव प्रणव मित्रा ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बोकारो : खनन विभाग के जांच अभियान में हाइवा जब्त



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर चल रहे सघन जांच अभियान में पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत चास-पुरुलिया मुख्य पथ पर पुरुलिया सीमा के सामने निरीक्षण के क्रम में अवैध रूप से कोयला खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक हाईवा को पकड़ा गया। जिसे पिंड्राजोरा थाना में जप्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार एवं सीताराम टुडू आदि मौजूद थे।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने हज जायरिनों के जत्थे को किया रवाना



बेरमो /सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो को अचानक बोकारो जिला के कसमार पंहुचे। जहां बाजारटांड़ स्थित चौक में मंत्री महतो को झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। मंत्री बनकर पहली बार कसमार आने पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर एवं पटाखे फोड़कर खुशियां जाहिर की। वहीं प्रखंड के जल सहियाओं ने भी मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंत्री महतो इसके बाद कसमार प्रखंड के हद में गर्री पंहुचे जहां हज यात्रा पर मक्का जाने वाले हज यात्रियों (जायरिनों) को रवानगी करते हुए खैरियत के साथ यात्रा कर लौटने की दुआ की। उन्होंने हज यात्रियों से कसमार समेत राज्य एवं देश में अमन-चैन, शांति-सद्भाव एवं तरक्की के लिए दुआएं कर लौटने की गुजारिश भी की। हज यात्रियों को ग्रामीणों व उनके रिश्तेदारों ने भी फूलमाला पहनाकर रवाना किया। हज यात्री हूसैन ने अपनों से गले मिलकर मुकद्दस सफर के लिए विदा ली। इस दौरान अपनों से गले मिलकर सभी जायरिन काफी भावुक थे। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, पूर्व मुखिया सिकंदर कपरदार, कपिल चौबे, शेर ए आलम, मोबिन अंसारी, हरेंद्र महतो, मनोहर महतो, हिरालाल जायसवाल, इरफान अहमद, मुन्ना अंसारी, सुभाष चन्द्र ठाकुर, शिबू महतो, कुलदीप कुमार, लालदेव महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि राजेश कुमार, महादेव डे, वीणा देवी आदि गणमान्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### दुमका एसपी से लगाया इंसाफ की गुहार

दुमका। झूठा केस में फंसाने का विपक्षी पर आरोप लगाते हुए इंसाफ की गुहार एसपी को आवेदन देकर लगाया है। न्याय की गुहार जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के सरैयाहाट बाजार निवासी पिंकी देवी, पति मनोज कुमार साह ने आवेदन देकर लगाया है। आवेदन में बताया कि पति मनोज कुमार साह, भैंसुर हेमंत कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार साह, ननद गुजा देवी एवं भतीजा अमित कुमार को झूठा मुकदमा कर फंसाया जा रहा है। बताया कि विपक्षी पूजा कुमार दबंग नेत्री है। बीते 28 नवंबर को विपक्षी पूजा कुमारी द्वारा गलत नीयत से कपड़ा फाड़ने, गाली–गलौज, मारपीट एवं डायन प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सरैयाहाट में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें छीनतई का भी आरोप लगायी है। मामले में सरैयाहाट पुलिस थाना कांड संख्या 165/ 24 के तहत मामला दर्ज की है। आवेदक ने एसपी से मामले की जांच करने कर न्याय की गुहार लगाते हुए विपक्षी द्वारा लगाये गए आरोपों को निराधार बताया है।

### जमशेदपुर कलाकार मंच की दुमका जिला इकाई संग हुई बैठक

दुमका। जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक बंगाली क्लोनी में सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती प्रसाद ने की। जिसमें बंगाली हास्य अभिनेता मनोज मित्रा एवं हरी पदो भूमिज के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कलाकार के निधन से एक युग का अंत हो गया। जो अपूर्णिय क्षति है। उन्होंने इस अवसर पर लोक कलाकर दिवंगत शारदा सिन्हा को भी श्रद्धांजलि दिया। बैठक में अर्पणा दास, रूपा सिंह, सपन सिंह, रूमा बनर्जी, शिल्पा नमता, गणेशी भूमिज, पुष्पलता बाला भूमिज, रूबीनी भूमिज, सीमा जायसवाल, डिंपल जायसवाल, पपाई चक्रवर्ती, साधना चक्रवर्ती, मोनकी भूमिज, महेश रजक, सुमन पाठक, कृष्णा महतो, चंदना बनर्जी, शिखा दूबे, सपना गुप्ता, कविता महतो, समर्पिता सिंह, कस्तुरी बाग आदि मौजूद थे।

### दुमका : आग से झूलसी महिला की हुई मौत

दुमका। ठंड से बचने के लिए आग तापने के दौरान झूलसी 55 वर्षीय महिला सुकुमारी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना 8 दिसम्बर को शाम में मसलिया थाना क्षेत्र के सिदपहाड़ी गांव में घटी थी। जानकारी के अनुसार महिला आग तापने के लिए बोरसी में आग सुलगाई थी। आग ताप रही थी कि अचानक उसके साड़ी के आंचल में आग लग गई और वह गंभीर रुप से झुलस गई। जब तक परिजन पहुंचते, तब तक महिला काफी झुलस चुकी थी। परिजनों ने आनन–फानन में महिला को इलाज के लिए पीजेएमसीएच के बर्न यूनिट में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह में उसकी मौत हो गई। महिला के पुत्र रौशन भंडारी ने नगर थाना की पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि इस घटना में किसी का कोई दोष नहीं है। लिखित आवेदन देने के बाद नगर थाना की पुलिस ने शव को बिना पोस्टमार्टम कराए सौंप दिया।

### गोमिया, पेटरवार व कसमार प्रखंड मुखिया संघ ने किया मंत्री योगेंद्र महतो का स्वागत



बोकारो/कसमार/बेरमो। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो को बोकारो जिला के गोमिया पेटरवार व कसमार प्रखंड मुखिया संघ ने मुरूबंदा आवास पहुंचकर स्वागत किया। गोमिया प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष तेजलाल महतो के नेतृत्व में कसमार पेटरवार व गोमिया प्रखंड के मुखियाओं के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ देकर बधाइयां दी। मौके पर सोनपुरा मुखिया चंद्रशेखर हेंब्रम, मंजूरा मुखिया प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष रानी कुमारी मुर्मू, अरजुआ मुखिया उर्मिला देवी, सदमाकला मुखिया सावित्री देवी, उतासरा मुखिया देवेंद्र प्रसाद नायक, उलगड़ा मुखिया अरविंद मुर्मू, गोमिया प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष तेजलाल महतो बड़की पुन्नू मुखिया भानु कुमारी मोदी, संजय साहू टिकाहरा विनोद आदि मौजूद थे।

### तेनुघाट अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल किया गया

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची के आदेश के आलोक में अधिवक्ता संघ तेनुघाट का सत्र 2024/26 का चुनाव को लेकर 9 दिसंबर को प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा ने बताया कि आज नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन था, जिसमें अध्यक्ष पद पर कामेश्वर मिश्रा, मदन गोपाल वर्मा एवं बद्री नारायण पोद्दार, उपाध्यक्ष पद पर वेंकट हरि विश्वनाथन, अवध किशोर सिंह एवं मोहितोष चक्रवर्ती, महासचिव पद पर रमेंद्र सिन्हा, वकील प्रसाद महतो, सहायक सचिव प्रशासन पद पर शंकर ठाकुर एवं सुशील सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

[illegible] औपबंधिक सूची
जिला–राँची (पार्ट–2)

विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी [illegible] द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मु के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–[illegible], दिनांक–[illegible] के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| 66. | 1. आवेदन क्र0–24/2003 2. आवेदक–जगरे तिर्की पिता–स्व0 मान्द्रु तिर्की 3. ग्राम–कोटाम्बी, पोस्ट–कोटाम्बी, थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग–पुरुष आयु–78 वर्ष पहचान चिन्ह–बायीं तरफ कमर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–24/2004 2. आवेदक–मनका मिंज पिता–बुधवा मिंज 3. ग्राम–कोटाम्बी, पोस्ट–कोटाम्बी, थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग–पुरुष आयु–61 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के हथेली में जला हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–24/2005 2. आवेदक–बान्दे तिर्की पिता–बीरसिंग तिर्की 3. ग्राम–कोटाम्बी, पोस्ट–कोटाम्बी, थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग–पुरुष आयु–66 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–24/2006 2. आवेदक–झिंगा तिर्की पिता–मंगरा तिर्की 3. ग्राम–[illegible] टोली, पोस्ट–[illegible], थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग–पुरुष आयु–69 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर में दाद का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–24/2007 2. आवेदक–[illegible] उरांव पिता–[illegible] उरांव 3. ग्राम–[illegible], पोस्ट–[illegible], थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग–पुरुष आयु–67 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना के पास घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–24/2008 2. आवेदक–[illegible] उरांव पिता–महादेव उरांव 3. ग्राम–[illegible], पोस्ट–[illegible], थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग–पुरुष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–24/2009 2. आवेदक–रघुवीर भगत पिता–[illegible] भगत 3. ग्राम–[illegible] टोली, पोस्ट–[illegible], थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग–पुरुष आयु–69 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 74. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 75. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 76. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 77. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 78. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 79. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 80. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 81. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 82. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 83. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 84. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 85. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 86. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 87. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 88. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 89. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 90. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 91. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 92. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 93. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 94. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 95. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 96. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 97. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 98. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 99. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 100. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 101. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 102. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 103. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 104. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 105. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 106. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 107. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 108. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 109. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 110. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 111. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 112. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 113. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 114. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 115. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 116. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 117. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 118. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 119. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 120. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 121. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 122. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 123. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 124. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 125. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 126. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 127. | [illegible] | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–24/2065 2. आवेदक–[illegible] तिर्की, पिता–स्व0 [illegible] तिर्की 3. ग्राम–[illegible] टोली, पोस्ट–[illegible], थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग– पुरुष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घुटने के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–24/2066 2. आवेदक–[illegible] उरांव, पिता–[illegible] उरांव 3. ग्राम–[illegible], पोस्ट–माण्डर, थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग– पुरुष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–24/2067 2. आवेदक–[illegible], पिता–स्व0 [illegible] उरांव 3. ग्राम–[illegible] टोली, पोस्ट–[illegible], थाना–माण्डर, प्रखण्ड–माण्डर 4. लिंग– पुरुष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. [illegible]
2. [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]

([illegible]) सदस्य — (नरसिंह मुर्मु) सदस्य — ([illegible] उरांव) अध्यक्ष

PR 341554 Home(24-25)D

खबर मन्त्र

रांची. मंगलवार. 10 दिसंबर 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# बांग्ला देश बना चुनौती

जिस प्रकार भारत में वामपंथी संगठन सनातन पर हमला करने वालों को समर्थन देते हैं, उसी प्रकार बांग्लादेश में सक्रिय कथित वामपंथी संगठन और साम्यवादी चीन भी इन कट्टरपंथियों का खुल कर समर्थन कर रहा है। पिछले दिनों बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन ने ढाका में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया इसमें बंगलादेश के सभी इस्लामिक संगठनों को आमंत्रित किया। इनमें अधिकांश वे थे, जिनके हिन्दुओं पर हमला करने के लिये उकसाने वाले वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें एक प्रमुख नाम बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफिकुर्रहमान का है। हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को जमात-ए-इस्लामी जुड़े लोगों का हाथ भी माना जाता है। यह संगठन पाकिस्तान समर्थक है। शेख हसीना की सरकार ने इसपर बैन लगा दिया था। यूनुस सरकार ने पदभार संभालते ही जमात-ए-इस्लामी सहित मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे उन सभी कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटा लिया जिनपर पिछली सरकार ने प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन द्वारा ढाका में बुलाये गये सम्मान समारोह में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसी बैठक में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को चीन यात्रा का निमंत्रण दिया गया। यह निमंत्रण चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से था। यह निमंत्रण पर बांग्लादेश से इस्लामिक संगठनों का चौदह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा पर रवाना हो गया। जो इसी सप्ताह लौटने वाला है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जमात-ए-इस्लामी के केंद्रीय नायब-ए-अमीर और पूर्व संसद सदस्य सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर कर रहे हैं। खलीफा मूवमेंट, खलीफा काउंसिल, इस्लामिक ऑर्डर पार्टी के प्रमुख सदस्य भी शामिल हैं। बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी तथा इस्लामिक संगठनों के प्रतिनिधियों को पहली बार चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने आमंत्रित किया है।

## कार्टून वर्ल्ड







मेष : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

वृष : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मिथुन : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

कर्क : स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

सिंह : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

कन्या : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

तुला : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

वृश्चिक : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

धनु : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

मकर : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

कुंभ : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

मीन : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

# मोदी सरकार के कार्यकाल में निर्यात परिदृश्य में वृद्धि बेहतर



**आत्मनिर्भर** भारत और स्व आधारित अर्थव्यवस्था ने केंद्र में मोदी सरकार का मार्गदर्शन किया है। अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए समय-समय पर लागू की गई नीतियों के अब सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। निरंतर प्रयासों से भविष्य में सभी उद्योगों में मजबूत सकारात्मक आर्थिक परिणाम मिलेंगे। भारतीयों और मोदी सरकार के प्रति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वास, भरोसा और सम्मान में वृद्धि के परिणामस्वरूप भारतीय व्यवसायों और उद्योगों के लिए पूरी दुनिया यानी 800 करोड़ ग्राहक सामने आए हैं। आने वाले वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा करने के लिए युवाओं को अपने ज्ञान, कौशल और शोध योग्यता में सुधार करना चाहिए।

भारत के वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह निर्यात वातावरण में असाधारण सफलताओं द्वारा परिभाषित की गई है। देश ने पेट्रोलियम तेल, कृषि रसायन, अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) और कीमती जवाहरात (जेम्स ) सहित विभिन्न उद्योगों में बड़ी प्रगति की है। यह वृद्धि बेहतर तकनीक, नवीन तकनीकों और प्रतिस्पर्धी विनिर्माण के माध्यम से वैश्विक मांग को पूरा करने की भारत की क्षमता को दशार्ती है। मजबूत सरकारी पहलों के समर्थन से देश न केवल अपने निर्यात आधार का विस्तार कर रहा है बल्कि भरोसेमंद विश्वव्यापी आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को भी बढ़ा रहा है। 4-अंकीय एचएस स्तर पर कई महत्वपूर्ण उत्पाद श्रेणियों में भारत का निर्यात प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है, देश ने शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकताओं के बीच अपनी स्थिति को बरकरार रखा है या इसमें सुधार किया है, सभी का निर्यात मूल्य 2023 में 1 बिलियन डॉलर से अधिक है।

**पेट्रोलियम क्षेत्र**

पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) ने तेजी से विकास किया है, निर्यात मूल्य 2014 में $60.84 बिलियन से बढ़कर 2023 में $84.96 बिलियन हो गया है, जो वैश्विक बाजार का 12.59% है। इस जबरदस्त उछाल ने भारत को दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है, जो बढ़ी हुई रिफाइनिंग सुविधाओं, अधिक उत्पादन क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है, जिसने दुनिया भर में एक विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। इसके अलावा, भारत का कोल टार डिस्टिलेशन उत्पादों का निर्यात 2023 में $1.71 बिलियन तक पहुंच गया, जो वैश्विक बाजार का 5.48% हिस्सा है और कुल मिलाकर चौथे स्थान पर है, जो औद्योगिक मूल्य श्रृंखलाओं में इसकी प्रासंगिकता को दशार्ता है।

**कृषि रसायन क्षेत्र**

भारत को कृषि रसायन क्षेत्र में विशेष रूप से कीटनाशकों, कृंतकनाशकों और कवकनाशकों के मामले में बड़ी सफलता मिली है। 2023 में निर्यात 4.32 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जो विश्वव्यापी बाजार का 10.85% है, यह 2014 में 5.89% था। अनुसंधान और विकास में निवेश, साथ ही अंतरराष्ट्रीय कृषि मानकों के पालन ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बनने में मदद की है। यह वृद्धि स्थायी कृषि को बढ़ावा देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ती है।

भारत के चीनी निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, देश की गन्ना या चुकंदर चीनी के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी 2014 में 4.31% से बढ़ कर 2023 में 12.21% हो गई है। 2023 में निर्यात कुल 3.72 बिलियन डॉलर रहा, जिसने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया। मजबूत उत्पादन आधार और लाभकारी कृषि नीतियों ने भारत को विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका में बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम बनाया है, जिससे उसका कृषि क्षेत्र मजबूत हुआ है।



\- पंकज जयस्वाल

> निरंतर प्रयासों से भविष्य में सभी उद्योगों में मजबूत सकारात्मक आर्थिक परिणाम मिलेंगे। भारतीयों और मोदी सरकार के प्रति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वास, भरोसा और सम्मान में वृद्धि के परिणामस्वरूप भारतीय व्यवसायों और उद्योगों के लिए पूरी दुनिया यानी 800 करोड़ ग्राहक सामने आए हैं। आने वाले वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा करने के लिए युवाओं को अपने ज्ञान, कौशल और शोध योग्यता में सुधार करना चाहिए।

**इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र**

इलेक्ट्रिकल ट्रांसफॉर्मर और संबंधित घटकों के निर्यात से देखा जा सकता है, जो 2014 में 1.08 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023 तक 2.85 बिलियन डॉलर हो गया है। भारत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 2023 में 2.11% हो गई, जो इसे 2014 में सत्रहवें स्थान से दसवें स्थान पर ले गई। ₹मेक इन इंडिया₹ और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं जैसे सरकारी योजनाओं ने इस प्रगति को गति दी है, जिसके परिणामस्वरूप एक मजबूत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जैसा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने जबरदस्त परिणाम दिए हैं। निर्यात 2014 में 0.23 बिलियन डॉलर से बढ़ कर 2023 में 1.91 बिलियन डॉलर हो गया, जो 1.40% की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी तक पहुँच गया और नौवें स्थान पर पहुँच गया, जो 2014 में 20वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह उपलब्धि वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भागीदारी को दशार्ती है, जिसे घरेलू उत्पादन और नवाचार में सुधार की पहलों द्वारा बल मिला है। इलेक्ट्रिक मोटरों और जनरेटरों के लिए भागों का निर्यात भी काफी बढ़ गया है, जो 2023 में 4.86% की वैश्विक हिस्सेदारी के साथ 1.15 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे भारत 2014 में 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। यह वृद्धि नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की दुनिया भर में बढ़ती मांग के अनुरूप है, जिसने भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

**रबर न्यूमेटिक टायर और अन्य औद्योगिक उत्पाद**

भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में बहुत प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इसका वैश्विक बाजार हिस्सा बढ़कर 3.31% हो गया, जिससे यह 2014 में चौदहवें स्थान से आठवें स्थान पर पहुँच गया। यह विस्तार भारत की गुणवत्ता, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और विभिन्न ग्राहकों, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सेवा करने की क्षमता पर जोर देता है। इसी तरह, नल, वाल्व और ऐसे ही औद्योगिक उत्पादों का निर्यात 2023 में 2.12 बिलियन डॉलर था, जो दुनिया भर के बाजार का 2.16% था और भारत को वैश्विक स्तर पर 10वें स्थान पर रखता है। यह सफलता काफी हद तक उन्नत उत्पादन विधियों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के कारण है।

## लेटर टू एडिटर

### एक नई शुरूआत

**लद्दाख** सीमा पर 2020 के बाद से भारत और चीन की सेनाएं पीछे हटी हैं, और पेट्रोलिंग भी शुरू हो गई है। दीपावली पर मिठाई वितरण हुआ, और प्रधानमंत्री मोदी तथा राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सकारात्मक मुलाकात से तनाव कम हुआ है। विदेश मंत्री जयशंकर शांति प्रयासों में लगे रहे हैं। हालांकि, हमें चीन के साथ रुको, देखो और आगे बढ़ो की नीति बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि अतीत में हम धोखा खा चुके हैं।

**– शकुंतला महेश, रांची**

### और बढ़ा प्रदूषण

**दीपावली** पर पटाखों की सुनामी से देश में गंभीर समस्याएं उत्पन्न की हैं। अस्पतालों में जलने, आंखों में जलन और अस्थमा के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इस वर्ष प्रदूषण तीन सालों में सबसे अधिक रहा, और आग की 318 घटनाएं दर्ज हुईं, जो पिछले 13 वर्षों में सबसे ज्यादा हैं। यह साल दर साल बढ़ता जा रहा है जो अच्छा संकेत नहीं है। **–रवि, रांची**

## X ट्वीट

स्कूली शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा सुलभ बनाने के लिए हमारी सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। इस कदम से जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ होगा। **–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**हमारे** आवास पर राज्य के विभिन्न जिलों से आईं पोषण सखी दीदियों से मिलकर खुशी हुई। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद ने हमें नई ऊर्जा दी है।

जब केंद्र सरकार ने हजारों पोषण सखियों की योजना को बंद कर दिया और हिस्सा राशि देने से इंकार कर दिया, तब आपका भाई, आपका बेटा हेमन्त सोरेन ही आपके लिए खड़ा था। हजारों पोषण सखी बहनों को पुनर्बहाल किया। **– कल्पना मुर्मू सोरेन**

# वाहनों की पार्किंग की बड़ी समस्या से जूझते शहर और परेशान व्यापारी

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

## समस्या

भारत में वाहन पार्किंग की समस्या महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुराने शहरी नियोजन के घालमेल से पैदा होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और वाहनों के स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिजाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी और उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं।

पार्किंग की समस्या का सीधा कई क्षेत्रों पर पड़ता है। बेशुमार गाड़ियों के जाम से यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण स्तर बढ़ता है तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को भी प्रभावित करती है क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की कीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक बड़ी समस्या है लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोजगार देने की क्षमता काफी ठीक है जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। इसके अलावा, भूमि मूल्य और भीड़भाड़ के आधार पर पार्किंग शुल्क को समायोजित करके भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है। बुनियादी ढांचे के समाधान के अलावा, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी गतिशीलता प्रथाओं को बढ़ावा देने से पार्किंग दबाव कम हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने के उपयोग को प्रोत्साहित करने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे पार्किंग स्थलों की मांग कम हो सकती है।

यह जरूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा। भारत में वाहन पार्किंग की समस्या जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसमें शहरी नियोजन, नीति सुधार, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक परिवर्तन शामिल हैं। इस चुनौती से सीधे निबटकर भारत अपनी शहरी गतिशीलता को बढ़ा सकता है, अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक मिसाल कायम कर सकता है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ एकजुट आतंकी व कट्टरपंथी संगठन

**- रमेश शर्मा**

## सामयिक

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ आतंकवादी और कट्टरवादी संगठन एकजुट हो गये हैं। हिन्दुओं पर धर्मान्तरण का दबाव बनाया जा रहा है। चटगाँव में तो एक हिन्दु परिवार को अंतिम संस्कार करने से भी रोका गया। इन कट्टरपंथी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान का हाथ है। जबकि चीन ने कट्टरपंथ इस्लामिक प्रतिनिधियों को अपने यहाँ दावत पर बुलाया है।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हो गये थे जो अब चार महीने बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहे। हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर लगातार हो रहे हमलों में बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी संगठन, इस्लामिक धर्मगुरु और मुस्लिम कट्टरपंथी एकजुट हैं। इन्हें कथित साम्यवादी शक्तियों का भी समर्थन है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध यह गठबंधन ठीक उसी प्रकार है जैसे अगस्त 1946 मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन के समय देखा गया था। हिन्दुओं पर हमलों का वह दौर भी लंबा चला था और बंगाल व पंजाब में हिंसा भारत विभाजन तक जारी रही थी। वैसी ही हिंसा अब दिख रही है। गाँव-बस्ती की बात नहीं बांग्लादेश की जेलों में बंद हिंदू भी सुरक्षित नहीं रहे। जेल के भीतर भी हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आ रहीं हैं।

हसीना सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेश की विभिन्न जेलों में लगभग 700 आतंकवादी बंद थे, जो रिहा कर दिये गये। लगता है हिन्दुओं पर हमलों की यह तैयारी बहुत पहले से कर ली गई थी। इसकी किसी को भनक तक न लगी। बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन का अभियान छात्र आंदोलन के नाम पर आरंभ हुआ था जिसमें हिन्दू छात्र भी सम्मिलित थे। लेकिन जैसे ही शेख हसीना ने बांग्लादेश देश छोड़ कर भारत में शरण ली, उसी दिन से हिंदुओं पर हमले शुरू हो गये। सबसे पहले भीड़ ने उन हिन्दू छात्रों को निशाना बनाया था जो आंदोलन में शामिल थे। उसके बाद नगरों और गांवों में हिन्दुओं पर हमले शुरू हुये। इन चार महीनों में हमलों की कितनी घटनाएँ हुईं इसका सही आंकड़ा नहीं है, चूंकि अधिकांश स्थानों पर स्थानीय पुलिस हमलावरों से मिली होती है। मीडिया में ढाका से कुछ वीडियो तो ऐसे भी आये जिनमें पुलिस की ड्रेस पहने व्यक्ति भी लूटपाट करते और महिलाओं को घसीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, चटगाँव के एक वीडियो में भीड़ ने हिन्दुओं को मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोका और हिन्दू परिवार को अपने परिजन का अग्निदाह के बजाय उन्हें धरती में दफ्न करना पड़ा। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ऐसे अमानवीय और क्रूरतम हमलों की कहानी बयान करने वाले कई वीडियो सामने आये हैं। इनमें से कुछ तो भारत के राष्ट्रीय चैनलों ने दिखाये भी गए हैं। इससे भारत में विरोध के स्वर उभरे तो अब बांग्लादेश सरकार ने ऐसी वीडियो पर रोक लगा दी है। पिछले तीन-चार दिनों से ऐसे वीडियो भारत नहीं आ पा रहे लेकिन हिन्दुओं पर हमलों घटनाएँ निरंतर घट रही हैं।

**कट्टरपंथी संगठन**

बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, यह सामान्य नहीं है। यह सबकुछ आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों की योजना से हो रहा है। हमलों से स्पष्ट है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार नाममात्र की है। परदे के पीछे इसका संचालन कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं। इसकी झलक उसी दिन मिल गई थी जब सरकार संभालते ही मोहम्मद युनुस ने कुछ आतंकी संगठनों से प्रतिबंध हटाया था। इन सभी आतंकी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान और चीन, दोनों का हाथ है इसीलिए युनूस सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। इन कट्टरपंथी संगठनों में जमात-ए-इस्लामी, जमात-उल-मुजाहिदीन, मुस्लिम ब्रदरहुड और हिफाजत-ए-इस्लाम शामिल हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार ढाका के इस्कान मंदिर पर हमले का आदेश हिफाजत-ए-इस्लाम ने दिया था। वहीं, जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश के हिन्दू मंदिरों को तोड़ने की खुली घोषणा कर रखी है। जमात-ए-इस्लामी के बारे में माना जाता है कि यह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करता है और इसका नेटवर्क भारत में भी है। जबकि जमात-उल-मुजाहिदीन पूरे बांग्लादेश में फैला है। बताया जाता है कि इस संगठन में दस हजार लड़ाके और एक लाख से अधिक कट्टरपंथी जुड़े हैं।इस संगठन के बारे में यह भी कहा जाता है भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर करने के लिये भारत में ड्रग्स और नकली नोटों का कारोबार भी करता है। इन सभी संगठनों के लोग खुलेआम सड़कों पर देखे जा रहे हैं और हिन्दुओं पर हमलों के लिये उकसा रहे हैं।

**कट्टरपंथियों को चीन का भी समर्थन**

इससे पहले पिछले बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा करके लौटा है। इस प्रतिनिधिमंडल को भी चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने ही आमंत्रित किया था ।

**भारत के लिये नई चुनौती**

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ये हमले केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहने वाले। ये भारत के लिये नई चुनौती की दस्तक दे रहे हैं।

जिन आतंकी संगठनों के इशारे पर बांग्लादेश में हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है उनमें से कुछ का गुप्त नेटवर्क भारत में भी है, दूसरा इन संगठनों को चीन का भी समर्थन है। बांग्लादेश के कथित छात्र आंदोलन की तरह भारत में शासन व्यवस्था को भीड़ तंत्र में बदलने के प्रयास होने लगे हैं। जिस प्रकार बांग्लादेश पाकिस्तान और चीन से हथियार एकत्र कर रहा है, वह भी साधारण नहीं है। इसे देखकर न केवल भारत सरकार अपितु भारत के प्रत्येक सामान्य जन को अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### कोहरे के आगोश में सिमटा रहा चरही और कोयलांचल

**चरही।** चरही और कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार को एक घण्टे तक झमाझम बारिश होने के कारण ठंढ़ बढ़ गयी है। ग्रामीण अपने-अपने घरों में दुबक कर रह गए। यहां तक कि बच्चे स्कूल भी नहीं जा सके। अहले सुबह से लेकर लेकर शाम तक पूरा क्षेत्र कोहरे के आगोश में सिमटा रहा। चरही एनएच-33 के रांची-पटना मार्ग समेत पूरा कोयलांचल क्षेत्र में कोहरे के सफेद चादर के आगोश में सिमटा रहा। सुबह में पूरी तरह कुहासे के कारण एनएच-33 के रांची-पटना मुख्य मार्ग में कुछ समय तक आवागमन करीब लगभग तीन घण्टे तक रुक सा गया था। कई वाहन चालक कोहरे को देखते हुए अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़े कर दिए। कई वाहनों को देखा गया कि हेड लाइट जलाकर आवागमन करते रहे। धीरे-धीरे कोहरे के छंटते ही आवागमन चालू हो पाया। वहीं कोहरे को लेकर सीसीएल हजारीबाग कोयलांचल क्षेत्र में भी कुहासे का प्रभाव रहा। इस कुहासे से आमजन जीवन भी अस्त- व्यस्त रहा। अहले सुबह से ही सर्द सनसनी हवाएं चलने से लोग घरों में सिमट कर रह गये। शाम तक कोहरे छाए रहे। आसमान में बादल छाए हुए हैं। कभी भी पुन: बारिश हो सकती है।

### सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत

**हजारीबाग।** जिला के केरेडारी थाना क्षेत्र के लोयसुकुवार के पुरनी पेटो गांव में ट्रेक्टर की चपेट में आने से आयुष कुमार (16) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक आयुष के घर पर उसकी चचेरी बहन की शादी मंगलवार को थी। इसलिए वह सामान लेने सोमवार को दुकान जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बालू लदा ट्रैक्टर ने उसे अपने चपेट में ले लिया और उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना के बाद टंडवा हजारीबाग मार्ग को ग्रामीणों ने जाम कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बालू इस इलाके से अवैध रूप से निकलता है और वाहन चालक ज्यादा बालू ले जाने के चक्कर में तेजी से वाहन को भगाते हैं। फिर भी पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती। ऐसा लगता है कि पुलिस प्रशासन की मिलीभगत के कारण ऐसा हो रहा है। सड़क जाम होने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही केरेडारी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि इस सड़क पर एनटीपीसी के हाइवा भी भारी संख्या में चलते हैं।

### साइकिल यात्रा से सम्पूर्ण भारत भ्रमण पर निकले युवक का स्वागत

**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता के लिए साइकिल यात्रा पर निकले 32 वर्षीय युवक सूर्यकान्त मिश्रा जो उत्तरप्रदेश के निवासी हैं, का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'हर मनुष्य का मूल कर्तव्य है कि वह पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान दे और उसे संवारे क्योंकि पर्यावरण और प्राणी एक दूसरे पर आश्रित हैं।' इस अवसर पर सर्वणा मिश्रा, बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कु. जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कु. दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु. पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद , नाजरा, सुनीता एवं सभी सत्रों के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### एसआरयू की ओर से सर्वे रास्ता को बंद किये जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**रामगढ़।** मरार वासियों के प्रतिनिधिमंडल ने एसआरयू इफिको के महाप्रबंधक प्रभारी से मुलाकात कर उन्हें आवेदन दिया। महाप्रबंधक प्रभारी को दिए आवेदन में मरार वासियों ने बताया कि जब प्लांट की स्थापना की गई थी उसी समय से प्लांट के बगल से सर्वे का रास्ता गुजर रहा है। लोगों ने बताया कि इसी रास्ते से हेसला, मनुवा और फुलसराय के लोग आते-जाते हैं। मरार वासियों ने आवेदन में बताया कि यह रास्ता सर्वे का है। लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मेन गेट को बंद कर दिये जाने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इफिको परिसर में चोरों ने की पत्थरबाजी

**रामगढ़।** शनिवार की शाम 6 बजे के लगभग एसआरयू इफिको परिसर में चोरों के घूसने की सूचना के बाद अफरा-तफरी मच गई। चोरों ने परिसर में घूसने के बाद पत्थरबाजी की। जिसमें वहां कार्यरत एक ठेकाकर्मी नवल किशोर को चोट लगी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मामले के संबंध में पूछताछ कर पुलिस चली गई। इधर, सूत्रों ने बताया कि इफिको परिसर में आए दिन चोर घूस जाते हैं और पत्थरबाजी करते रहते हैं। बावजूद इसके प्रबंधन इसको लेकर कोई ठोस कार्य अबतक नहीं कर पाया है।

### पूर्व राजद विधायक दीनानाथ सिंह ने मां छिन्नमस्तिके में की पूजा-अर्चना



**रजरप्पा।** पालीगंज (पटना) के पूर्व विधायक दीनानाथ सिंह यादव सोमवार को मां छिन्नमस्तिके मंदिर रजरप्पा पंहुचे। यहां पर उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। पूजा अर्चना कर माता से राज्य (बिहार-झारखण्ड) की जनता की सुख और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर राजद पटना जिला उपाध्यक्ष मंटू यादव सहित जगत नारायण शाह, धीरज सिन्हा, अशोक महतो, दशरथ यादव, रमेश प्रसाद, रवि यादव, मुकेश कृपाली आदि मौजूद थे।

# मांगुर मछली लदा पिकअप वैन कंटेनर से टकराया, चालक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के गडलाही मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिकअप वैन और कंटेनर संख्या एचआर 38 एसी 8210 के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पिकअप वैन संख्या डब्लूबी 23 एफ 7498 के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. मनिरुल हक (पिता मो. कबिरुल हक), निवासी कंदापुकुर, शिवदासपुर, जिला उत्तर परगना, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है।




### प्रतिबंधित मांगुर मछली के परिवहन पर उठे सवाल

घटना के बाद यह बात सामने आई है कि दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन में प्रतिबंधित मांगुर मछली लदी हुई थी। देश में मांगुर मछली के उत्पादन और परिवहन पर प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद खुलेआम इसे सड़कों पर ले जाया जा रहा है। इस मामले ने पुलिस और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में

मांगुर मछली पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद इसका परिवहन पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर लगाम लगाने में पुलिस की नाकामी स्पष्ट है।

### घटनास्थल पर अफरा-तफरी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वैन तेज रफ्तार में था और नियंत्रण खोने के कारण कंटेनर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को बचाया नहीं जा सका।

### स्थानीय निवासियों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियां रोकी नहीं गईं तो और भी बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बताया है कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हालांकि, मांगुर मछली के परिवहन को लेकर अभी तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है। यह घटना केवल सड़क दुर्घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रतिबंधित गतिविधियों और प्रशासनिक लापरवाही का भी खुलासा करती है।

## समाज कल्याण पदाधिकारी ने की योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** समाज कल्याण की समीक्षा बैठक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पायी गयी। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा में केरेडारी, चैपारण, बरही, विष्णुगढ़, बरकट्ठा की उपलब्धि 50 प्रतिशत एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पदमा, ईचाक, डाड़ी, विष्णुगढ़ एवं बरकट्ठा की उपलब्धि 70 प्रतिशत से कम पायी गई। उन्हें अविलंब शत-प्रतिशत करने का निदेश दिया गया। पोषण ट्रैकर एप्प में सभी वास्तविक लाभुकों को शत-प्रतिशत पोर्टल पर प्रविष्टि करने, लाभार्थियों का वजन, टीएचआर, वीएचएसएनडी, सीबीई गतिविधि आयोजित करते हुए पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। जिलांतर्गत सभी उत्क्रमण 76 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक पखवाड़ा के अंदर चयन करने एवं साथ ही दो दिनों के संबंधित केन्द्रों में चयन की तिथि निर्धारित जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। पोषाहार का अभिश्रव एवं सेविकाओं, सहायिकाओं के मानदेय उपस्थिति विवरणी प्रत्येक माह के 5वीं तारीख तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही 0-5 वर्ष के बच्चों को आधार पंजीयन हेतु सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को आपरेटर आईडी के लिए आनलाईन आवेदन करते हुए परीक्षा में शामिल होने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राखी चन्द्रा, प्रतिमा कुमारी व पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थीं।

## हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने ली शपथ, क्षेत्र के विकास की जतायी प्रतिबद्धता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण विधानसभा के प्रथम सत्र के शुरूआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग विधानसभा के विधायकों ने शपथ ली।

जिसके बाद हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में शपथ ग्रहण किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतने वाले प्रदीप प्रसाद ने ईश्वर की शपथ लेता हूं ... के साथ शपथ ली और क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के दौरान प्रदीप प्रसाद अपने सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता के साथ नजर आए।



पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हजारीबाग की जनता ने मुझे जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मेरा यह दायित्व है कि मैं क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरूं। मेरा उद्देश्य केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना और हजारीबाग को विकास का मॉडल बनाना है। मैं अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र में बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और हजारीबाग में औद्योगिक विकास को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के विजन को साकार करते हुए मैं हजारीबाग को एक सशक्त और आत्मनिर्भर विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हूं। क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है।

प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करेंगे। क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सड़कों और पुलों का निर्माण और डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। मैं हजारीबाग के हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। यह मेरा वादा है कि मेरे कार्यकाल में कोई भी नागरिक खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करेगा।

जनता से संवाद और विश्वास के साथ विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनका मुख्य उद्देश्य आज हजारीबाग को झारखंड के सबसे प्रगतिशील और समृद्ध क्षेत्रों में शामिल करना है।

## बरही विधायक मनोज यादव ने ली शपथ, क्षेत्र की जनता के प्रति जिम्मेदारी निभाने का किया वादा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** झारखंड विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन सोमवार को विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण किया।

बरही विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव ने भी विधानसभा में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले मनोज यादव ने क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का वादा किया।



**जनता का आभार और विकास का संकल्प :** शपथ के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक मनोज यादव ने बरही की जनता को उनके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, बरही की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा। मेरा उद्देश्य न केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान कर बरही को विकास का मॉडल बनाना है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया। साथ ही, क्षेत्र में बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

**बरही को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प :** विधायक मनोज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए वह बरही को एक आत्मनिर्भर और सशक्त विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने औद्योगिक विकास को गति देने, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, सड़कों और पुलों का निर्माण, और डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर काम करने का वादा किया।

**पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेही का वादा :** विधायक मनोज यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह हर नागरिक की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने ली शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने शपथ ली और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता जतायी। इस दौरान उन्होंने बिरसा भगवान की धरती, विधानसभा को नमन किया। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और क्षेत्र को नये पटल पर लाने के लक्ष्य के साथ आज झारखंड विधानसभा पहुंचकर लोकतंत्र के मंदिर को नमन किया। झारखंड विधानसभा के मंदिर में पहुंचाने का अवसर प्रदान करने के लिए बड़कागांव विधानसभा के सभी देवतुल्य जनता का आभार जताया। यह पल मेरे लिए गर्व, ऐतिहासिक, स्मरणीय और कृतज्ञता से भरा हुआ है, मैं आपका सेवक था, हूं और हमेशा बनकर क्षेत्र की आवाज को बुलंद करूंगा। क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। मेरा यह दायित्व है कि मैं क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरूं, मेरा उद्देश्य केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना भी है।



## पंसस जीतू ठाकुर ने की ठंड से राहत के लिए लकड़ी और कंबल की व्यवस्था की मांग

बरही। बरही पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर ने ठंड से प्रभावित लोगों की मदद के लिए प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों से विशेष आग्रह किया है। उन्होंने बरही प्रमुख, अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से निवेदन किया है कि इस ठंड के मौसम को देखते हुए पिछली बार की तरह इस बार भी विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था की जाए। जीतू ठाकुर ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया है कि ठंड से राहत के लिए कंबल वितरण का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों को सबसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार और प्रशासन की ओर से समय पर मदद पहुंचाना बेहद जरूरी है। पंचायत समिति सदस्य ने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव और कंबल की मांग की है।



## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने आंगनबाड़ी केंद्रों में किया स्वेटर वितरण

- कहा- बच्चे देश का भविष्य, उनकी शिक्षा और पोषण में कोई कमी नहीं होगी



**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत कोरियाडीह के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में ठंड को देखते हुए सोमवार को छोटे बच्चों और बच्चियों के बीच धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है। आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है। बच्चे एक जैसा स्वेटर पहन कर आएंगे तो काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही ठंड में इन्हें राहत मिलेगी। स्वेटर पाकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। सभी अभिभावकों को प्रतिदिन अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। कहा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कई अन्य चीजें भी सिखाई जाती है, आंगनबाड़ी केंद्र में खेल-खेल में ही बच्चे कई चीज सीख जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र पर ही दी जाती है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सेविका और सहायिका को केंद्र का संचालन सही तरीके से करने का भी दिशा निर्देश दिया गया।

इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका किरण कुमारी, अनिता कुमारी सहायिका मंजू देवी, आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चे बच्चियों सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई-निविदा सूचना संख्या – 18/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी0एम0एफ0टी0 (501/विकास, दिनांक 08.10.24)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | चतरा | सिमा | हफुआ उच्च विद्यालय के प्रथम तल पर 04 वर्ग कक्ष निर्माण। | 3789600 | 5000 | 76000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14/12/2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 16.12.2024 से 23.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.12.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 341569 District(24-25)D


## हर छात्र की यूनिक पहचान के लिए है अपार आईडी : प्राचार्य

- अपार आईडी पर श्री अग्रसेन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को 'क्या और क्यों है अपार आईडी' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय और आसपास स्कूलों के अभिभावकों को अपार आईडी के संबंध में जागरूक किया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने बताया कि अपार यानी ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आधार की तरह ही 12 अंकों की एक विशिष्ट आईडी है। नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार भारत सरकार की 'वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी' योजना के तहत सभी स्कूलों में बच्चों की अपार आईडी बनाई जा रही है। यह आईडी हर छात्र की यूनिक पहचान के लिए है। उन्होंने कहा कि आधार और अपार आईडी को लेकर अधिकतर अभिभावकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। लोग दोनों को एक समझ रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। दोनों अलग-अलग आईडी है। आधार किसी व्यक्ति की पहचान और पते का प्रमाण होता है। जबकि अपार आईडी में छात्र के प्री-प्राइमरी से लेकर हायर एजुकेशन तक के परीक्षा परिणाम, स्कॉलरशिप, प्रतियोगिता, एक्स्ट्रा करिकुलर, स्किल और शैक्षणिक सफर की पूरी डिटेल दर्ज रहेगी। यह छात्रों के लिए एक प्रकार का डिजिटल लॉकर होगा। निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने कहा कि अपार आईडी का सबसे बड़ा फायदा होगा कि इससे फर्जी एजुकेशनल डॉक्यूमेंट और मार्कशीट जैसे मामलों पर नकेल कसेगी। अपार आईडी के जरिए ही नियोक्ता नौकरी के मामले में उम्मीदवार की सारी जानकारी को एक क्लिक पर वेरीफाई कर सकेंगे। विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं, एडमिशन, छात्रवृत्ति, इंटर्नशिप, सर्टिफिकेशन, सरकारी योजनाओं आदि के ऑथेंटिकेशन का काम अपार आईडी के माध्यम से होगा। विद्यालय में अपार आईडी कैंप को लीड कर रहीं नाजिया तौहिद ने अभिभावकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। बताया कि अपार आईडी छात्र के आधार कार्ड से जुड़ा रहेगा। अगर छात्र नाबालिग है, तो अपार आईडी बनाने के लिए उसके माता-पिता से अनुमति पत्र लेना जरूरी है। नौकरी करने वाले अभिभावकों के मामले में एक राज्य से दूसरे राज्य में तबादला की स्थिति में अपार आईडी बच्चे से जुड़ी उनकी कई तरह की परेशानियों को कम करेगा।



इस अवसर पर अभिभावक चंदन कुमार सिंह, रामनवमी मांझी, सीमा देवी, आरती सिन्हा, विनोद शाह, श्रवण कुमार, विकास वर्मा, दिलीप प्रसाद साव, होमियो इस्लाम, बसंत कुमार, रंजीत कुमार, आयशा खातून, विजय कुमार गुप्ता उपस्थित थे।


**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**
(A Govt. of Jharkhand Undertaking)
5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851
CIN U45208JH2004GOI011078

Letter no: -744 Dated:09.12.2024

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**NIT NO/TENDER REF.NO. JIIDCO/20/2024-25**

Sealed tenders are invited, on Item rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department (BCD) or any Department, Government of Jharkhand and similar nature of work for the work as given below:

| Sl. no. | Name of work | Estimated cost (Rs.) | Earnest money @ 2% of Estimated cost (approx) (Rs.) | Cost of tender fee (Non refundable) Including 18% GST | Class of Contractor | Time of completion (In month) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | हजारीबाग में जिला परिषद् के नव निर्मित में, झारक्राफ्ट इम्पोरियम निर्माण कार्य। | 29,54,154.00 | 59,100.00 | 5,900.00 | III | 04 Months |

a. Tender documents can be purchased from the office of M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours on dated 24.12.2024
b. Tender will be received on 26.12.2024 till 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 26.12.2024 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
d. The estimated cost mentioned above in sl. No.1 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.

Note: For any information/complaints the department helpline no/ Mobile no. 7004785102 may be contacted.

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

PR 341594 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(24-25).D

### साढ़े तीन करोड़ की लागत से निर्मित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा

# 30 बेड वाले अस्पताल भवन इस्तेमाल के बिना हुआ खंडहर

**ब्यूरो प्रमुख**

**कोडरमा।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने खास कर आदिम जनजातियों और अभिवंचित वर्ग के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोकाई बागीटांड रोड बिरहोर टोला के नजदीक करोड़ों की लागत से बनाये गए 30 शैय्या वाले अस्पताल भवन बिना इस्तेमाल के ही खंडहर में तब्दील हो चुका है, अस्पताल भवन और स्टाफ क्वार्टर की स्थिति इतनी भयावह है कि रात तो दूर लोग दिन में भी उस रास्ते से गुजरने में सहम जाते हैं। एक बड़े भू-भाग में बने इस अस्पताल भवन का उचित देखभाल और रखरखाव नही होने से भवन पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो गया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा



लोकाई में 3 करोड़, 53 लाख 59 हजार 200 की लागत से 30 शैय्या वाले मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की स्वीकृति 31 मई 2008 को दी गयी थी और इस भवन के निर्माण के लिए आरईओ को कार्य एजेंसी बनाया गया था, योजना की स्वीकृति के उपरांत आरईओ के द्वारा निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था। इतनी बड़ी राशि से न केवल अस्पताल भवन बनाना था बल्कि स्टाफ क्वार्टर के साथ-साथ अन्य जरूरी भवन भी बनाये जाने थे, योजना की स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ और भवन भी लगभग पूर्ण किया गया, इसके एवज में 2 करोड़ 75 लाख का भुगतान भी किया गया, इतने बड़े राशि से भवन तैयार होने के बावजूद भी इस्तेमाल नही होने और उचित रूप से देखभाल नही होने के कारण भवन पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो गया है। आलम यह है कि भवन के खिड़की और दरवाजे में लगे पल्ले, ग्रिल आदि भी असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ लिया गया है।

## एक नजर में

## व्यवसायी सह राजद नेता के घर हमले का प्रयास, परिवार दहशत में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** व्यवसायी व राजद प्रदेश महासचिव रोहित मेहता के डोमचांच स्थित घर पर बीती रात अज्ञात अपराधकर्मियों ने घर में घुसने का प्रयास किया, मगर सफल नहीं हो सके। इस संबध में रोहित मेहता ने बताया कि जब हमलोग सो रहे थे तभी अर्धरात्रि को मेरे बालकनी में खट-खट की आवाज आयी, दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। तभी मैं जागकर पूछने लगा कि कौन है, तब अपराधकर्मियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उसके बाद हमलोग डरकर दूसरे कमरे में चले गये। वहीं से रिश्तेदारों और डोमचांच थाना को फोनकर घटना की जानकारी दिया। वहीं पुलिस और ग्रामीणों के आते देख अपराधकर्मी फरार हो गये। वहीं अपराधकर्मी घर के पीछे सीढ़ी लगाकर छत पर पहुंचे एवं रस्सी के सहारे बालकनी में उतरे। इस घटना से पूरा परिवार दहशत में है। वहीं अपराधकर्मियों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना की सूचना पाकर डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल किये। वहीं मामले को लेकर व्यवसायी रोहित मेहता पिता युवराज मेहता ने डोमचांच थाना में आवेदन दिया है। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। मामले को लेकर थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने कहा कि घटना को लेकर हर तरह से पुलिस जांच कर रही है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर घायल पति-पत्नी गंभीर, रिम्स रेफर



**खबर मन्त्र संवादाता**

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की सुबह जयनगर नदी पुल के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों की पहचान 50 वर्षीय प्रमिला देवी और 60 वर्षीय सुंदर मोदी जयनगर थाना क्षेत्र के हीरोडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुंदर मोदी अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से जयनगर से कोडरमा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पुल के समीप अनियंत्रित मोटरसाइकिल से दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आस-पास के लोगों ने आनन-फानन में घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में चतरा में प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ सोमवार को शहर में जनाक्रोश रैली निकाली गयी। यह रैली विभिन्न हिंदु संगठनों के द्वारा निकाला गया था। रैली शहर के झुमड़ा मोहल्ला स्थित मैदान से निकली, जो मुख्य मार्ग होते हुए मारवाड़ी मोहल्ला, पुराना पेट्रोल पंप, मेन रोड, केसरी चौक, जतराहीबाग होते हुए डीसी आफिस पहुंची, जहां धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल डीसी रमेश घोलप से मिलकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान हिन्दुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे, बंगलादेशी घुसपैठियों को भगाओ सहित कई नारे लगाये गये थे। कार्यक्रम के संयोजक राजेश साह और प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक केशरी ने बताया कि जिस प्रकार से बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है, वह निंदनीय है। बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई, अल्पसंख्यक धार्मिक कट्टरपंथियों के शिकार हो रहे है। धार्मिक स्थलों पर हमले बढ़ रहे है। जिसके विरोध में जनाक्रोश रैली निकाली गयी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक केशरी ने किया। वहीं विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख सुबोध सिंह शिवगीत, प्रांत मुख्य मार्ग प्रमुख नित्यानंद उपाध्याय, कार्यक्रम के संयोजक राजेश साह, कार्यक्रम अध्यक्ष अम्बिका भोक्ता, विहिप जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल संयोजक अंकित पांडे, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, ओमप्रकाश वर्मा, अंबिका सिंह भोक्ता, अशोक शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक केशरी, आशीष दांगी, विद्यासागर, मुन्ना यदुवंशी, रोहित पाण्डेय, हिंदू राष्ट्र संघ नगर अध्यक्ष अभिषेक कांस्याकार पुट्टू खंडेलवाल, विकास केसरी बंटी गुप्ता, सतीश गुप्ता, संजय प्रजापति, मनोरमा देवी, अनामिका देवी, राजेश पासवान, शैलेश शेखर, अलोक कुमार, शुभम कुमार सहित सनातन समाज उपस्थित रहे।

**सुरक्षा का था पुख्ता इंतेजाम :** विभिन्न हिन्दु संगठनों के द्वारा शहर में निकाली गयी रैली में सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया गया था। एसडीपीओ संदीप सुमन और सदर थाना प्रभारी बिपिन कुमार दल बल के मौजूद थे। इसके अलावा पुलिस के पदाधिकारी और जवान हर चौंक चौराहों पर तैनात थे। समाहरणालय के समीप बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजुद थे। रैली शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया।



### दिन भर बंद रही शहर की दुकानें

बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शहर की अधिकतर दुकानें बंद रहीं। लोगों ने स्वेच्छा से अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखकर इसका विरोध किया।

शहर के पुराना पेट्रोल पम्प से लेकर केशरी चौक, अव्वल मुहल्ला, जतराही बाग की सारी दुकानें बंद रहीं।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखकर बंगलादेश में हिन्दुओं के साथ किये जा रहे बरबरता का विरोध किया और इसमें केंद्र को हस्ताक्षेप करने की मांग की।

## राजद में भितरघात समेत अन्य कारणों को लेकर सियासी पारा चरम पर

**चतरा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव सरकारी स्तर पर हार-जीत का अध्याय पूरा हो गया। यह कहना गलत होगा कि चतरा विधानसभा चुनाव से किसी खास राजनीतिक दल का अस्तित्व खतरे में है, लेकिन कुछ बड़ा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसका सीधा फायदा जेएमएम-कांग्रेस और बीजेपी या एलजेपी को हो सकता है।

एनडीए समर्थित एलजेपी उम्मीदवार जनार्दन पासवान के विधायक चुने जाने के बाद यह कयास लगाया जा रहा है कि एलजेपी संगठन का विस्तार हुआ तो नए समीकरण की शुरूआत हो सकती है।जिसमें माय समीकरण को नुकसान पहुंचने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मालूम हो कि जिले के क्रमशः 26 सिमरिया और 27 चतरा अनुसूचित जाति आरक्षित विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन से इंडिया महागठबंधन की हार हुई। जबकि झारखंड राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है।लेकिन चतरा विधानसभा से राजद की हार को लेकर भितरघात समेत अन्य कारणों को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। हालांकि आठ दिसंबर को राजद की समीक्षा बैठक में तीन लोगों को छह साल के लिए निष्कासित करने की अनुशंसा की गयी है। राजद शीर्ष नेतृत्व के अंतिम फैसले के बाद किसी बड़ी उथलपुथल से इनकार नहीं किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, चतरा विधानसभा चुनाव में 2,68,805 वोट पड़े, जिसमें एलजेपी के जनार्दन पासावन को 109019 और राजद की रश्मि प्रकाश को 90618 वोट मिले। इसके अलावा कुल नौ उम्मीदवारों को 69168 वोट मिले।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर

## दिखाओ और बताओ प्रतियोगिता आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और सभी के लिए समानता, गरिमा और सम्मान को बढ़ावा देने में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया गया।

वहीं विभिन्न ग्रेड के छात्रों ने रचनात्मक प्रस्तुतियां, पोस्टर और मौलिक मानवाधिकारों का प्रतीक वस्तुओं का प्रदर्शन करते हुए गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिये। उनके प्रयासों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा विद्यालय के प्राइमरी छात्रों के लिए दिखाओ और बताओ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने शानदार प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से अशवि राणा प्रथम, अनिका चावला द्वितीय, कैंची सिंह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा द्वितीय से महक सिंह प्रथम, सात्विक पांडेय एवं पूनम कुमारी द्वितीय एवं संध्या कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा तृतीय से लक्ष्य दारुका प्रथम, कृशव कुमार द्वितीय एवं संस्कृति तृतीय स्थान पर रही। कक्षा चतुर्थ एवं पंचम से आराध्य मिश्रा प्रथम, सरस वर्धन द्वितीय, अमृत कौर तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में छात्रों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि सहानुभूति, सम्मान और समानता हमारे जीवन की आधारशिला होनी चाहिए। इस तरह की गतिविधियां छात्रों को गंभीर रूप से सोंचने और बड़े समाज में जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए सशक्त बनाती हैं। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने छात्रों को अपने समुदायों में मानवाधिकारों की वकालत करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि हमारे राष्ट्र के भविष्य के रूप में आपके पास न्याय और समानता को बनाए रखने की शक्ति है। आपके आज के कार्य एक बेहतर कल को आकार दे सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## कुकिंग विदआउट फायर कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में पोषण माह 2024 के उपलक्ष्य में कुकिंग विदआउट फायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में छात्रों ने बिना आग के बनने वाले पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार किया। इसमें फ्रूट सलाद, स्प्राउट चाट, वेज रोल, केक और हेल्दी सैंडविच जैसे व्यंजन शामिल थे। बच्चों ने अपने नवाचार और रचनात्मकता से यह साबित किया कि पौष्टिक भोजन स्वादिष्ट भी हो सकता है। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों में हेल्दी ईटिंग हैबिट्स को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उन्हें पोषण के महत्व को समझाने में भी सहायक होते हैं। वहीं प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के समय में बच्चे तेजी से जंक फूड की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, बल्कि उनके मानसिक विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है।

## शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय कार्यशाला आरंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कोडरमा में प्रोजेक्ट इंपैक्ट पर माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय कार्यशाला आरंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य कंचन कुमारी, प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार, संकाय सदस्य राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, अमित कुमार, सुमंत कुमार एवं प्रदीप कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के विद्यालयों में विद्यालय वातावरण एवं छात्र-छात्रों में जीवन के मूल्यों एवं नैतिक गुणों का विकास करना है। कार्यशाला के माध्यम से विद्यालय वातावरण को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ्य बनाने में सहयोग मिलेगा। वहीं संस्थान के प्राचार्य द्वारा कार्यशाला के माध्यम से विशेष बल देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं में यदि नैतिक गुणों का विकास हम प्रारंभिक अवस्था से करेंगे, तो वह निश्चित रूप से आने वाले समय में एक जिम्मेवार नागरिक के रूप में भूमिका निभाएंगे।

कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में डायट के सभी संकाय सदस्यों द्वारा शिक्षकों में प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित सभी आयाम को बताने का काम किया जाएगा एवं इससे जुड़े विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। जिसमें संस्थागत गतिविधियां, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन, आदर्श कक्षा, शिक्षक हेतु गतिविधि, दीवार लेखन गतिविधियां, चेतना सत्र हेतु प्रस्तावित गतिविधियां, विद्यालय के आदर्श दिनचर्या आदि शामिल हैं।


## वन प्रबंधन समिति एवं संरक्षण समिति का हुआ पूर्ण गठन अध्यक्ष बने आदित्य ताम्रकार



**खबर मन्त्र संवादाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत भवन में वन प्रबंधन समिति एवं संरक्षण समिति पूर्ण गठन को लेकर सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुमीरा कुमारी और संचालन वनपाल मृत्युंजय कुमार ने किया। जिसमें 24 सदस्य समिति का चयन हुआ। अध्यक्ष आदित्य ताम्रकार सहसचिव आदित्य भारती उपाध्यक्ष शांति देवी का चयन किया गया। इस मौके पर वनरक्षि प्रकाश कुमार उप मुखिया विकास कुमार पांडेय मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती वन सदस्य सुनील कुमार यादव खिरोधर यादव लक्ष्मी पांडेय देव कुमार दांगी अजय रविदास रोहित कुमार दांगी रीता देवी कर्मधारी रजक शिव शंकर गुप्ता इंद्रदेव यादव प्रकाश साव देव कुमार साव धीरेंद्र कुमार पासवान सुनील कुमार महतो सुनील कुमार यादव नीरज पासवान मुनेश्वर दांगी रजनी देवी सरवन कुमार एवं ग्रामीण अन्य उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर में अचानक लगी आग



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत करचौता में सोमवार की सुबह अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गयी। मिली जानकारी के अनुसार सुबह बारिश होने के दौरान ट्रांसफार्मर अचानक धु-धु जलने लगी, जिससे कई घरों में बिजली बाधित हो गई। इस घटना में किशोरी यादव, उमेश महतो, सुखदेव चौधरी, अशोक महतो व विकास यादव के घरों में लगे बिजली उपकरण जल गए।

## चापाकल से पानी भरने को लेकर हुई मारपीट



**गिद्धौर।** बारिसाखी पंचायत में कैलाश दांगी और उनकी पत्नी का मनोज साव और उसकी पत्नी से चापाकल के पानी को लेकर विवाद हुआ। मनोज साव ने कैलाश दांगी और उनकी पत्नी पर ईंट-पत्थर से हमला किया, जिससे कैलाश दांगी के माथे में चोट लगी। मनोज साव ने घर में घुसकर 40,000 नगद और जेवरात चुरा लिए और घर में तोड़फोड़ की। कैलाश दांगी ने इस घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

## हंटरगंज प्रमुख ने थाना प्रभारी पर लगाएं गंभीर आरोप

### प्रशासनिक कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने वशिष्ठ नगर (जोरी) थाना प्रभारी प्रभात कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, चतरा को भेजे एक पत्र में थाना प्रभारी पर अवैध खनन, शराब तस्करी और ग्रामीणों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। प्रमुख ममता कुमारी के द्वारा दिए गए प्रपत्र के अनुसार ,थाना प्रभारी के संरक्षण में न केवल बालू से अवैध वसूली हो रहा है, बल्कि शराब का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है। आरोप है कि शराब को बिहार भेजा जा रहा है। इसके अलावा, ग्रामीणों ने शिकायत की है कि थाना क्षेत्र में पोस्ते की खेती के लिए भी मोटी रकम लेकर अनुमति दी जा रही है।

**एफआईआर दर्ज करने के लिए रिश्वत की मांग :** पत्र में कहा गया है कि आम जनता जब किसी मामले की एफआईआर दर्ज कराने जाती है, तो उनसे पैसे की मांग की जाती है। 2 दिसंबर 2024 को बिहार के नवाडीह निवासी राजू यादव, जिनकी ट्रेलर गाड़ी 1 दिसंबर को दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, सन्हा दर्ज कराने वशिष्ठ नगर थाना पहुंचे। वहां उनसे 30,000 रुपये की मांग की गई। राजू यादव ने यह जानकारी प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव को दी। जब उन्होंने हस्तक्षेप किया, तो उनसे भी 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी गई। आरोप है कि पैसे नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इस अवैध मांग का प्रमाण स्वरूप साक्ष्य भी मौजूद है। जरूरत पड़ने पर प्रस्तुत किया जाएगा।




**हंटरगंज प्रमुख की मांग :** हंटरगंज प्रमुख ममता कुमारी ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी को हटाते हुए उनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। इस पत्र की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक, रांची, पुलिस उपाधीक्षक चतरा, और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी भेजी गई है। प्रमुख ने डीएसपी मुख्यालय से भी मुलाकात कर जोरी थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** जोरी थाना प्रभारी पूरे मामले में कहा कि उनपर जो आरोप लगाया जा रहा है बिल्कुल निराधार है। हम हंटरगंज प्रमुख को पहचानते तक नहीं हैं। हाँ उनके पति कमलेश यादव को जानते हैं। उनसे मुलाकात है। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि उनके द्वारा अफीम और ब्रॉउन सुगर के विरुद्ध एक मुहिम चला रहे हैं। जिसके कारण इस तरह की बात सामने आ रही है।

## आईएचआईपी व वेक्टर बोर्न डिजीज से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में सोमवार को बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के बीच आईएचआईपी एवं वेक्टर बोर्न डिजीज से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

वहीं महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास चौधरी द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को आईएचआईपी ऑनलाइन प्रतिवेदन से संबंधित तथा विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी तथा विशेष अपील किया गया कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें ताकि होने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियों से आम जनों का बचाव किया जा सके एवं आईएचआईपी पोर्टल में ससमय एंट्री कर तुरंत उचित कार्रवाई की जा सके। वहीं शंभु कुमार द्वारा वेक्टर बोर्न डिजीज यथा मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने की बात कही।

मौके पर अविनाश आनंद, थेओदोर सुरीन, शंकर कुमार, जगदीश शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज



## एसएसपी से मिले डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

जमशेदपुर। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी भाजपा नेताओं के साथ वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल से उनके कार्यालय में में मिले तथा बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में झामुमो नेताओं के संरक्षण में असामाजिक तत्वों के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर किये गये उत्पात की जानकारी दी। भाजपा नेताओं ने कहा कि विस चुनाव के बाद झामुमो कार्यकर्ता भाजपा कार्यकर्ताओं पर प्रताड़ित किया जा रहा है।

## राजेश मार्डी ने किया रिकॉर्ड 76 बार रक्तदान

जमशेदुर। आदिवासी मार्शल समिति निश्चितपुर और नयी जिंदगी परिवार के संयुक्त प्रयास से पहली बार मंझारी प्रखंड के पिलका गांव में रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से पीएम अपग्रेडेड उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मझगांव विधायक निरल पूर्ती ने शिविर का उद्घाटन किया। इसमें कुल 40 युवाओं ने पंजीयन कराया मगर सिर्फ 20 लोग ही रक्तदान के योग्य पाये गये। सभी रक्तदाताओं को विधायक ने प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ साथ अंग वस्त्र एवं विशेष रूप से उपहार देकर सम्मानित किया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

गम्हरिया। टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर उत्कल ऑटो के समीप बीते रविवार की देर रात हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कदमा भाटिया बस्ती निवासी अजय भूमिज (30) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## साधना ही माया के साथ एक संग्राम है : गोपाल

गम्हरिया। आनंदमार्ग प्रचारक संघ की ओर से आनन्दमार्ग स्कूल कांड्रा में संकीर्तन सह सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन ने कहा कि साधना माया के साथ एक संग्राम है। इस संग्राम का तात्पर्य है जिस प्रकार से भी हो माया की शक्ति को उसे प्रतिहत करना। बताया कि यह संग्राम तीन पद्धतियों से किया जा सकता है।

## जेएफसी-पंजाब एफसी मुकाबले के लिए बिके 10,000 टिकट

जमशेदपुर। 13 दिसंबर को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पंजाब के खिलाफ जमशेदपुर एफसी के मैच के लिए 10,000 से अधिक टिकट बिक चुके हैं। जमशेदपुर एफसी आईएसएल तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि पंजाब एफसी पांचवें स्थान पर है। पिछली जीत के साथ मेन ऑफ स्टील अपनी जीत की लय जारी रखना चाहेगी और अंक तालिका में ऊपर चढ़ना चाहेगी।

# ना भीख चाही ना कर्जा चाही, भोजपुरी के दर्जा चाही...

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भोजपुरी भाषा को भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल कराने हेतु भोजपुरी जन जागरण अभियान का तेइसवां धरना राष्ट्रीय अध्यक्ष डा संतोष पटेल के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। धरना समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम ज्ञापन और मांग पत्र सौंपा गया।

विदित हो कि भोजपुरी जन जागरण अभियान जो कि पुरवैया (रजि०) द्वारा संचालित संस्था है जो विगत 2015 से लगातार भोजपुरी भाषा को भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल कराने हेतु देश व्यापी आंदोलन चला रहा है। संगठन के अध्यक्ष डॉ संतोष पटेल के नेतृत्व में यह संगठन इससे पहले बाईस बार धरना प्रदर्शन कर चुकी है तथा सरकार से निरंतर मांग कर रही है। इसके बावजूद सरकार द्वारा सिर्फ आश्वासन मिलता है।



भोजपुरी को दर्जा दिलाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाते समर्थक।

रविवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर आयोजित धरना का अध्यक्षता पूर्व सांसद महाबल मिश्रा ने किया। धरना मे उपस्थित सासाराम के सांसद मनोज कुमार ने कहा कि हम भोजपुरी के साथ हैं तथा इस जन जागरण अभियान के उद्देश्य के साथ हैं। मैं विपक्ष में हूं उसके बावजूद कोशिश होगी सदन में सवाल उठाऊं।

महाबल मिश्रा ने कहा कि हम पूर्वांचल के लोग हमेशा संघर्षशील रहे हैं। भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता सरकार को देना ही होगा। हम सदन में नहीं हैं पर हर संभव प्रयास करेंगे कि सरकार इसे जल्द आठवीं अनुसूची में शामिल करे। वहीं वरिष्ठ रंगकर्मी महेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि भोजपुरी हम सबकी मातृभाषा है जिसके सम्मान में निरंतर वर्षों से हम सब संवैधानिक दर्जा का मांग करते आ रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष डॉ संतोष पटेल ने कहा कि सरकार हर बार आश्वासन देती है पर शामिल नहीं करती। हम सरकार से आश लगाए बैठे हैं और जब तक भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता नहीं मिल जाती तब तक संघर्ष करते रहेंगे। जदयू के पूर्व एम एल सी रामेश्वर महतो ने भोजपुरी भाषा को भारतीय संविधान में शीघ्र शामिल करने की बात कही। धरना में डॉ मनोज कुमार, डॉ पुष्कर, धनंजय कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह पटेल, रामेश्वर महतो कुशवाहा, रितेश सिंह राणा, विजय लक्ष्मी उपाध्याय, अंजली शिवाय, लोकगायिका सोनी चौहान, एडवोकेट आर्यन, धर्मेंद्र साह, सीके भट्ट, संतोष यादव,शालिनी कपूर के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों भोजपुरी भाषी उपस्थित रहे। धरना का संचालन डॉ संतोष पटेल कर रहे थे।

### जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा ने झारखंड विधानसभा में ली पद और गोपनीयता की शपथ, कहा

# जनता की आवाज बन विधानसभा में उठाऊंगी उनके मुद्दे और समस्याएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने विधानसभा भवन की सीढ़ियों पर नतमस्तक होकर प्रणाम किया। इस भावुक क्षण को अपने जीवन का यादगार पल बताते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और हर्ष का विषय है कि मैं उस विधानसभा में प्रवेश कर रही हूं, जिसे मेरे ससुर और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने बनवाया था।

## जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र के विकास का लिया संकल्प


विधानसभा की सीढ़ियों पर नतमस्तक विधायक।

### 86 बस्ती के मालिकाना हक की लड़ाई होगी प्राथमिकता, सुलझाने की कोशिश

पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर पूर्वी की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के जनता की आवाज बनकर विधानसभा में उनके हितों और समस्याओं को मजबूती से उठायेंगी। उन्होंने 86 बस्ती के मालिकाना हक की लड़ाई को प्राथमिकता देते हुए इसे कानून के दायरे में लाने की दिशा में काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने इस मुद्दे पर ऐतिहासिक पहल की थी। मेरा प्रयास रहेगा कि राज्य सरकार इस पर गंभीरता से संज्ञान ले और कानून बनाकर इसे अमल में लाये। उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराते हुए कहा कि जमशेदपुर पूर्वी की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद और विश्वास की बदौलत ही मैं आज लोकतंत्र के इस सबसे बड़े मंदिर में प्रवेश कर रही हूं। मेरा वादा है कि मैं उन्हें कभी निराश नहीं करूंगी।

## मईया थारी चुदड़ी में कुछ तो बात है... जैसे भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में धूमधाम से मना कालका माता का जन्मोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सोमवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में श्री महाकाली शक्तिपीठ अमरसर धाम वाली कुलदेवी श्री कालका माता रानी का जन्मोत्सव (प्रकट दिवस) धूमधाम से मनाया गया। श्री कालका माता परिवार टाटानगर द्वारा आयोजित हुए इस धार्मिक महोत्सव में श्री गणेश वंदना के साथ मंगल पाठ एवं भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चलते रहा। इससे पहले संध्या 4.30 बजे से कालका माता की पूजा अर्चना शुरू हुई। निशा-कमल सिंघल ने पूजा की और मुन्ना पंडित (साकची) ने



पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। आमंत्रित भजन गायिका शीतल काटरूका (पुरूलिया) ने भजनों और मंगल पाठ से माता रानी को रिझाया। माता के चरणों में मंगलपाठ का वाचन के साथ ही भजनों की प्रस्तुति के दौरान माता परिवार के बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भजनों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी, जिसने सबका मन मोहा।

## आरवीएस अकादमी ने मनाया 24वां वार्षिक खेल दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो ने रविवार, 8 दिसंबर 2024 को अपना भव्य 24वां वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया। यह आयोजन खेल कौशल, अनुशासन और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव था, जिसमें स्कूल प्रबंधन के सदस्य, चेयरमैन बिंदा सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, प्रधानाचार्य वीशा मोहिंद्रा, अभिभावक, छात्र, स्टाफ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन की शुरुआत प्रतिष्ठित मुख्य अतिथि, डॉ हसन इमाम मलिक, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच, भारतीय हैंडबॉल संघ के संयुक्त सचिव, और टाटा




स्टील के स्वास्थ्य और खेल कल्याण विभाग के कार्यकारी के उद्घाटन भाषण से हुई। अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ मलिक ने टीमवर्क, अनुशासन और खेलों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण के महत्व पर जोर दिया।

उदघाटन के बाद चेयरमैन बिन्दा सिंह, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, मुख्य अतिथि डॉ हसन इमाम मलिक और प्रधानाचार्य वीशा मोहिंद्रा ने गुब्बारे उड़ाकर स्वतंत्रता, आकांक्षा और खेल भावना के अडिग प्रतीक का प्रदर्शन किया। चेयरमैन बिन्दा सिंह ने खेलों के शैक्षणिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में सहनशीलता, अनुशासन और टीम वर्क की भावना का विकास करते हैं, जो उन्हें भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार करता है। प्रधानाचार्य वीशा मोहिंद्रा ने अपने संदेश में मेहमानों का धन्यवाद व्यक्त किया और विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता दोहरायी।

## पांच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सोमवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ऑफिस में सेवानिवृत्त हुए पांच कर्मचारी को अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आरके सिंह ने स्मृति चिह्न एवं शॉल देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त अपने अर्धांगनी को भी साथ लेकर इस सम्मान समारोह में शामिल हुए। जिनके नाम निम्न हैं : जय प्रकाश शर्मा इंजिन डिवीजन, कुंदन मिंज गीयर बॉक्स असेंबली, के पी मनोहर वर्ल्ड ट्रक, मनोज कुमार



रॉय और मनोज कुमार सिंह कैब एंड कॉल फैक्टरी। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में सभी के कुशलमंगल और समृद्धि की कामना की। कंपनी को दिये योगदान की सराहना की। महामंत्री आर के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी के सोच और सहयोग से ही कंपानी आज अपने बुलंदियों पर है। आगे भी अपने ऐसे विचार हम सभी से साझा करते हुए कंपनी को अपना साथ देते रहने की बात की। मंच संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

## फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार, गये जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। रविवार को कदमा थाना अंतर्गत रामजन्म नगर बस्ती में फायरिंग के मामले का उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त 02 अपराधकर्मियों को कांड में प्रयुक्त 01 पिस्टल, 04 जिंदा कारतूस, 01 खोखा तथा 01 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# संजीवनी, गुलवीर और सावन बारला बने रिकॉर्ड धावक

**टाटा स्टील वर्ल्ड 25 हजार गोल्ड लेबल रेस**

- 10000 मीटर और 5000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर
- चैंपियन सावन बारला ने इंडियन एलीट फील्ड में सुर्खियां बटोरीं
- इन-फॉर्म संजीवनी जाधव भारतीय एलीट महिला क्षेत्र का नेतृत्व करेंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर/ कोलकाता। टाटा स्टील वर्ल्ड 25 हजार के साथ कोलकाता दुनिया का पहला विश्व एथलेटिक बन गया है। इस दूरी पर





गोल्ड लेबल रेस में भारतीय अभिजात्य क्षेत्र 27 पुरुषों और 13 महिलाओं से भर गया है। रविवार, 15 दिसंबर को रेड रोड की सुरम्य सेटिंग में सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए, 2024 #आमार कोलकाता शोनार कोलकाता में भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ एथलीट सेंटर स्टेज पर नजर आयेंगे।

यूएस $142,214 पुरस्कार राशि वाली दौड़। भारतीय संभ्रांत पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि के साथ विजेता, प्रत्येक दौड़ में पहले तीन को 2,75,000, 2,00,000 और 1,50,000/- रुपये मिलेंगे। भारतीय संभ्रांत पुरुष और महिला धावकों को भी इसके द्वारा प्रोत्साहित किया जायेगा। प्रत्येक 1,00,000/- रुपये का इवेंट रिकॉर्ड बोनस। अविनाश सेबल के पास भारतीय एलीट पुरुष वर्ग में एक समय के साथ वर्तमान इवेंट रिकॉर्ड है। 1:15:17, और एल. सूर्या ने 1:26:53 के समय के साथ भारतीय संभ्रांत महिला रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस सुसज्जित पुरुष क्षेत्र का नेतृत्व वर्तमान सनसनी गुलवीर सिंह करेंगे, जो इसमें शामिल हैं। एक बैंगनी धब्बे के बीच में. वह वर्तमान में 5000 मीटर (13:11:82) और 10,000 मीटर (27:14:88) राष्ट्रीय हैं।

## एक नजर में

### मंईयां सम्मान योजना के लिए आज से लगेगा कैंप



जमशेदपुर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से संबंधित त्रुटि निराकरण (जांच एवं सुधार) संबंधित कैंप 10 से 5 बजे तक 10.12.2024 से अगले आदेश तक अंचल कार्यालय, मानगो, मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय एंव अंचल कार्यालय, जमशेदपुर के साथ-साथ तरूण संघ, शास्त्रीनगर कदमा (रोड नंबर-4) तथा जोजोबेड़ा छठ घाट मैदान के पास स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया जायेगा। आमजनों से अपील है कि अपने क्षेत्रांतर्गत आयोजित शिविर में निर्धारित समय अवधि में जांच तथा त्रुटि निराकरण के लिए अवश्य आयें। बता दें कि झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना अन्तर्गत ऑनलाइन प्रविष्टि कि प्रक्रिया पूर्व कि भांति प्रज्ञा केंद्रों तथा संबंधित अंचल कार्यालय में किया जायेगा।

### उपायुक्त के निर्देश पर चला वाहन जांच अभियान



जमशेदपुर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार ओवर लोडिंग बसों के खिलाफ बहरागोड़ा, बरसोल में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोडिंग और वाहनों के कागजातों की जांच की गयी। इस दौरान 28 वाहनों के कागजातों की जांच-पड़ताल में एक वाहन का टैक्स बकाया होने पर जब्त किया गया, जब्त बस को थाने को सौंप दिया गया। जबकि 6 बसों से लगभग ₹49, 500 जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान ओवरलोडिंग के अलावा वाहनों के फिटनेस परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण, टैक्स आदि कागजातों की सघनता से जांच की गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय के नेतृत्व में जिला मोटर यान निरीक्षक सूरज हेंब्रम ने अभियान चलाया।

### जमशेदपुर महिला विवि के एनएसएस की छात्राओं ने ग्रामीणों को दी पौष्टिक आहार की जानकारी




जमशेदपुर। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एनएसएस विभाग द्वारा कैंप के छठे दिन छात्राओं ने दामोडीह ग्राम में ग्रामीणों के बीच स्वच्छता से संबंधित जागरूकता फैलाई और नुक्कड़ नाटक द्वारा नशा से होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराया। साथ ही ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलायी जाने वाले कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए ग्रामीण महिलाओं को पौष्टिक आहार के विषय में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति एनएसएस ऑफिसर डॉ डी पुष्प लता, डॉ सुनीता कुमारी और डॉ छगनलाल अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एसीसी चाईबासा में अदाणी फाउंडेशन कौशल विकास से बदल रहा ग्रामीण युवाओं का करियर



जमशेदपुर। विविधतापूर्ण अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी, पूरे देश में ग्रामीण युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाले कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पैकरे ने वित्तीय कठिनाइयों पर काबू पाया और अपना जीवन बदल दिया। अदाणी फाउंडेशन के अदाणी कौशल विकास केंद्र (एएसडीसी) के साथ मिलकर कंपनी झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के ग्रामीण कोंडवा के एक युवा, पैकरे हेस्सा की प्रेरक यात्रा को उजागर करने पर गर्व महसूस करती है।

### सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करेगा जन अधिकार मंच



जमशेदपुर। सोमवार को पटमदा प्रखंड के पटमदा ग्राम प्रधान भवन में जन अधिकार मंच पूर्वी सिंहभूम के बैनर तले पटमदा, बोड़ाम प्रखंड समिति की संयुक्त बैठक में दिवाकर टुडू की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सलाहकार, सामाजिक कार्यकर्ता, मांझी ग्राम प्रधान एवं सक्रिय सदस्य शामिल रहे। संगठन में क्षेत्रीय जन मुद्दों को लेकर बात हुई तथा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में संगठन की सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जितू मुर्मू, मादाड़िया दिवाकर टुडू, कालिराम सिंह, कृष्णापद महतो, अमर सिंह सरदार, बंसत कुमार मुर्मू, नरेश चंद्र सोरेन, टिकाराम मुर्मू, हिरुपाल सिंह, सुखदेव हेंब्रम, सुनील हांसदा, हरिहर टुडु, जगदीश सिंह, सनत बेसरा, जीतेंद्र मुर्मू, राजु कर्मकार, समच मांडी, बिभूति हांसदा, सुभाष हेंब्रम आदि थे।

### राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपा गया स्मार पत्र



जमशेदपुर। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार के साथ जिला अस्पताल रतलाम में पदस्थ डॉक्टर द्वारा जातिगत दुर्भावना स्वरूप अपमानित करने, गालियां देने एवं दुर्व्यवहार करने पर भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष मदन मोहन सोरेन के नेतृत्व में एक स्मार पत्र राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू को उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से सौपा गया। जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने मांग की है कि दोषी पर एसटी एससी अत्याचार निवारण कानून 1989 के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## अज्ञात चोरों ने दो घरों में घुसकर की कई सामानों की चोरी

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित फूलसु रोड लाइन होटल के सामने बारियातू निवासी ओमप्रकाश प्रसाद, पिता अवधेश प्रसाद साहू व दिलीप प्रसाद पिता अवधेश प्रसाद साहू के घर से अज्ञात चोरों ने घर की चार दीवारी को फांदकर इंडक्शन चूल्हा सहित लगभग दो क्विंटल मक्का, डेढ़ क्विंटल सरसों, लगभग 50 किलो मूंगफली अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित ओम प्रकाश प्रसाद ने बताया कि सामान एक एस्बेस्टस शीट वाले कमरे में रखे हुए थे। एस्बेस्टस शीट वाली चारदिवारी फांदकर अज्ञात चोरों ने उपरोक्त सामग्रियों की चोरी कर ली। जब मैं सुबह लगभग 4 बजे उठा तो मैं गर्म पानी करने के लिए कमरा में गया तो देखा कि इंडक्शन चूल्हा गायब था। जब पत्नी सुबह उठी तो उसने देखा कि एस्बेस्टस शीट वाले कमरे से सरसों, मकई व मूंगफली का बोरी भी गायब था। वहीं पीड़ित परिवार ने थाना में आवेदन देकर घटना की सूचना दे दी है।

## प्रखंड कार्यालय में आधार रजिस्ट्रेशन बंद, लोग परेशान

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय में संचालित आधार रजिस्ट्रेशन और सुधार का कार्य कई महीने से बन्द है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। जब भी ग्रामीण नया आधार रजिस्ट्रेशन और सुधार कराने के लिए आते हैं, आधार सेंटर बन्द देख मायूस होकर उन्हें लौटना पड़ रहा है। आधार सेंटर में महीनों से ताला लटका हुआ है और आधार रजिस्ट्रेशन का कार्य बन्द हो गया है। लोगों को सही ढंग से इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। कई ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय स्तर पर आधार सेंटर को चालू कराने के लिए ठोस पहल नहीं की जा रही है।

## साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण बदला चंदवा का मौसम, कनकनी बढ़ी

**चंदवा।** चंदवा में सोमवार के दिन की शुरुआत झमाझम बारिश के साथ हुई। साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर के कारण मौसम में आये अचानक बदलाव के कारण दिन भर आसमान में बदल छाए रहे व सुबह लगभग 11 बजे तक बूंदाबांदी होती रही है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव के कारण हुई बारिश और बादल छाए रहने के कारण तापमान में तेजी के साथ गिरावट देखी जा रही है। साथ ही कनकनी भी बढ़ गयी है। ऐसे में ठंड से बचाव को लेकर डॉक्टरों ने वृद्धजनों, बच्चों एवं बाहर काम के लिए जाने वाले लोगों से मौसम को देखते हुए आवश्यक गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलने की सलाह दी है। मौसम परिवर्तन का प्रतिकूल प्रभाव देखते हुए लोग सेहत का विशेष ख्याल रखें। डॉक्टरों ने गर्म पानी का सेवन करने, अदरक वाली चाय, शुप आदि गर्म तासीर वाली खाद्य सामग्री का उपयोग करने की सलाह दी है।

### उपायुक्त ने डीएमएफटी से संचालित विकास योजनाओं की ली जानकारी, दिये निर्देश

# प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समय पर पूर्ण करायें

- एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित कर शेष बचे कार्यों का जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सोमवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।



समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके आलावे उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई हैं, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके। बैठक में पीसीसी सड़क, पुलिया निर्माण, तालाब, विद्यालय समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी, एससीए श्रेयांश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चटुआग के किसानों ने सीओ से मिलकर बंदोबस्त जमीन की ऑनलाइन रसीद के लिए सौंपा आवेदन




- कहा-जमीन की ऑनलाइन रसीद नहीं होने के कारण हमें काफी असुविधा हो रही है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** कामता पंचायत के ग्राम चटुआग के दर्जनों किसानों ने पंसस अयुब खान की अगुवाई में अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अपने बंदोबस्त जमीन की ऑनलाइन रसीद कटवाने के लिए आवेदन सौंपा है। किसानों ने सीओ को दिए आवेदन में कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जमीन की बंदोबस्त कर पर्चा दिया गया है, जिसपर करीब तीन दशक से शांति पूर्वक दखल कब्जा है, इस भूमि पर खेती गृहस्थी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं, खेती गृहस्थी पर ही हमारे परिवार आश्रित हैं। जमीन की ऑनलाइन रसीद नहीं होने के कारण हमारे परिवार को काफी असुविधा हो रही है।

इसपर सीओ ने कहा है कि इस मामले पर अंचल निरीक्षक से जांच कराई जाएगी। मौके पर अंचल निरीक्षक महेश सिंह, किसान सनीका मुंडा, गब्रेल बरजो, अनिल मुंडा, बुधराम बारला, एनम संगा, गगाराम मुंडा, किशुन राय मुंडा, बिरसा मुंडा, पंडा मुडा, बेने तोपनो, महादेव मुंडा, कारम मुंडा, विजय बारला, नयन भेंगरा, अनुप बारला, बराय भेंगरा, विजय भेंगरा, मुन्ना मुंडा मौजूद थे।

## आदिवासी समाज को सशक्त बनाने में संगठन का अहम योगदान : सरोज देवी



- धूमधाम से मना आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक विकास संगठन का 11वां स्थापना दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत सिकनी डामर स्थित सरना शक्ति खूंटा परिसर में छः पड़हा के द्वारा आदिवासी सामाजिक संस्कृतिक विकास संगठन का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समिति के सचिव जागा उरांव, जयराम उरांव, वरीय अधिकारी अभियंता देव सहाय भगत, पूर्व प्रमुख नवाहिर उरांव एवं अन्य अतिथियों एवं समाज के लोगों द्वारा सर्वप्रथम सरना शक्ति खुंटा स्थल पर विधिवत पूजन किया गया, तत्पश्चात सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव भी मौजूद थे। अतिथियों ने कहा कि आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक विकास संगठन समाज को संगठित करते हुए सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। संगठन द्वारा सामाजिक एकजुटता एवं उत्थान के साथ समाज में व्याप्त कुरीतियां को दूर कर शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं समाज के प्रबुद्धजनों ने आदिवासी समाज को शिक्षित व अपने अधिकार के प्रति जागरूक होने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान अपनी सफलता का परचम लहराते हुए नौकरी पाने वाले विवेक कुमार भगत, प्रमोद उरांव, रतन उरांव, नवीन भगत, विपिन उरांव, संजीव उरांव, विनय कुमार कोरवा, राजीव रंजन भगत, परमेश्वर उरांव, कविंद्र उरांव, रविंद्र उरांव समेत समाज में बेहतर करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छः पड़हा आन, कीता, सेरक, चेटर, सिकनी व बरवाडीह के लोगों ने अहम योगदान दिया।

## बारियातू प्रखंड में आठवीं कक्षा के 118 छात्र-छात्राओं को दी गयी साइकिल



- शिक्षा विभाग के सौजन्य से किया गया साइकिल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर में शिक्षा विभाग के सौजन्य से शनिवार को आठवीं वर्ग के 118 विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। जिसमें अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलबसिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोंटी एवं हेसला के अष्टम वर्ग के सभी विद्यार्थियों को उन्नति के पहिया योजना अंतर्गत निः शुल्क साइकिल वितरण किया गया। निःशुल्क साईकिल पाकर बच्चे काफी खुश नजर आये। वहीं शिक्षा विभाग के प्रखण्ड (एमआईएस) समन्वयक नितीश कुमार व शिक्षक चंद्रप्रकाश पाण्डेय, राजेश कुजूर, मिथलेश मेहता ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आप सबों को विद्यालय जाने की सुविधा के लिए साईकिल दी जा रही है। आप सभी शिक्षा में विशेष ध्यान दें तथा और आगे बढ़ें। साईकिल पाकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया।

## चंदवा : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी



**चंदवा।** प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता मनोज चौधरी सोमवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्री चौधरी ने सीएम हेमंत सोरेन को बुके देकर राज्य में हेमंत सोरेन की अगवाई में अबुआ सरकार 2.0 गठन होने पर बधाई दी। मनोज चौधरी ने कहा कि राज्य में अबुआ सरकार के दूसरे कार्यकाल में राज्य विकास के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान क्षेत्र से वहुमुखी विकास एवं कई मूलभूत समस्याओं को भी रखा है। जिस पर गंभीरता से कार्य किये जाने का भरोसा मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है।

## चंदवा में भाजपा नेताओं ने प्रशासन से की चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की मांग

**चंदवा।** चंदवा में बढ़ती ठंड और कनकनी को देखते हुए भाजपा नेताओं ने प्रशासन से चंदवा के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। मांग करते हुए भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा, महामंत्री दीपक निषाद, मनीष चांदो ने कहा कि प्रखंड के इंदिरा गांधी चौक, सुभाष चौक, टोरी रेलवे स्टेशन, हरैया मोड़ से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री और आमजन आवागमन करते हैं। ऐसे में अहले सुबह व शाम में लोग अक्सर ठंड में ठिठुरते देखे जा रहे हैं। इसके अलावे खेल स्टेडियम एवं चंदवा के कई स्थानों पर गरीबजन ठंड में काफी परेशान हैं। जिस पर प्रशासन को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रखंड प्रशासन से चिन्हित स्थानों के साथ चंदवा मुख्य शहर के गैरेज लेन, बुध बाजार, कंचन नगरी, ब्लॉक मोड़, शुक्र बाजार समेत अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

## हाईवा के धक्के से एक युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ/हेरहंज।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर हेरहंज थानां क्षेत्र के हुम्बू ग्राम के पास सोमवार को हाईवा के धक्के से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नीरज कुमार 20 वर्ष, पिता हेमराज राम, ग्राम हाटाटोंगरी हुम्बू निवासी अपने छोटे भाई को मोटरसाइकिल से स्कूल पहुंचा कर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित हाईवा ने पीछे से उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। जिससे युवक बाइक सहित पेड़ से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ को हुम्बू ग्राम के समीप जाम कर दिया और परिजनों के लिए मुआवजा की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था। जिसे पुलिस समझा बुझाकर हटाने का प्रयास कर रही थी। बता दें कि युवक इंटर में पढ़ाई कर रहा था।

## बालूमाथ थाना पुलिस ने एंटी क्राइम के तहत चलाया वाहन जांच अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने सोमवार को एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान के तहत दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच किया। वाहन चेकिंग अभियान बालूमाथ थाना क्षेत्र के पांकी मोड़, थाना चौक, शहीद चौक झारखंड ढाबा समेत कई स्थानों पर लगाया गया था। जिसमें विभिन्न वाहन चालकों को अपने साथ ले जा रहे हैं बैग एवं डिक्की का जांच किया गया।

इस सबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे गाडी के डिक्की के अलावा दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग लोगो से हेलमेट लगाकर चलाने की बात कही। वहीं



फोटो:5 वाहन जांच करती पुलिस

वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया बाइक चलाने वाले इधर-उधर अपने रास्ता बदलकर लोग भागते दिखे। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में बालूमाथ थाना के और निरीक्षक अशोक कुमार,मो० शमीम समेत शस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### ठिठुरन बढ़ी, प्रखंड क्षेत्र से अलाव और कंबल नदारद

**बरवाडीह।** बरवाडीह में अचानक ठंड बढ़ गई है। ठंड ने लोगों को कंपाना शुरू कर दिया है, लेकिन अब तक चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। सरकारी कंबल भी अब तक नदारद है। शनिवार को घने कोहरे ने ठंड को और बढ़ा दिया है। कोहरा छाने से ठंड ज्यादा लोगों ने महसूस हुआ। लोगों को उतना धूप नहीं मिला। जिससे लोग ठंड से और परेशान दिखे। सबसे ज्यादा गरीब लोगों को इस ठंड से परेशानी शुरू हो गई है। जिनके पास पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं हैं। लोगों ने प्रशासन से चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने का निवेदन किया है।

## कुजू में रेलवे पटरी पर मिला युवक का शव



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के कुजू रेलवे स्टेशन के कुछ मीटर दूरी पर रेल पटरी में सोमवार को एक युवक का शव मिला है। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना कुजू स्टेशन के अधिकारियों को दी गयी। अधिकारी ने वहां पहुंचकर इसकी जानकारी कुजू पुलिस को दी। कुजू पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कुजू स्टेशन से बरकाकाना जाने की ओर पोल संख्या 122/16 के पास ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी स्टेशन के अधिकारियों को दी। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी।

## विहंगम योग संत समाज की स्थापना का शताब्दी समारोह में शामिल हुए भुरकुंडा से श्रद्धालु



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट वाराणसी के तत्वाधान में 6 से 7 दिसंबर तक आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना का शताब्दी समारोह महोत्सव में कोयलांचल भुरकुंडा और पतरातू क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ स्वर्वेद महामंदिर धाम मुड़ली उमरहां वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने अपने घर-परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। हवन-यज्ञ में भुरकुंडा के बैजनाथ कुमार, ललन प्रसाद, उमाशंकर कुशवाहा, पतरातू के विकास गुप्ता, नीरज गुप्ता ने शामिल होकर अपना सहयोग राशि प्रदान किया।

# बरवाडीह : 20 दिसंबर को अमडीहा में चेरो समाज का होगा महाजुटान

- मिलन सह सम्मान समारोह में पांच राज्यों से चेरो समाज के लोग होंगे शामिल
- मनिका विधायक रामचंद्र सिंह चेरो का किया जाएगा भव्य सम्मान
- समारोह के सफल आयोजन को लेकर चेरो समाज की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** आगामी 20 दिसंबर दिन शुक्रवार को बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा ग्राम स्थित बाजार टांड़ में चेरो समाज का महाजुटान होने जा रहा है। चेरो मिलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय



में खुरा पंचायत के पूर्व मुखिया हुलास सिंह चेरो की अध्यक्षता में समाज के सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। मिलन सह सम्मान समारोह की सफल तैयारी को लेकर आपस में विचार विमर्श करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। हुलास सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में देश के पांच राज्यों से चेरो समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चेरो समाज के विधायक रामचंद्र सिंह जी, जिन्होंने चार बार मनिका विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर समाज के लोगों को गौरवान्वित करने का काम किया है। उन्हें समाज के द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा जो कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। इससे समाज के लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा जो समाज की मजबूती और विकास में सहायक साबित होगा। बताया कि आयोजन समिति ने समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक रूप से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसे लेकर बैनर, पोस्टर और पंपलेट आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। समारोह में अन्य राज्यों से शामिल होने वाले मेहमानों तथा अतिथियों के साथ विधायक को सम्मानित करने की लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज के लोगों की आपसी मेलजोल और एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने राज्य के हर जिले, हर गांव टोले में निवास करने वाले चेरो समाज के लोगों को समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### बैठक में उपस्थित चेरो समुदाय के लोग

बैठक में समाजसेवी आशुतोष सिंह चेरो, मुखिया आशीष सिंह चेरो, मृत्युंजय सिंह चेरो, देवराज सिंह चेरो, अनिल सिंह चेरो, विपिन बिहारी सिंह चेरो, राज महेन्द्र सिंह चेरो, बलराम सिंह चेरो, दुखन सिंह चेरो, चन्द्रशेखर सिंह चेरो, अमीत सिंह चेरो, कुन्दन सिंह चेरो, अशोक सिंह चेरो, बुढ़ेश्वर सिंह चेरो, नंदलाल सिंह चेरो, अभय सिंह चेरो, विनय सिंह चेरो, गणेश्वर सिंह चेरो, नेल सिंह चेरो, प्रयाग सिंह चेरो, मनोज सिंह चेरो, रामू सिंह चेरो, राहुल सिंह चेरो, सोमेश्वर सिंह चेरो, ओमकार सिंह चेरो, सुरेन्द्र सिंह चेरो, अमीत सिंह चेरो, संजय सिंह चेरो और मुन्ना सिंह चेरो समेत विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में चेरो समुदाय के लोग मौजूद थे।

## गारू में ई-केवाईसी नहीं होने से राशन कार्ड धारक परेशान, आधार केंद्र खोलने की मांग

**गारू।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार सभी राशन कार्ड धारकों के परिवार के सदस्यों का ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे गारू प्रखंड में राशन कार्ड धारकों को इन दिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, कई राशन कार्ड धारकों के सदस्यों का आधार में फिंगरप्रिंट दर्ज न होने के कारण ई-केवाईसी कई सदस्यों का नहीं हो पा रहा है। इस वजह से गारू प्रखंड के हजारों परिवारों को राशन मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। डीलर उमेश प्रसाद ने बताया कि ई-केवाईसी न होने पर राशन कार्ड से सदस्यों के नाम राशन कार्ड से कट सकता है। जिसके कारण राशन मिलने में बाधा उत्पन्न होगी। उन्होंने सभी राशन कार्ड धारकों से जल्द से जल्द ई-केवाईसी कराने की अपील की है। वहीं, गारू प्रखंड के लोगों ने उपायुक्त से गारू प्रखंड में आधार सेवा केंद्र खोलने की मांग की है, ताकि सभी सदस्यों के फिंगरप्रिंट कैप्चर अपडेट कर ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी की जा सके। राशन कार्डधारक राजेश कुमार ने कहा कि आधार सेवा केंद्र नहीं होने के कारण गारू प्रखंड के ग्रामीण जिला मुख्यालय या अन्य स्थानों पर जाकर आधार कार्ड अपडेट कर रहे हैं। जिससे समय और पैसा की आर्थिक बर्बादी हो रही है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण कई ग्रामीण असमर्थ हैं, और अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं करा पा रहे हैं। जिससे उनके ई-केवाईसी नहीं हो पा रही है।

**खबर एक नजर में**

# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी के छात्रों ने लहराया परचम



जश्न मनाते डीएवी के छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिल्ली में नेशनल लेवल पर आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड मेडल तथा दो सिल्वर मेडल जीता। विभिन्न खेलों में क्लस्टर एवं राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएवी के 14 छात्र नेशनल लेबल के लिए क्वालीफाई किया। ये सभी विद्यार्थी विद्यालय के खेल प्रभारी अमियो मुखर्जी एवं शिक्षिका शुभलता कुमारी के नेतृत्व में डीएवी गढ़वा की टीम ने दिल्ली और एनसीआर में नोएडा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, दिल्ली खेल गांव, ध्यानचंद स्टेडियम जैसे राजधानी के प्रमुख स्टेडियम में देश के हर एक राज्य से आए हुए 25 हजार छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग ली।

जिसमें बीपी डीएवी स्कूल से रोलर स्केटिंग, वेट लिफ्टिंग, एथलेटिक्स और स्पोर्ट्स एरोबिक्स के टीम शामिल थे। ज्ञात हो कि पूरे भारत में 1000 से अधिक डीएवी विद्यालय हैं जिनमें शिक्षा के साथ-साथ खेल पर भी बल दिया जाता है। प्रति वर्ष डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स का आयोजन क्लस्टर, स्टेट, नेशनल लेबल पर होता है। सर्वप्रथम क्लस्टर लेबल पर एक ज़ोन के अंदर आने वाले विद्यालय के विद्यार्थी खेल में भाग लेते हैं। क्लस्टर लेबल में चयनित छात्र स्टेट लेबल खेलते हैं तथा स्टेट लेबल से विजेता खिलाड़ी नेशनल लेबल खेलने जाते हैं। नेशनल लेबल खेलों में असाधारण खेल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का छात्र आदर्श कुमार ने अंडर-14 में वेट लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीता, जबकि शौर्य राज ने भी अंडर-14 में वेट लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीता। यश राज ने अंडर-19 में वेट लिफ्टिंग में सिल्वर मेडल जीता, जबकि गुलब्सा परवीन ने अंडर-17 गर्ल्स वेट लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीता। साथ ही, शशि चंचल ने स्पोर्ट्स एरोबिक्स में सिल्वर मेडल जीतकर अपने परिवार और स्कूल का नाम रौशन किया है।

एरोबिक्स अंडर 17 बालिका वर्ग आयत नाज तथा एरोबिक्स अंडर 19 बालिका वर्ग में तन्वी सिंह ने नेशनल लेबल पर चतुर्थ स्थान हासिल किया। स्केटिंग में विद्यालय की छात्रा सृजन सिन्हा ने नेशनल लेबल पर पंचम स्थान हासिल किया। दिल्ली से लौटने के बाद विजेता छात्रों को सम्मानित करने हुए विद्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार सिन्हा ने बच्चों को बधाई और आशीर्वाद देते हुए कहा यह उपलब्धि न सिर्फ बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल की या इसके बच्चों की है अपितु यह गढ़वा जिले के लिए असाधारण उपलब्धि है।

## क्षेत्र भ्रमण कर पूर्व मंत्री ने लिया कार्यकर्ताओं का हाल-चाल

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर कार्यकर्ताओं का हाल-चाल लिया। इस दौरान श्री ठाकुर रंका कला मुखिया सविता गुप्ता की निधन की खबर सुनकर मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी।

## चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से राहगीर परेशान

**भवनाथपुर।** ठंड में अलाव की व्यवस्था न होने से मजदूर वर्ग परेशान है। भवनाथपुर प्रखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, लेकिन चौक-चौराहों पर सरकारी स्तर पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मजदूर वर्ग और गरीब तबके के लोग रात में ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव अंचलाधिकारी से मिलकर मांग की है कि ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल और अन्य सहायता प्रदान की जाए।

## उत्क्रमित प्लस टू उवि के अध्यक्ष बने प्रभुनाथ

**केतार।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय छाताकुण्ड में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन शिव शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित बिरेंद्र राम, प्रेम कुमार गुप्ता, नवीन प्रकाश व धर्मनाथ पासवान ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन प्रत्येक तीन साल के अंतराल पर होता है। 19 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति में 12 सदस्य छात्र-छात्राओं के माता-पिता होते हैं। जबकि सरकारी नियमानुसार सात अन्य सदस्य नामित होते हैं।

### बिहार अभियंत्रण विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मेधावियों को किया सम्मानित

**एजेंसी**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने अभियंत्रण परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को डिग्री, मेडल एवं लैपटॉप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गयी विभागीय उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गयी। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित दीक्षांत समारोह में विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित होनेवाले छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होनेवाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना करायी गयी है। मुख्यमंत्री की यह परिकल्पना थी कि राज्य में अलग से एक स्वतंत्र अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय ताकि पठन-पाठन का सत्र नियमित रूप से होने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय में उच्चस्तरीय आधारभूत संरचना, उच्च गुणवत्ता के प्रयोगशाला, वर्कशॉप एवं स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप अभियंत्रण महाविद्यालय को पूर्ण रूप से आवासीय बनाया जा रहा है जहां छात्रावास एवं शिक्षकों के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह सहित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षकगण-कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

# कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे हैं मुसहर समाज के लोग



जानकारी देते मुसहर समाज के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है, जिससे लोगों का हाल बेहाल है। प्रखंड कार्यालय के पीछे निवास करने वाले मुसहर समाज के लोग कड़ाके की ठंड से ठिठुर रहे हैं। प्लास्टिक नुमा झोपड़ी में रहने से उक्त परिवार के लोगों को सर्द हवा भी सता रही है। उनके पास ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं है। ठंड से परेशान मुसहर समाज के लोगों का कहना है कि इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। वहीं हल्की-फुल्की वर्षा भी हो रही है जिससे हम लोग और परेशान है। बताया कि हम लोगों को गर्म कंबल के बिना रहना मुश्किल हो रहा है। किसी तरह वनतुलसी व अन्य झाड़ी की सूखी झुरी के सहारे आग सुलगा कर ठंड को भगा रहें है। लोगों ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग किया है कि हम लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबल उपलब्ध कराया जाए। वहीं बढ़ती ठंड को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि विभाग की ओर से प्रखंड क्षेत्र के चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं हुई है। कड़ाके की ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं। रोजमर्रा के जिंदगी से जूझ रहे ठेला, खुमचा, गुमटी वाले लोगों का भी कहना है कि अभी तक हम लोगों को कंबल नहीं मिला है और ना ही चौक चौराहा पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि वरीय पदाधिकारी की ओर से अभी तक कंबल वितरण की कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलते ही गरीबों को अवगत कराया जाएगा और गर्म कपड़ा आते ही वितरण की जाएगी। अंचलाधिकारी राजकुमार प्रजापति ने कहा कि जल्द ही अंचल क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके।

# बिहार में 12 जिलों में बारिश का अलर्ट

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में सर्द पछुआ हवा के साथ सुबह के समय अगले दो दिन यानी 11 दिसम्बर तक घने स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके साथ आज बिहार के 12 जिलों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सक्रिय मौसमी सिस्टम के प्रभाव से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे ठंडी में बढ़ोतरी देखी जा रही है। एक चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण असम के आसपास समुंद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर बना हुआ है। उत्तर पश्चिमी भारत में समुद्र तल से 12.1 किलोमीटर ऊपर जेट स्ट्रीम की तेज हवाएं चल रही है। इन मौसमी गतिविधियों की वजह से बिहार में उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व शहरों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे जबकि 11 दिसम्बर तक 24 जिलों में घने स्तर का कोहरे छाए रहने की संभावना है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने दी मृतक के परिवार को आर्थिक मदद

**भवनाथपुर।** प्रखंड के एक गरीब मुसहर परिवार में हुई एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उनके क्रियाक्रम में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव ने परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। बीते 29 नवंबर को अनिल मुसहर की पेड़ से गिर कर मौत हो गई थी।

मृतक अनिल मुसहर के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी, जिससे क्रियाक्रम की व्यवस्था करना भी उनके लिए मुश्किल हो रहा था।

# प्यार में धोखा खाई युवती का सहारा बना कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी



जानकारी देती रेखा कुमारी

**गढ़वा।** प्यार में धोखा खाकर बेसहारा बन चुकी युवती जिले के धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव निवासी 18 वर्षीय रेखा कुमारी का कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी सहारा बना। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने उसकी स्थिति से अवगत होने के बाद प्रशासन के प्रयास से रेखा और उसके बच्चे को सुरक्षा और आश्रय देने की जिम्मेदारी उठाई। संस्था के सचिव श्री माली ने कहा कि रेखा को कोर्ट के आदेश आने तक पूरी सुरक्षा और हर संभव मदद दी जाएगी। हमारी संस्था बेसहारों को हर संभव मदद करने को तत्पर है। बताया जाता है कि रेखा न्याय के लिए संघर्ष कर रही है। रेखा ने बताया कि मेराल थाना क्षेत्र के देवगाना गांव निवासी सुजीत प्रजापति ने उसे शादी का झांसा देकर करीब एक साल पहले शारीरिक संबंध बनाया। जब रेखा ने गर्भवती होने की बात सुजीत को बतायी तो उसने बच्चा होने के बाद शादी करने का वादा किया। एक अगस्त को रेखा ने एक बच्चे को जन्म दी। जब उसने सुजीत से शादी की बात की, तो उसने साफ इनकार कर दिया। सुजीत का दावा था कि बच्चा उसका नहीं है। इस धोखे से आहत रेखा ने धुरकी थाना में सुजीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

## पेज एक का शेष

### स्पीकर के नाम पर ...

सबसे पहले सीएम व मंत्रियों ने ली शपथ : षष्ठम झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को दिन के 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले सीएम और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलायी। फिर राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, मोहम्मद ताजुद्दीन, विधायक धनजंय सोरेन, हेमलाल मुर्मू, निसात आलम, आलोक कुमार सोरेन, रविंद्र नाथ महतो, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी, सीपी सिंह सहित 80 विधायकों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। वहीं, हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

### विधायकों का दिखा ...

पूर्व सीएम चंपई सोरेन और सीपी सिंह लगातार सातवीं बार सदन पहुंचे। प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया। दस ऐसे विधायक भी हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगायी है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल हैं। स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं। चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगानेवालों में हेमंत सोरेन, दीपक विरुआ, चमरा लिंडा और नवीन जायसवाल शामिल हैं। पहली बार जयराम महतो ने अनोखे अंदाज में सदन पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया। इसके बाद सदन के अंदर नंगे पांव घुसे। शपथ लेने के बाद उन्होंने हेमंत सोरेन, मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

69वीं औपबंधिक सूची जिला–गुमला (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री बिरेन्द तिर्की एवं मदन लोहरा के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–818/24 2. आवेदक–सुशंती देवी, पति–स्व0 महनु लोहरा<br>3. ग्राम–भरनो नवाटोली, पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–819/24 2. आवेदक–मनोज उरांव (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 जितेन्द उरांव (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–तुरिअम्बा, पोस्ट–तुरिअम्बा, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–23 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–820/24 2. आवेदक–गन्दुरा मुण्डा, पिता–स्व0 हन्दु मुण्डा<br>3. ग्राम–मसिया, पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–821/24 2. आवेदक–हेमराज मुण्डा, पिता–स्व0 बासु मुण्डा<br>3. ग्राम–मसिया महुआ टोली, पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में मासा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी मनोज वर्मा, अजित कुमार विश्वकर्मा एवं बेरनार्ड टोप्पो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–335/24 2. आवेदक–मनीनाथ साहु, पिता–रामु साहु<br>3. ग्राम–डाढहा, पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–341/24 2. आवेदक–यशोदा देवी, पति–जितवाहन साहु<br>3. ग्राम–डाढहा, पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–340/24 2. आवेदक–लक्ष्मीनारायण साहु, पिता मनीनाथ साहु<br>3. ग्राम–डाढहा, पोस्ट–सकरौली, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कपाल पर कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी मनोज वर्मा, सहदुल मंसुरी, जितवाहन कुमार साहु एवं वैरागी उरांव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–822/24 2. आवेदक–राधेश्याम सिंह, पिता–स्व0 प्रितपाल सिंह<br>3. ग्राम–मदौली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–823/24 2. आवेदक–विनोद कुमार भगत, पिता–स्व0 फेकु भगत<br>3. ग्राम–तैतरा बालकु टोली, पोस्ट–कोनबीर नवाटोली, थाना–बसिया, प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–824/24 2. आवेदक–रणविजय सिंह, पिता–राधेश्याम सिंह<br>3. ग्राम–मदौली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–825/24 2. आवेदक–मुनेश्वर साहु, पिता–मोहन साहु<br>3. ग्राम–सिसई, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–826/24 2. आवेदक–त्रिवेणी साहु, पिता–स्व0 विपैत साहु<br>3. ग्राम–लौजी, पोस्ट–खोरा, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में काला तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–827/24 2. आवेदक–महादेव साहु, पिता–बालकिशुन साहु<br>3. ग्राम–करौन्दी, पोस्ट–करौन्दी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल के पास तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–828/24 2. आवेदक–रामानन्द भगत, पिता–नान्दो उरॉव<br>3. ग्राम–कुलकेरी, खरवाटोली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर मे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–829/24 2. आवेदक–बिजला उरॉव, पिता–स्व0 जतरा उरॉव<br>3. ग्राम–कुलकेरी, खरवाटोली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–830/24 2. आवेदक–सुमित्रा उरॉव, पति–बन्धना उरॉव<br>3. ग्राम–जलका मधनी, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–831/24 2. आवेदक–लीना उरॉव, पति–सोमरा उरॉव<br>3. ग्राम–जलका, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–832/24 2. आवेदक–सोमरा उरॉव, पिता–स्व0 तेम्बा उरॉव<br>3. ग्राम–जलका, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में सफेद दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–833/24 2. आवेदक–कृष्णा लोहरा, पिता–कन्दु लोहरा<br>3. ग्राम–लकेया, पोस्ट–लकेया, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में जला हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–834/24 2. आवेदक–जितेन्द्र कुमार साहु, पिता–सुरजपाल साहु<br>3. ग्राम–छारदा, पोस्ट–छारदा, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–835/24 2. आवेदक–बिहारी भगत, पिता–योगेन्द उरॉव<br>3. ग्राम–नगर भण्डार टोली, पोस्ट–नगर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर मे तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–836/24 2. आवेदक–सहादेव साहु(आश्रित पुत्र),पिता–बालकिशुन साहु (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–करौन्दी, पोस्ट–करौन्दी, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के सामने तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जितवाहन साहु एवं बैरागी उरांव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–837/24 2. नाम–डेविड कुमार टोप्पो, पिता–थोमस टोप्पो<br>3. ग्राम–तुल्हवा चंदा टोली, पोस्ट–नगर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–838/24 2. नाम–शिवरानी देवी पति–रणविजय सिंह<br>3. ग्राम–मदौली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–839/24 2. नाम– दिनेश गोप, पिता–स्व0 तिरतु अहीर<br>3. ग्राम–पहामु, पोस्ट–भुरसो, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में काला तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–840/24 2. नाम–दिग्विजय सिंह, पिता–राधेश्याम सिंह<br>3. ग्राम–मदौली पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–841/24 2. नाम–मो0 इसतियाक अंसारी, पिता–अब्दुल माजीद अंसारी<br>3. ग्राम–मदरसा रोड सिसई पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–842/24 2. नाम–मनोज कुमार सिंह, पिता–राधेश्याम सिंह<br>3. ग्राम–मदौली पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–843/24 2. नाम–सुनिता देवी पति–विजय बर्मा<br>3. ग्राम– हकाजॉग पोस्ट–सालम नवा टोली थाना– विशुनपुर प्रखण्ड– विशुनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–844/24 2. नाम–राजेन्द प्रसाद साहु, पिता–स्व0 पारसनाथ साहु<br>3. ग्राम–अम्बोवा पोस्ट–सकरौली, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–845/24 2. नाम–मनोहर साहु, पिता–स्व0 राजेश्वर साहु<br>3. ग्राम–अम्बोवा पोस्ट–सकरौली, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–846/24 2. नाम–सिलास बड़ा, पिता–जोसेफ बड़ा<br>3. ग्राम–छोटा पंडरनी, भरनो पोस्ट–भरनो, थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–847/24 2. नाम–विनोद शिखर, पिता–स्व0 जगेश्वर शिखर<br>3. ग्राम–कॅचडीह, पोस्ट–पारसा, थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–848/24 2. नाम–करमदेव बड़ाईक, पिता–स्व0 रामचरण बड़ाईक<br>3. ग्राम–नगर भण्डार टोली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–883/24 2. नाम–अरूण बड़ाईक, पिता–स्व0 गोमा चीक बड़ाईक<br>3. ग्राम–नवागढ, डुमर टोली, पोस्ट–रायडीह, थाना–रायडीह, प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के अंगूठा में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–2216/24 2. नाम–जोन हेनरी टोप्पो, पिता–स्व0 पोलिकार्प टोप्पो<br>3. ग्राम–सिलादोन, पोस्ट–हुलहुण्डु, थाना–तुपुदाना, प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–2217/24 2. नाम–जीवन खलखो, पिता–स्व0 घसिया खलखो<br>3. ग्राम–एस0टी0 पॉल स्कूल, बसर टोली, पोस्ट–जी0पी0ओ0, थाना–लोअर बाजार, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुबैर अंसारी एवं मुमताज अंसारी के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–849/24 2. आवेदक–अमृता देवी, पति–मोहन साहु<br>3. ग्राम–पुसो, पोस्ट–पुसो, थाना–पुसो, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तिलक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–850/24 2. आवेदक–सलमान अली, पिता–स्व0 रमजान अली<br>3. ग्राम–मेन रोड सिसई, पोस्ट– सिसई, थाना–राहे, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाले में तील का दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–851/24 2. आवेदक–सरिता देवी, पति–मोहन मुण्डा<br>3. ग्राम– कुदरा, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में जलने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–852/24 2. आवेदक–मोहन मुंडा, पिता–स्व0 इन्दर मुंडा<br>3. ग्राम– कुदरा, पोस्ट– सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दहिना हाथ में जलन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–853/24 2. आवेदक–मो फारूख ओहदर, पिता–जमिरूदीन ओहदार<br>3. ग्राम– पकरियो, पोस्ट– बेन्डो, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–854/24 2. आवेदक–सत्यनारायण साहु, पिता–स्व0 हरिन्द साहु<br>3. ग्राम–छारदा, पोस्ट–छारदा, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–855/24 2. आवेदक–निरमाला बखला, पति–अन्तोनी कुल्लू<br>3. ग्राम– सोगडा महतो टोली, पोस्ट– पंडरीया, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–टेकुना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–856/24 2. आवेदक–अन्तोनी कुल्लू, पिता–मिरजा लोहरा<br>3. ग्राम–सोगडा महतो टोली, पोस्ट–पंडरिया, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह– घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–857/24 2. आवेदक–अर्जुन लोहरा, पिता–सीदाम महतो<br>3. ग्राम– हेसा गड्डू पहमु, पोस्ट–भुरसो, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–858/24 2. आवेदक–माहा उरॉव, पिता–सोमा उरॉव<br>3. ग्राम– विसरामपुर, पोस्ट– सरौली, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–859/24 2. आवेदक–रमेश्वर उरॉव, पिता–स्व0 बिरसा उरॉव<br>3. ग्राम– गढ़वाली गंगुवा टोली, पोस्ट– पुसो, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया छाती में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–860/24 2. आवेदक–सलोमी बड़ा, पति–जेरोबस बाड़ा<br>3. ग्राम– रोशनपुर, पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग– महिला, आयु–68, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–861/24 2. आवेदक–जोरोबस उरॉव, पिता–स्व0 पतरस उरॉव<br>3. ग्राम– रोशनपुर, पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–862/24 2. आवेदक–सरिफुद्दीन अंसारी, पिता–शाहामत मियॉ<br>3. ग्राम– बघनी, पोस्ट– छारदा, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–863/24 2. आवेदक–भीम सिंह, पिता–अनूप सिंह<br>3. ग्राम–पहाड बगरू डुमर टोली, पोस्ट–डुरिया, थाना–भरनो, प्रखण्ड– भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–864/24 2. आवेदक–प्रेम सागर भगत, पिता–तिलक मन भगत<br>3. ग्राम– लकेया डुमर टोली, पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर मेंघाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–865/24 2. आवेदक–बैबुल अंसारी, पिता–स्व0 मुदीन अंसारी<br>3. ग्राम– रहमत नगर, पोस्ट– सिसई, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–866/24 2. आवेदक–बनमाली साहु, पिता–स्व0 जीतू साहु<br>3. ग्राम– डढहा, पोस्ट–सकरौली, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 341542 Home(24-25)#D

स्पीड न्यूज

### भारत का पर्यटन क्षेत्र असाधारण संभावनाओं से भरा है : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत का पर्यटन क्षेत्र विश्व के किसी भी अन्य देश की तुलना में असाधारण संभावनाओं से भरा हुआ है। पांच हजार से अधिक वर्षों का सभ्यतागत इतिहास, 43 विश्व धरोहर स्थल, 56 संभावित विश्व धरोहर स्थल और लगभग 3,500 राष्ट्रीय महत्व के स्मारक हमारे सांस्कृतिक सामर्थ्य के जीवंत साक्ष्य हैं। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में 'एम्ब्रैसिंग डिवर्सटी: प्रमोटिंग इन्क्लूसिव टूरिज्म' सत्र में शेखावत ने कहा कि पर्यटन का महत्व आर्थिक या व्यापारिक से ज्यादा सांस्कृतिक है। यही इस क्षेत्र की खूबी है।

### सीरिया पर रूस का संरा की मध्यस्थता पर जोर

**मॉस्को।** सीरिया पर विद्रोहियों के नियंत्रण पर रूस ने कहा कि वह हमेशा सीरिया संकट के राजनीतिक समाधान के पक्ष में रहा है। इस समय संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में तत्काल बातचीत फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। इस बीच इजराइली सुरक्षा बल गोलान हाइट्स के पास पहुंच गए हैं। द मॉस्को टाइम्स समाचार पत्र ने कहा कि सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनका परिवार मास्को में हैं। रूसी समाचार एजेंसियों ने क्रेमलिन स्रोत का हवाला देते हुए रविवार शाम यह घोषणा की। असद और उनका परिवार दमिश्क में इस्लामी नेतृत्व वाले विद्रोहियों के प्रवेश के कारण देश छोड़कर भागकर यहां पहुंचे। रूस ने युद्धग्रस्त देश में तेजी से बदलती जमीनी स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है।

### एयर इंडिया फ्रांस की एयरबस से खरीदेगा 100 और नए विमान

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने फ्रांस की विमान निमार्ता कंपनी एयरबस को 100 नए विमान खरीदने का ऑर्डर दिया है। इन विमानों में 10 वाइडबॉडी ए350 विमान और 90 नैरोबॉडी ए320 फेमिली विमान, जिसमें ए321 नियो जेट भी शामिल है। ये 100 नए विमानों का ऑर्डर उन 470 विमानों से अलग है, जो एयर इंडिया ने पिछले साल एयरबस और बोइंग दोनों को दिए थे। एयर इंडिया ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि हमें 10 अ350 और 90 अ320 फेमिली विमानों के लिए नए ऑर्डर देने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

# एक देश, एक चुनाव, मौजूदा सत्र में बिल संभव

## आम जनता से भी मांगा जाएगा सुझाव, जेपीसी को भेजने की तैयारी

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मौजूदा संसद सत्र में ही या अगले सत्र में एक देश, एक चुनाव बिल पेश कर सकती है। सरकारी सूत्रों के हवाले से यह कहा गया है कि सरकार शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश करने की तैयारी में है। केंद्रीय कैबिनेट ने पहले ही एक देश, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को मंजूरी दे रखी है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है और विस्तृत चर्चा के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, यह बिल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर इस बिल को कैबिनेट ने मंजूरी दी है, जिससे सरकार इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। सरकार इस बिल को जेपीसी को भेजने का प्लान बना रही है, ताकि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की



जा सके। इस प्रक्रिया में व्यापक सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी। सरकार से जुड़े सूत्र कह रहे हैं कि सरकार चाहती है कि रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली एक्सपर्ट कमेटी की 18,636 पन्नों की रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा हो। खबर है कि सरकार ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरण रिजिजू और अर्जुनराम मेघवाल को विपक्षी नेताओं के साथ बैठकें कर आम राय बनाने को कहा है।

सूत्रों ने बताया कि जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस बिल पर विस्तार से चर्चा करेगी और इस प्रक्रिया में अन्य हितधारकों से भी बातचीत करेगी। सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया में देशभर के बुद्धिजीवियों के साथ-साथ सभी राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों को भी बुलाया जा सकता है। इसके अलावा आम लोगों की राय भी ली जा सकती है क्योंकि आम सहमति के बिना मौजूदा चुनावी व्यवस्था को बदलना बेहद चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

जानकार बताते हैं कि एक राष्ट्र एक चुनाव₹ योजना को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने के लिए कम से कम छह विधेयक लाने होंगे और इसके लिए सरकार को संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत पड़ेगी। फिलहाल, एनडीए के पास संसद के दोनों सदनों में साधारण बहुमत ही है। ऐसे में संसद के किसी भी सदन में दो-तिहाई बहुमत हासिल करना सरकार के लिए एक कठिन काम हो सकता है। राज्यसभा की 245 सीटों में से एनडीए के पास 112 और विपक्षी दलों के पास 85 सीटें हैं। दो-तिहाई बहुमत के लिए सरकार को कम से कम 164 वोटों की जरूरत है।

### आम जनता से भी सुझाव लेगी

इसके अलावा, सरकार विभिन्न हितधारकों से भी विचार-मंतव्य करेगी। राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों, विशेषज्ञों, बौद्धिकों और नागरिक समाज के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सभी की राय ली जा सके। इसके साथ ही, सरकार आम जनता से भी सुझाव लेगी, ताकि फैसले में पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित की जा सके। बिल के प्रमुख पहलुओं, जैसे इसके लाभ और देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक प्रबंधन, पर गहन चर्चा की जाएगी। एक देश, एक चुनाव₹ को अक्सर एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जाता है, जो चुनावों के बार-बार होने वाली लागत और व्यवधान को कम करने में मदद करेगा।

# भारतीय नौसेना को मिला 'तुशिल'

खबर मन्त्र संवाददाता




**नयी दिल्ली/ मास्को।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सोमवार को रूस के कलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल (एफ 70) को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। श्री सिंह इन दिनों रूस की यात्रा पर हैं। उन्होंने इस अवसर पर तुशिल की कमीशनिंग को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का गौरवपूर्ण प्रमाण और भारत तथा रूस के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देश साझा मूल्यों, आपसी विश्वास और विशेष एवं रणनीतिक विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी से बंधे हैं। रक्षा मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण पर रूस के समर्थन को भारत और रूस के बीच गहरी दोस्ती का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, ह्लआईएनएस तुशिल सहित कई जहाजों में मेड इन इंडिया सामग्री लगातार बढ़ रही है। यह जहाज रूसी और भारतीय उद्योगों की सहयोगी क्षमता का बड़ा सबूत है। यह संयुक्त कौशल के माध्यम से तकनीकी उत्कृष्टता की ओर भारत की यात्रा का उदाहरण है। भारत और रूस की नौसेनाओं के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच समग्र रूप से बढ़ते संबंधों के तहत तकनीकी और परिचालन सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारी नौसेना ने विभिन्न हॉटस्पॉट में समुद्री डकैती, हथियार , ड्रग तस्करों और गैर-सरकारी तत्वों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। ओमान की खाड़ी से लेकर अदन की खाड़ी तक, स्वेज से लेकर मलक्का तक और ऑस्ट्रेलिया से लेकर मेडागास्कर तक, भारतीय नौसेना आईओआर में शुद्ध सुरक्षा प्रदाता की आवश्यक भूमिका निभा रही है। भारत, अपने मित्र देशों के साथ, यह सुनिश्चित करने में विश्वास करता है कि क्षेत्र में समुद्री व्यापार सुरक्षित और संरक्षित रहे, जिससे समुद्र के पार निर्बाध व्यापार को बढ़ावा मिले।

श्री सिंह ने कहा कि सबसे पहले कार्रवाई करने वाले बल के रूप में भारतीय नौसेना क्षेत्र में अपने मित्रों को त्वरित और समय पर मानवीय सहायता तथा आपदा राहत प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने इस दृष्टिकोण को भारत की समुद्री नीति की रीढ़ बताया, जिसका उद्देश्य हिन्द महासागर में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना है।

# महिलाओं को सशक्त बना रही है मोदी सरकार : सीतारमण

एजेंसी



**पानीपत।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र की मोदी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है और अब उसका प्रभाव दिखने लगा है। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना के शुभारंभ और करनाल में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के लिए आधारशिला रखे जाने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालते ही देश की आधी आबादी के हक में काम करना शुरू कर दिये थे। कार्यक्रम में श्री मोदी के साथ ही हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, राज्य के मुख्यमंत्री नबाब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और कृष्ण पाल गुर्जर भी मौजूद थे। उन्होंने 10 वर्षों में शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के महिलाओं को सशक्त बनाना होगा और मोदी सरकार महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के बजट में महिलाओं के लिए 3.3 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान किए गए हैं।

# राष्ट्रपति मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करेंगी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल यहां मानवाधिकार दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करेंगी।मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकार को अपनाया था और इसकी सर्वव्यापी घोषणा की थी। यह मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वैश्विक निर्देश चिन्ह (बेंचमार्क) के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानवाधिकार दिवस को दुनिया भर के विभिन्न हितधारकों के लिए अपने कार्यों और जिम्मेदारियों पर विचार करने के अवसर के रूप में देखता है। मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा इस सिद्धांत को दर्शाती है कि सभी मनुष्य स्वतंत्र और समान पैदा होते हैं, उन्हें जीवन, स्वतंत्रता और सुरक्षा, कानून के समक्ष समानता और विचार, विवेक, धर्म, राय तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है।

# राजनीतिक विरोधियों से बदला नहीं लेंगे: ट्रम्प

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह पदभार ग्रहण करने के बाद अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला नहीं लेंगे। श्री ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं अतीत में वापस नहीं जाना चाहता... प्रतिशोध सफलता के माध्यम से होगा। श्री ट्रम्प ने 2021 के कैपिटल दंगे में उनकी कथित भूमिका की जांच का नेतृत्व करने वाले अमेरिकी विशेष वकील जैक स्मिथ को बहुत भ्रष्ट बताया और कहा कि 06 जनवरी के हमले की जांच करने वाली समिति के सदस्य राजनीतिक गुंडे थे जिन्हें जेल जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने कहा कि वह विशेष रूप से एफबीआई और न्याय विभाग से उन्हें दंडित करने के लिए नहीं कहेंगे हालांकि उनका मानना है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इसकी जांच करनी चाहिए। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने गैर-दस्तावेज प्रवासियों के सामूहिक निर्वासन को अंजाम देने और जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने की अपनी योजनाओं की पुष्टि की। यह एक संवैधानिक प्रावधान है जो अमेरिका में पैदा हुए सभी बच्चों को उनके माता-पिता की राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना अमेरिकी नागरिकता की गारंटी देता है। श्री ट्रम्प ने 06 जनवरी, 2021 के विरोध प्रदर्शन में अपनी भूमिका के लिए संघीय अपराधों के दोषी लोगों को माफ करने का भी वादा किया। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि उनमें से कई जेलों में दुर्व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने कहा, ये लोग नरक में रह रहे हैं। निर्वाचित राष्ट्रपति ने कसम ली कि जिस दिन वह पदभार ग्रहण करेंगे उसी दिन माफी जारी की जाएगी। श्री ट्रम्प पर भी 06 जनवरी, 2021 को कैपिटल दंगे से संबंधित आरोप लगे थे, जब उनके समर्थकों ने इमारत पर धावा बोला था और कांग्रेस की कार्यवाही को बाधित किया था।

# दिलजीत के कॉन्सर्ट में शामिल होकर बेटी के साथ मुंबई लौटीं दीपिका

**अभिनेत्री** दीपिका पादुकोण हाल ही में बेंगलुरु में दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में शामिल हुईं। उनकी तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल हुए। मां बनने के बाद दीपिका पहली बार किसी पब्लिक इवेंट में नजर आईं। उन्होंने कॉन्सर्ट में दिलजीत के लोकप्रिय गानों पर धमाल मचाया। कॉन्सर्ट के दो दिन बाद दीपिका मुंबई वापस आ गई हैं। दीपिका पादुकोण लंबे समय तक एक गृहिणी थीं। आखिरकार वह अपनी प्यारी बेटी दुआ के साथ मुंबई लौट आई हैं। मुंबई के एक प्राइवेट एयरपोर्ट पर वह बेटी के साथ पैपराजी के कैमरे में कैद हुईं। पैपराजी ने इंस्टाग्राम पर दीपिका का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में दीपिका लाल रंग की ड्रेस पहनकर बेटी के साथ कार में बैठी नजर आ रही हैं।



दीपिका और उनकी बेटी दुआ का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

वीडियो पर फैन्स जमकर लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं। इस वीडियो में दुआ और दीपिका पहली बार साथ नजर आए थे।

# देश गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है : धनखड़

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि जब देश गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा हो तो सदन को लोगों को प्रेरित करने के लिए एकजुट आवाज उठानी चाहिए ताकि इन ताकतों को पराजित किया जा सके। श्री धनखड़ ने सदन में अमेरिकी निवेशक जार्ज सोरोस पर जारी हंगामा के बीच कहा कि देश में नकारात्मक एजेंडा बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस तरह की साजिशों को बर्दाश्त या अनदेखा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा , डीप स्टेट की कार्यप्रणाली पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यह हमें कोविड बीमारी से भी अधिक नुकसान पहुंचाती है। इस पर पूरे देश को एक स्वर में बोलने की जरूरत है। देश को बड़े पैमाने पर लोगों को एक दिशा देनी चाहिए ताकि भारत के सभी दुश्मनों को एक सबक मिले कि वे कभी भी हमारी अखंडता, हमारी संप्रभुता को चुनौती देने और हमारी प्रगति में बाधा डालने का दुस्साहस न करें। उन्होंने सदस्यों से कहा, हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए कि लोगों की संसद में अधिक रुचि हो क्योंकि अगर संसद में संवाद आम लोगों की भावनाओं को साझा नहीं करेगा तो संसद अप्रासंगिक हो जाएगी। संसद के लिए ऐसी गंभीर चुनौतियों पर चर्चा करना मौलिक है, जिनका सामना देश कर रहा है। सभापति ने दोनों पक्षों के सदस्य से आत्मचिंतन करने का का आह्वान करते हुए कहा , उन्हें शपथ लेनी होगी और देश के सामने एक उदाहरण पेश करना होगा कि हम पहले भारतीय हैं, हमारे लिए राष्ट्र सबसे पहले है। राष्ट्रवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता शत-प्रतिशत होनी चाहिए।

हम अपनी राष्ट्रीयता को कम नहीं होने देंगे। हम अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए किसी भी चुनौती को बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री धनखड़ ने कहा , यह हमारे अस्तित्व को चुनौती है। हम एक राष्ट्र के रूप में इन भयावह ताकतों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये ताकतें भारत की शत्रु हैं।

# धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस तथा इंडिया समूह राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया है कि विपक्ष राज्यसभा की कार्यवाही के संचालन में सभापति के कथित पक्षपातपूर्ण व्यवहार से क्षुब्ध है। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया समूह के दल भी इस मामले में एकजुट नजर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 67 सदस्यों की आवश्यकता है और इस मुद्दे पर इंडिया समूह के 70 से अधिक सदस्य प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। उनका कहना है कि पूरे गठबंधन में अविश्वास प्रस्ताव लाने का मन बन गया है। सूत्रों ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी तथा तृणमूल कांग्रेस भी साथ आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि आज इंडिया समूह के घटक दलों ने राज्यसभा में जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर हंगामे के दौरान सभापति धनखड़ के रुख पर नाराजगी जताई थी। कांग्रेस के नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने संसद भवन परिसर में कहा कि पीठ की ओर से उन्होंने ऐसा पक्षपात नहीं देखा है।

# पहले हिन्दुओं की रक्षा और धर्मस्थलों की सुरक्षा करें तय

### ढाका पहुंचे विदेश सचिव की खरी-खरी



**ढाका।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर बढ़ते हमलों के बीच पहली बार विदेश सचिव विक्रम मिसरी बातचीत के लिए ढाका पहुंचे हैं। ढाका पहुंचते ही उन्होंने बांग्लादेश को दो टूक लहजे में कहा है कि सबसे पहले हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा तय करनी होगी। उन्होंने अपने समकक्ष के सामने सख्ती से ये मुद्दा उठाया। विदेश सचिव मिसरी ने बांग्?लादेश के विदेश सलाहकार से कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और साझा हित चाहता है, इसलिए बांग्लादेश को भी उसी तरह का व्यवहार करना चाहिए। अपनी उच्च स्तरीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मिसरी ने कहा, मैंने आज बांग्लादेश प्राधिकरण की अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है।₹ दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को ढाका में अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक की। अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा है।

### आप कब्जा करेंगे तो हम क्या लॉलीपॉप खाते रहेंगे : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश को सख्त नसीहत दी है और दो टूक लहजे में कहा है कि आप अगर हमारे क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे तो हम क्या चुपचाप बैठकर लॉलीपॉप खाते रहेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल विधानसभा में बांग्लादेशियों को जमकर फटकार लगाई और सख्त लहजे में कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर गंभीर चिंता जताई। ममता बनर्जी ने आज विधानसभा में कहा, किसी ने कलकत्ता पर कब्जा करने की बात कही। कुछ ने फिर से पश्चिम बंगाल, बिहार और ओडिशा की वापसी की मांग करने की धमकी दी है। अगर कोई कोलकाता या बंगाल पर कब्जा करने आएगा तो राज्य सरकार चुप नहीं बैठेगी और लॉलीपॉप नहीं खाती रहेगी। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि भारत अभिन्न है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें बांग्लादेश की राजनीति को लेकर ना कोई सिरदर्द है और न कुछ लेना-देना। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि हम दंगा नहीं, शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा, ₹यह उत्तर प्रदेश नहीं है कि मैं आपको बैन कर दूं लेकिन मैं आपसे अपील करती हूं कि यहां सही तरीके से रहिए। कुछ फर्जी वीडियो वायरल किए जा रहे हैं।